WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

बिलासपुर, गुरुवार, 16 अक्टूबर 2025 | कृष्ण पक्ष- दशमी, | विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 | अंक- 182 | पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

कहते हैं न कि एक्सप्रेस ट्रेन छूट जाये तो मजबूरी में पैसेन्जर ट्रेन की सवारी करनी पड़ती है। कुछ ऐसा ही हाल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का हुआ है। जो ख्वाहिशमंद तो कुर्सी के थे लेकिन अब उन्हें स्टूल से काम चलाना पड़ेगा। कथित सीजफायर विशेषज्ञ खुद को शांति का मसीहा समझने का मुगालता पाले बैठे थे किन्तु उन्हें शांति का नोबेल पुरस्कार नहीं मिला। अब हमास के साथ संघर्ष विराम कराने के लिए इजरायल ने ट्रंप को अपने देश का सर्वोच्च सम्मान देने की घोषणा की है। चलो अच्छा ही हुआ। भागते भूत की लंगोटी तो हाथ लगी।

सीएम फडणवीस के सामने नक्सल कमांडर भूपति ने डाले हथियार

सीएम देवेंद्र फडणवीस की मौजूदगी में 61 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

गढ़चिरौली/मोहला/ मानपुर/ नवप्रदेश। मंगलवार को नक्सल नेता सोनू उर्फ भूपति अपने 61 साथियों के साथ गढ़चिरौली पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया था। वहीं इनके समर्पण के लिए महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में एक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान महाराष्ट्र के सीएम देवेन्द्र फडणवीस के सामने नक्सल नेता सोनू उर्फ भूपति 56 हथियार और अपने साथियों के साथ सरेंडर किया।

दरअसल, महाराष्ट्र सरकार ने गढ़चिरौली में समर्पण करने वाले सभी नक्सलियों के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया। जहां पर नक्सल लीडर सोनू उर्फ भूपति ने अपने 61 साथियों के साथ सीएम देवेन्द्र फडणवीस की मौजूदगी में सरेंडर कर दिया। बता दें कि, संघर्ष विराम को लेकर सोनू उर्फ भूपति द्वारा जारी प्रेस नोट के बाद संगठन में दरार पड़ी थी। नक्सल संगठन ने सोनू और उनके साथियों से हथियार छीनने के लिए पीएलजी को निर्देश दिए थे।

नक्सलवाद के खिलाफ एकजुट होकर करेंगे काम – देवेंद्र फडणवीसः नक्सली कमांडर मल्लोजुला वेणुगोपाल राव उर्फ भूपति ने 60 नक्सलियों के साथ आज महाराष्ट्र ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

कांकेर में कंपनी नंबर 5 राजू सलाम सहित पूरी टीम ने किया सरेंडर

कांकेर/नवप्रदेश। नक्सलियों के कांकेर जिले से बड़े कैडर के समर्पण की खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि, राजू सलाम ने अपनी टीम के साथ सरेंडर कर दिया है। राजू कंपनी नंबर 5 का लीडर है, राजू के साथ कई बड़े लीडर कामतेड़ा कैम्प पहुंचे जहां पर उत्तर बस्तर के टॉप लीडर राजू सलाम, नक्सल कमांडर प्रसाद, मीना समेत बड़ी संख्या में माओवादियों ने सरेंडर कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, ये बड़े नक्सली नेता एसपी आईजी स्तर के अधिकारियों के संपर्क में था। तीन बसों में 60 से अधिक नक्सलियों को बीएसएफ कैंप लाया गया है। नक्सलियों की कंपनी नंबर 5 का सरेंडर, उत्तर बस्तर का सबसे बड़ा लीडर राजू सलाम, कमांडर प्रसाद, ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

सुकमा में 27 नक्सलियों का सरेंडर

- इनमें 10 महिलाएं, इन पर कुल 50 लाख रुपये का था ईनाम
- 27 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

सुकमा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में इन दिनों सुरक्षाबलों की कार्रवाई से नक्सल संगठनों में खलबली मची हुई है। जिसके चलते नक्सली दहशत में आकर हथियार डाल रहे हैं। वहीं एक बार फिर सुकमा जिले में नक्सल मोर्चे पर सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। यहां पर 27 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, सभी पर कुल 50 लाख के ईनाम था। आत्मसमर्पित नक्सलियों में 10 महिला और 17 पुरुष नक्सली शामिल है। वहीं मंगलवार को नक्सल नेता सोनू उर्फ भूपति अपने 61 साथियों के साथ गढ़चिरौली पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया था। उसने अपने साथ 50 हथियार भी सरेंडर कियें हैं। भूपति बड़े कैडर का नक्सली था। ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

5 लाख की ईनामी नक्सली गीता ने किया आत्मसमर्पण

कोण्डागांव जिले में में सक्रिय 5 लाख की इनामी महिला नक्सली गीता उर्फ कमली सलाम ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है. पूर्वी बस्तर डिवीजन की टेलर टीम कमांडर रही गीता ने पुलिस अधीक्षक वॉय अक्षय कुमार (भा.पु.से.) के समक्ष आत्मसमर्पण किया। गीता पर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 5 लाख रुपये का इनाम घोषित था. पुलिस के अनुसार, लगातार चल रहे नक्सल विरोधी अभियानों, संगठन के अंदर बढ़ते मतभेद और वरिष्ठ नेताओं के आत्मसमर्पण से प्रेरित होकर उसने मुख्यधारा में लौटने का फैसला किया। महिला नक्सली ने बताया कि शासन की विकास योजनाओं, सड़कों और मोबाइल नेटवर्क के विस्तार, बिजली-पानी की उपलब्धता और ग्रामीणों तक पहुँच रही जनकल्याणकारी योजनाओं ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

सीजीपीएससी घोटाला: हाईकोर्ट ने पूछा- अब तक जांच अधूरी क्यों?

- सरकार से सवाल- 37 चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति क्यों नहीं हुई; स्टेटस रिपोर्ट मांगी

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग भर्ती के मामले में राज्य सरकार की अपील पर हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने इस मामले में अन्य उम्मीदवारों और अधिकारियों की भूमिका पर राज्य सरकार से स्टेटस रिपोर्ट देने को कहा है। साथ ही टिप्पणी करते हुए कहा कि पीएससी ने जिन लोगों को चुना, वे आज भी डेडलॉक की स्थिति में हैं। डिवीजन बेंच ने संबंधित सभी अपीलों को एक साथ सुनवाई के लिए प्रस्तुत करने को कहा है।

दरअसल, सीजी-पीएससी 2021 में हुई गड़बड़ी को लेकर सिंगल बेंच के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार ने डिवीजन बेंच में अपील की है। मंगलवार को सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट में बताया गया कि परीक्षा नियंत्रक को हाल ही में गिरफ्तार किया गया है। इस पर हाईकोर्ट ने पूछा कि इसके बाद भी जांच अधूरी क्यों है? हाईकोर्ट यह भी पूछा कि चयन होने के बाद भी जब 37 उम्मीदवारों को अब तक

हाईकोर्ट को यह बताना होगा

- किन-किन उम्मीदवारों के खिलाफ चार्जशीट दायर हुई है।
- कितने पर जांच लंबित है।
- आयोग के कौन-कौन से अधिकारी जांच के दायरे में हैं।
- घोटाले में 7 आरोपी हो चुके हैं गिरफ्तार

नियुक्ति आदेश क्यों जारी नहीं हुए, उन्हें अनिश्चितता में क्यों रखा गया है?

17 उम्मीदवारों की जांच चल रहीः चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा व जस्टिस बीडी गुरु की बेंच में सुनवाई के दौरान सीबीआई ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

परीक्षा रद्द करने पर पुनर्विचार क्यों नहीं?

इसके साथ राज्य सरकार के यह बताने पर कि अंतिम समय में पेपर लीक हुआ था, हाईकोर्ट ने कहा कि अगर ऐसा हुआ है तो परीक्षा पर पुनर्विचार करना चाहिए। लेकिन जब तक जांच पूरी नहीं होती, तब तक उम्मीदवारों को क्यों लटकाया जा रहा है।

"महाभारत' के कर्ण फेम पंकज धीर का निधन

मुंबई (आईएएनएस)। मशहूर अभिनेता पंकज धीर का बुधवार सुबह निधन हो गया। उन्हें बीआर चोपड़ा के आइकॉनिक टीवी सीरियल 'महाभारत' में कर्ण का किरदार निभाने के लिए दुनियाभर में पहचान मिली। उनकी मौत की खबर की पुष्टि उनके सह-कलाकार और 'महाभारत' में अर्जुन बने फिरोज खान ने अपने सोशल मीडिया पर की। उन्होंने इंस्टाग्राम पर श्रद्धांजलि देते हुए लिखा, एक सज्जन व्यक्ति ने दुनिया को अलविदा कह दिया। आपकी बहुत याद आएगी दोस्त पंकज धीर। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पंकज धीर का देहांत 15 अक्टूबर को सुबह 11:30 बजे हुआ। बताया जा रहा है कि वह लंबे अरसे से कैंसर का इलाज करा रहे थे, जिसके चलते उनका देहांत हुआ है। वह इससे जंग जीत चुके थे, लेकिन कुछ महीने पहले यह फिर से फैल गया। इस दौरान उनकी एक बड़ी सर्जरी भी हुई थी। पंकज धीर के निधन से इंडस्ट्री और फैंस गहरे शोक में डूबे हैं।

भारत-इंडोनेशिया की नौसेनाओं के बीच 'समुद्र शक्ति अभ्यास

नयी दिल्ली (वार्ता)। भारत और इंडोनेशिया की नौसेनाएं विशाखापत्तनम में चार दिन के संयुक्त द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास 'समुद्र शक्ति - 20256 में एक दूसरे के साथ समुद्री रण कौशल के गुर और अनुभव साझा कर रही हैं। दोनों नौसेनाओं के बीच इस अभ्यास का पांचवां संस्करण मंगलवार को शुरू हुआ जो शुक्रवार तक चलेगा। अभ्यास में भारत की ओर से पूर्वी नौसेना कमान के बेड़े का पनडुब्बी रोधी युद्धपोत आईएनएस कवरत्ती और एक पोत (एक एकीकृत हेलीकॉप्टर के साथ) हिस्सा ले रहा है जबकि इंडोनेशियाई नौसेना का प्रतिनिधित्व उसका युद्धपोत केआरआई जॉन लाइ कर रहा है।

राष्ट्रीय सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर मंथन करेगी नौसेना

नई दिल्ली (आईएएनएस)। भारतीय सैन्य बल साइबर खतरों से निपटने और उनके प्रति सजग रहने को लेकर विशेष सतर्कता बरत रहे हैं। इसी क्रम में भारतीय नौसेना एक महत्त्वपूर्ण संगोष्ठी आयोजित करने जा रही है। इस संगोष्ठी का उद्देश्य समुद्री क्षेत्र में बढ़ते साइबर खतरों की गहन समझ विकसित करना है। इसके साथ ही विभिन्न हितधारकों के बीच सहयोग को सुदृढ़ कर राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा ढांचे को और अधिक मजबूत बनाना भी इस पहल का उद्देश्य है।

चैतन्य 14 दिन की रिमांड पर, जेल में मनेगी दिवाली

रायपुर /नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ के शराब घोटाला मामले में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की रिमांड अवधि बढ़ा दी गई है। कोर्ट ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। ऐसे में साफ है कि इस बार चैतन्य बघेल की दिवाली जेल में ही मनेगी। उनकी रिमांड अवधि खत्म होने के बाद बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उन्हें रायपुर में एसीबी-ईओडब्ल्यू की स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने चैतन्य बघेल को 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने का आदेश दिया है। अब वो 14 दिन यानि 29 अक्टूबर तक जेल में ही रहेंगे।

शराब घोटाले से 16.70 करोड़ मिले

ईडी के वकील सौरभ पांडेय ने बताया कि चैतन्य बघेल को इस शराब घोटाले से 16.70 करोड़ रुपये की आय प्राप्त हुई थी। उन्होंने अपनी रियल एस्टेट फर्मों का इस्तेमाल इस धनराशि को आपस ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

खेती भी है इनकम का जरिया

भूपेश बघेल की दुर्ग जिले के कुरुदडीह गांव में खेत है। ऐसा कहा जाता है कि उनकी फैमिली के पास लगभग 100 एकड़ से ज्यादा की जमीन है, जिसमें खेती करते हैं। अक्सर पूर्व सीएम और चैतन्य बघेल अपने खेतों की फोटो शेयर करते रहते हैं। धान की खेती से अच्छी आमदनी होती है। रियल-ए- स्टेट के साथ ही चैतन्य पिता के साथ खेती भी करते हैं। दूसरी ओर शादी से पहले उनकी पत्नी बैंक में नौकरी करती थीं।

नीतिश ने चिराग की पांच सीटों समेत 57 उम्मीदवार उतारे, 4 की टिकट कटी

पटना/वार्ता। बिहार में विधानसभा चुनाव के लिए जेडीयू ने बुधवार को अपने 57 कैंडिडेट्स की पहली लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में जेडीयू ने 3 बाहुबलियों को टिकट दिया है। मोकामा से अनंत सिंह, एकमा से धुमल सिंह, कुचाएकोट से अमरेंद्र पांडेय को उतरा है। लिस्ट में एक भी मुस्लिम नाम नहीं है। 10 अनुसूचित जातियों के कैंडिडेट्स को उतारा है। लिस्ट में 6 मंत्री भी हैं। 4 महिलाओं को भी टिकट मिला है।

वहीं जदयू की पहली लिस्ट में 18 विधायकों को रिपीट किया गया है। 4 विधायकों का टिकट कटा है। 2020 में सबसे कम 12 वोटों से चुनाव जीते कृष्ण मुरारी शरण ऊर्फ प्रेम मुखिया को फिर से हिलसा से टिकट दिया गया है। 2025 के विधानसभा चुनाव में जेडीयू 101 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। राज्य पहले फेज के लिए 6 नवंबर को 121 सीटों पर वोट ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

भाजपा की दूसरी लिस्ट में 12 नाम, मैथिली को टिकट

बीजेपी ने बुधवार को 12 नामों की दूसरी लिस्ट जारी कर दी है। लोक गायिका मैथिली ठाकुर को अलीनगर से टिकट दिया है। वहीं बक्सर से पूर्व आईपीएस आनंद मिश्रा को उतारा गया है। मैथिली ठाकुर ने एक दिन पहले 14 अक्टूबर को ही बीजेपी जॉइन की थी। आनंद मिश्रा लोकसभा चुनाव लडऩे के लिए आईपीएस की नौकरी छोड़कर आए थे। उस वक्त बीजेपी ने टिकट ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

तेजस्वी ने राघोपुर से भरा नामांकन. परिवार भी रहा साथ

बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने बुधवार को राघोपुर विधानसभा क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। बड़ी संख्या में समर्थकों की भीड़ के बीच हाजीपुर समाहरणालय में नामांकन दाखिल करते समय तेजस्वी प्रसाद यादव के साथ उनके पिता लालू प्रसाद, मां राबड़ी देवी और बहन मीसा भारती भी मौजूद रहीं। तेजस्वी प्रसाद यादव यह चुनाव तीसरी बार राघोपुर ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा - गरम

एकता परेड-2025 | छत्तीसगढ़ की झांकी का एकता परेड-2025 में चयन

देश देखेगा बस्तर का विकास, पीएम-गृहमंत्री रहेंगे मौजूद

सीएम साय बोले- छग की संस्कृति पर गर्व

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय एकता दिवस (31 अक्टूबर) के अवसर पर गुजरात के एकता नगर (स्टैच्यू ऑफ यूनिटी) में होने वाली एकता परेड-2025 में इस बार छत्तीसगढ़ राज्य की झांकी शामिल की गई है। सीएम साय ने भी इसे बड़ी उपलब्धि बताते हुए गर्व जताया है। झांकी में यह दिखाया जाएगा कि जो बस्तर कभी संघर्ष और असमानता का प्रतीक था, आज वही क्षेत्र शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग और अधोसंरचना विकास के माध्यम से शांति और समृद्धि की नई पहचान गढ़ रहा है। गृह मंत्रालय की सूची में छत्तीसगढ़ के साथ-साथ जम्मू-कश्मीर, गुजरात, महाराष्ट्र, मणिपुर, उत्तराखंड, ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

सीएम बोले- राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का प्रदर्शन

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए जनसंपर्क विभाग की टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह चयन छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विविधता, लोक परंपरा और एकता के भाव की राष्ट्रीय स्तर पर पहचान है। उन्होंने कहा कि राज्य की झांकी 'एकता में विविधता की परंपरा को सजीव रूप में प्रदर्शित करेगी और यह पूरे देश को बस्तर की विकास यात्रा का प्रेरणादायी संदेश देगी।

पीएम-गृहमंत्री की मौजूदगी में दिखेगी राज्य की विकासगाथा

राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह इस झांकी को देखेंगे। यह आयोजन भारत की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक विविधता को एक मंच पर लाने का प्रतीक है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की झांकी प्रधानमंत्री मोदी के एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प को सशक्त बनाएगी और देश के सामने राज्य की समृद्ध विरासत, विकास यात्रा और सामाजिक एकता का उज्ज्वल उदाहरण पेश करेगी।

नक्सलियों का आत्मसमर्पण मील का पत्थर, 'डीजी कॉन्फ्रेंस' 28 से 30 नवंबर को: विजय शर्मा

रायपुर/नवप्रदेश। डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने 61 नक्सलियों के आत्मसमर्पण को मील का पत्थर बताया। उन्होंने इसका श्रेय केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को देते हुए कहा कि इससे समाज में सकारात्मक बदलाव आएगा। इस बार गौर करने वाली बात है कि नक्सलियों के खेमे से पोलित ब्यूरो के सदस्य ने भी मुख्यधारा में आने का फैसला किया, जिससे नक्सलियों के गिरोह को गहरी चोट पहुंची है।

'नक्सलवाद उन्मूलन' हमारी प्रतिबद्ध ः पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि इन नक्सलियों के पास 21 ऑटोमेटेड समेत 56 कुल

हथियार बरामद किए गए हैं। इस तरह से बड़ी संख्या में नक्सलियों ने मुख्य धारा का हिस्सा बनने का फैसला किया है, जिसका हम सभी लोगों को स्वागत करना चाहिए। आने वाले दिनों में इस सिलसिले में और ज्यादा तेजी देखने को मिलेगी। इससे समाज में सकारात्मक माहौल पैदा होगा। 'नक्सलवाद उन्मूलन को लेकर हमारी सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

बिहार विधानसभा चुनाव : एनडीए में रस्साकशी

चिराग पासवान से नाराज जीतनराम मांझी उनकी दो सीटों पर उतारेंगे अपने भी उम्मीदवार

पटना/ए.। बिहार में विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने अपने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है लेकिन राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के दलों के बीच सीटों के बंटवारे की गुत्थी अब तक पूरी तरह नहीं सुलझी है। एनडीए के घटक दल हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के नेता जीतनराम मांझी ने मंगलवार को चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी-रामविलास की दो सीटों पर अपने उम्मीदवार भी उतारने की बात कह दी। इससे एनडीए के अंदर सीटों को लेकर जारी कलह सतह पर उभर आई।

केंद्रीय मंत्री और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के नेता जीतनराम मांझी ने मंगलवार को मीडिया से बातचीत में चिराग पासवान का नाम लिए बगैर उनको निशाना बनाया। उन्होंने कहा कि, "उनका (नीतीश कुमार) गुस्सा जायज है। मैं उनके गुस्से से सहमत हूं। जब फैसला हो चुका है, तो जेडीयू को आवंटित सीटों पर कोई और अपना उम्मीदवार क्यों उतार रहा है?

उनकी बात से सहमत होते हुए मैं भी बोधगया और मखदुमपुर में अपने उम्मीदवार उतारूंगा। नीतीश कुमार के कदम से सहमत होते हुए मैं दो सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार रहा हूं। सूची तैयार है। उन्होंने कहा कि एनडीए बहुमत से जीतेगा।"

सीट बंटवारे से नीतीश कुमार भी नाखुश

सीट बंटवारे के बाद एनडीए के दलों के बीच नाराजगी बरकरार है। खबर है कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी बंटवारे से नाराज हैं। एनडीए में सीट बंटवारे के तहत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) को 101-101 सीटें मिली हैं। चिराग पासवान की एलजेपी (रामविलास) को 29 सीट मिली हैं। पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी की हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) और राज्यसभा सदस्य उपेन्द्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा को छह-छह सीटें मिली हैं। चिराग पासवान उनकी पार्टी को दी गई सीटों पर संतुष्ट नहीं हैं। वे उन सीटों पर भी अपने प्रत्याशी खड़े कर रहे हैं, जो जेडीयू को मिली हैं।

अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता

जीतनराम मांझी ने एलजोपी-आर के नेता और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की पार्टी के दबाव बनाने के सवाल पर कहा कि एक दल क्या कर लेगा। अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता।

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में सीटों का बंटवारा तय हो गया है, लेकिन चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोक जनशक्ति पार्टी-रामविलास के दावे अब भी बरकरार हैं। चिराग पासवान राजगीर, सोनबरसा और मोरवा विधानसभा सीटें चाहते हैं जबकि इन सीटों पर नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू के विधायक हैं और यह सीटें फिर से उन्हीं के हिस्से में आई हैं।

चिराग पासवान से नीतीश कुमार नाराज हैं। जीतनराम मांझी भी उनके रवैये से नाराज हो गए हैं और एलजेपी-रामविलास की दो सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारने की बात कह रहे हैं। बिहार विधानसभा चुनाव का पहला चरण 6 नवंबर को और दूसरा चरण 11 नवंबर को होगा। मतगणना 14 नवंबर को होगी।

अमित शाह से मुलाकात के बाद उपेंद्र कुशवाहा के बदले तेवर

❑ एनडीए की सरकार ज़रूर बनेगी, सभी सहयोगी दल हैं तैयार'

पटना/ए.। जीतन राम मांझी के बाद अब उपेंद्र कुशवाहा भी एनडीए में घमासान छोड़ शांति के रास्ते पर आते दिख रहे हैं। इसके पहले उपेंद्र कुशवाहा ने दिल्ली निकलते समय कहा था कि एनडीए में सबकुछ ठीक नहीं है। उनके इस बयान के बाद कई तरह के कयास लगाए जा रहे थे, जिनमें एनडीए छोड़ने का संभावित फैसला भी था। हालांकि अंत में ऐसी पटकथा नहीं लिखी गई।

बुधवार को उपेंद्र कुशवाहा की बंद कमरे में केंद्रीय राज्य मंत्री नित्यानंद राय के साथ गृहमंत्री अमित शाह के साथ बातचीत हुई। इस बातचीत के बाद उपेंद्र कुशवाहा के तेवर काफी बदले हुए दिखे। अब उनकी बातों में गर्मी की जगह नरमी ने ले ली थी। उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि 'हमने गृह मंत्री से मुलाकात की और इस मुद्दे पर चर्चा हुई। इस चर्चा के बाद, अब हमें उम्मीद है कि आगे कोई मुश्किल नहीं आएगी और बिहार में एनडीए की सरकार ज़रूर बनेगी। हर तरह से, एनडीए के सभी सहयोगी दल तैयार हैं।'

एनडीए की सरकार निश्चित रुप से बनेगी : उपेंद्र कुशवाहा

उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि 'पटना में सुबह ही कहा था कि गठबंधन के कंटेक्स्ट में कुछ इश्यू है, जिस पर विमर्श की जरुरत है। इसी विमर्श के लिए हम और नित्यानंद राय जी माननीय गृह मंत्री जी के यहां जा रहे हैं। इसके बाद हमलोग आए, माननीय गृह मंत्री (अमित शाह) जी के साथ मुलाकात हुई। उस इश्यू पर विमर्श हुआ और विमर्श के उपरांत अब हम उम्मीद करते हैं कि कोई कठिनाई आगे नहीं होगी। एनडीए की सरकार निश्चित रुप से बनेगी। हर तरह से एनडीए के घटक दलों के सभी लोग तैयार हैं।'

थम गया एनडीए में घमासान?

माना जा रहा है कि ह्ष्ठ में छिड़ा घमासान अब थम गया है। जीतन राम मांझी के बाद अब उपेंद्र कुशवाहा ने भी सुर बदल दिए हैं। लेकिन अब सबकी नजरें चिराग पासवान की तरफ जा टिकी हैं। क्योंकि उनकी डिमांडेड 5 सीटों पर जदयू ने उम्मीदवार उतार दिए हैं। अगर ऐसे में चिराग भी शांत रहते हैं तब ही ये तय हो सकता है कि एनडीएके अंदर मचा संग्राम थम गया है।

जदयू की पहली सूची में चार महिला प्रत्याशियों के नाम

पटना(आईएएनएस)। बिहार में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में शामिल जनता दल (यूनाइटेड) ने मिले 101 सीटों में से 57 क्षेत्रों के लिए अपने उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी। इस सूची में जदयू ने सभी जातियों को साधने की कोशिश की है। गौर करने वाली बात ये है कि जदयू की इस लिस्ट में इसमें एक भी मुस्लिम प्रत्याशी का नाम नहीं है, जबकि चार महिलाओं को टिकट थमाया गया है। जदयू ने मधेपुरा से कविता साहा को प्रत्याशी बनाया है, जबकि गायघाट से कोमल सिंह को, समस्तीपुर से अश्वमेघ देवी को, और विभूतिपुर से रवीना कुशवाहा को टिकट दिया गया है। कविता 2022 में मधेपुरा नगर परिषद की अध्यक्ष चुनी गई थीं। कोमल लोजपा से सांसद वीणा देवी की बेटी हैं, उनकी माता भी इस सीट से विधानसभा पहुंच चुकी हैं। 2009 के लोकसभा चुनाव में देवी उजियारपुर सीट से जीतीं थीं। रवीना विभूतिपुर सीट के पूर्व विधायक राम बालक कुशवाहा की दूसरी पत्नी हैं। इस सूची में एक भी मुस्लिम प्रत्याशी के नाम नहीं हैं, जबकि लव-कुश (कुर्मी और कोइरी) को साधने की कोशिश की गई है। इस सूची में 21 से ज्यादा कोइरी और कुर्मी समाज से आने वाले प्रत्याशी हैं। पार्टी ने मंत्री विजय कुमार चौधरी को एक बार फिर सरायरंजन से प्रत्याशी बनाया है, मंत्री श्रवण कुमार को नालंदा से और मंत्री सुनील कुमार को भोरे से चुनावी मैदान में उतारा है। मदन सहनी बहादुरपुर से चुनावी मैदान में उतरेंगे। इससे पहले भाजपा ने मंगलवार को अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी, जबकि हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा ने भी अपने खाते की सभी छह सीटों पर प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। इस बीच महागठबंधन में अब तक सीटों के बंटवारे को लेकर स्थिति साफ नहीं हो सकी है। दीगर बात है कि महागठबंधन के कई प्रत्याशी बुधवार को नामांकन का पर्चा दाखिल कर रहे हैं। इस बार बिहार विधानसभा चुनाव में पहले चरण के तहत 6 नवंबर को मतदान होगा, जबकि 11 नवंबर को दूसरे चरण का मतदान होना है। वहीं चुनाव के नतीजे 14 नवंबर को घोषित किए जाएंगे।

जनसुराज जीती तो भ्रष्ट-नौकरशाहों पर होगा एक्शन : प्रशांत किशोर

जनसुराज पार्टी की जीत की दिखेगा राष्ट्रव्यापी असर

पटना/ए.। जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने बुधवार को एलान किया कि वह आगामी बिहार विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि यह फैसला पार्टी ने उसके व्यापक हित में लिया है। प्रशांत किशोर ने कहा कि अगर जन सुराज पार्टी बिहार चुनाव जीतती है, तो इसका राष्ट्रव्यापी असर होगा। राष्ट्रीय राजनीति की दिशा बदल जाएगी। बुधवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि पार्टी ने फैसला किया है कि मैं विधानसभा चुनाव न लड़ूं, और इसी कारण राघोपुर से तेजस्वी यादव के खिलाफ हमने किसी और उम्मीदवार को मैदान में उतारा है। यह फैसला पार्टी के व्यापक हित में लिया गया है। अगर मैं चुनाव लड़ता, तो जरूरी संगठनात्मक कार्यों से मेरा ध्यान भटकता।

हम या तो भारी जीत दर्ज करेंगे या पूरी तरह हार जाएंगे

जब उनसे उनकी पार्टी की चुनावी संभावनाओं को लेकर सवाल किया गया, तो 48 वर्षीय प्रशांत किशोर ने कहा कि मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि हम या तो भारी जीत दर्ज करेंगे या पूरी तरह हार जाएंगे। मैंने पहले भी कहा है कि हमें या तो 10 से कम सीटें मिलेंगी या 150 से ज्यादा। बीच का कोई रास्ता नहीं है। जब उनसे पूछा गया कि अगर बिहार में त्रिशंकु विधानसभा बनती है, तो क्या जन सुराज एनडीए या इंडिया गठबंधन को समर्थन देगा, इस पर उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि त्रिशंकु जनादेश की कोई संभावना नहीं है। पीके ने यह भी कहा कि अगर हमें 150 से कम सीटें मिलती हैं। अगर जनसुराज को 120 या 130 सीटें भी आती हैं तो वह मेरी नजर में हार होगी। अगर हम अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो हमें बिहार को देश के 10 सबसे विकसित राज्यों में शामिल करने का जनादेश मिलेगा। लेकिन, अगर जनता ने हमारे ऊपर पर्याप्त भरोसा नहीं जताया। हम अपनी सड़क और समाज की राजनीति को आगे बढ़ाते रहेंगे।

बिहार में सत्ताधारी एनडीए की हार तय

जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने दावा किया कि बिहार में सत्ताधारी एनडीए की हार तय है। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अब सत्ता में वापस नहीं लौटेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा नेतृत्व वाले गठबंधन की सीटों और उम्मीदवारों को लेकर असमंजस की स्थिति से साफ है कि हालात उनके पक्ष में नहीं हैं। पीके ने दावा किया एनडीए की विदाई तय है और नीतीश कुमार अब दोबारा मुख्यमंत्री नहीं बनेंगे। पिछली विधानसभा चुनाव में चिराग पासवान ने चुनाव की घोषणा से कुछ दिन पहले ही बगावत कर दी थी और नीतीश कुमार की पार्टी के खिलाफ कई उम्मीदवार उतार दिए थे, जिनमें से अधिकांश प्रभावशाली नहीं थे, लेकिन इसका नतीजा यह हुआ कि जदयू की सीटें घटकर 43 पर आ गई थीं।

सरकार बनने के एक महीने के भीतर यह कानून बनाया जाएगा

प्रशांत किशोर ने कहा कि हमने बिहार को भू-माफिया, बालू माफिया और तमाम तरह के माफियाओं से मुक्त करने का वादा किया है। इसी दिशा में हमने छह बड़े वादे किए हैं, जिनमें फ़र्ज़ी शराबबंदी नीति को खत्म करना भी शामिल है। उन्होंने कहा कि सरकार बनने के एक महीने के भीतर एक कानून बनाया जाएगा, जिसके तहत 100 सबसे भ्रष्ट नेताओं और अफसरों की पहचान की जाएगी। मुझे पूरा यक़ीन है कि ये लोग अभी से पूजा-पाठ कर रहे होंगे कि हम सत्ता में न आएं। इन भ्रष्ट लोगों पर मुकदमा चलाया जाएगा और उनकी अवैध संपत्ति जब्त कर राज्य के खजाने में सरकार बनने के एक महीने के भीतर यह कानून बनाया जाएगाजमा की जाएगी, ताकि बिहार के विकास में उसका इस्तेमाल हो सके। यह वही विकास है जो इन लोगों की वजह से रुका पड़ा है।

इस बार बीजेपी ने मैदान में उतारे बोरो प्लेयर

पटना/ए.। आपने भी गली क्रिकेट खेला होगा, इसमें एक टर्म बार-बार आता रहा होगा कि फलां टीम तो (बोरो) बॉरो प्लेयर ले आई। बोरो प्लेयर माने उधार का खिलाड़ी, जो आपके मोहल्ले का नहीं होता, लेकिन खेलता आपकी तरफ से ही है।

बिक्रम सीट से सिद्धार्थ सौरव

बीजेपी ने पटना के बिक्रम विधानसभा से सिद्धार्थ सौरव को चुनावी जंग में उतारा है। सिद्धार्थ कांग्रेस की राजनीति को छोड़ कर आए हैं। और कुछ दिन पहले बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की है। उन्होंने 2024 के फ्लोर टेस्ट में महागठबंधन में रहते हुए नीतीश कुमार की एनडीए सरकार का साथ दिया था। हालांकि सिद्धार्थ दो बार कांग्रेस के टिकट से विधायक बने है। मजे की बात ये कि इस बार बिक्रम से उनके खिलाफ कभी बीजेपी में रहे अनिल कुमार कांग्रेस से ताल ठोक सकते हैं।

औरैया सीट से रमा निषाद

रमा निषाद पूर्व संसद अजय निषाद की पत्नी हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान अजय निषाद ने बीजेपी छोड़ कर राजद की सदस्यता ग्रहण की थी और चुनाव भी लड़े थे। इनकी घर वापसी हुई है।

सीतामढ़ी से सुनील कुमार पिंटू

बीजेपी ने सीतामढ़ी विधानसभा से इस बार पूर्व मंत्री सुनील कुमार पिंटू को चुनावी जंग में उतारा है। कुछ ही दिन पहले इन्होंने जदयू छोड़ कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। हालांकि सुनील कुमार पिंटू पहले बीजेपी में ही थे। ये सीतामढ़ी से साल 2005 से 2010 तक तीन बार विधायक रहे। हालांकि जदयू और बीजेपी में आना-जाना एक दोस्ताना रुख था।

गौरा-बौराम से सुजीत सिंह

बीजेपी ने इस बार गौरा-बौराम विधान सभा से सुजीत सिंह को उतारा है। इनकी पत्नी स्वर्णा सिंह वीआईपी छोड़ कर बीजेपी में आई थीं और वो पिछली विधानसभा चुनाव में विधायक भी चुनी गई थीं।

दिल्ली-एनसीआर में ग्रीन पटाखों की अनुमति

नई दिल्ली। दिवाली से पहले सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में ग्रीन पटाखों को लेकर बड़ा आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने पटाखों पर प्रतिबंध की शर्तों में ढील देते हुए 21 अक्तूबर तक ग्रीन पटाखों की इजाजत दे दी है। केंद्र और दिल्ली सरकार के संयुक्त अनुरोध को स्वीकार करते हुए मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने ग्रीन पटाखों पर प्रतिबंध में राहत दी। एससी ने अपने आदेश में सिर्फ नेशनल एन्वायरनमेंटल इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा प्रमाणित ग्रीन पटाखों की बिक्री और इस्तेमाल की अनुमति दी है।

नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई के आदेश

अदालत ने शर्तों के साथ ग्रीन पटाखे जलाने की अनुमति दी है। ये अनुमति 18 से 21 अक्टूबर तक के लिए है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा, हमें एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाना होगा, पर्यावरण के साथ समझौता किए बिना संयमित रूप से इसकी अनुमति देनी होगी। मुख्य न्यायाधीश ने आदेश का मुख्य भाग पढ़ते हुए कहा, पटाखों की दिल्ली-एनसीआर में तस्करी की जाती है और वे ग्रीन पटाखों से ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं।

एनडीए को इस बार 2010 से भी बड़ा बहुमत मिलेगा: संजय झा

पटना (आईएएनएस)। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने दावा किया है कि बिहार की जनता डबल इंजन सरकार के साथ है और इस बार हम साल 2010 से भी ज्यादा बहुमत से आएंगे और सरकार बनाएंगे। मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि जदयू उम्मीदवारों की पहली सूची जल्द ही जारी की जाएगी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का चुनाव प्रचार अभियान भी गुरुवार से शुरू होगा, जो समस्तीपुर और संभवतः दरभंगा से प्रारंभ होगा। उन्होंने एनडीए की एकजुटता पर जोर देते हुए कहा कि पूरा एनडीए नीतीश कुमार के नेतृत्व में एकजुट है।

राजद ने शहाबुद्दीन के बेटे पर खेला बड़ा दांव

पटना/ए.। एक वक्त कहा जाता था कि लालू के बिना शहाबुद्दीन नहीं और शहाबुद्दीन के बिना लालू नहीं। वक्त ने करवट ली और वीभत्स तेजाब कांड में जेल में बंद शहाबुद्दीन की मौत हो गई। इसके बाद उनकी पत्नी हिना शहाब ने राजद पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए अलग राह थाम ली। लेकिन ये बात कहीं न कहीं लालू को कचोट गई थी। लिहाजा बिहार विधानसभा चुनाव में उन्होंने भूल सुधार कर ली। लालू प्रसाद यादव ने जिन कैंडिडेट को सिंबल दिए हैं, उनमें शहाबुद्दीन के बेटे का नाम भी शामिल है। दिवंगत पूर्व सांसद शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा शहाब को राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने पार्टी सिंबल देकर राजद के टिकट के चुनाव लड़ने की हरी झंडी दिखा दी है। लेकिन ओसामा सिवान से नहीं बल्कि कहीं और से चुनाव लड़ेंगे।

शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा शहाब को लालू प्रसाद यादव ने खुद सिंबल दिया। इसकी गवाही ताजा तस्वीर भी दे रही है। लेकिन उम्मीद के उलट ओसामा शहाब सिवान से विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे।

बिहार चुनाव

चुनाव में धनबल के इस्तेमाल पर निर्वाचन आयोग सख्त

❑ तीन दिन में 33.97 करोड़ जब्त; खर्च पर पैनी नजर

नई दिल्ली/ए.। बिहार विधानसभा चुनाव और सात राज्यों की आठ विधानसभा में होने वाले उपचुनाव को लेकर चुनाव आयोग सख्त है। चुनाव के दौरान पैसों के दुरुपयोग और मतदाताओं को प्रभावित करने के प्रयासों पर रोक लगाने के लिए निर्वाचन आयोग ने बड़ा कदम उठाया है। आयोग ने सभी विधानसभा क्षेत्रों में व्यय पर्यवेक्षकों की तैनाती की है। जो उम्मीदवारों के चुनावी खर्च पर पैनी नजर रखेंगे।

आगामी चुनावों में धनबल, मुफ्तखोरी के साथ-साथ नशीली दवाओं, नशीले पदार्थों और शराब के इस्तेमाल पर अंकुश लगाने के लिए आयोग ने दो चरणों में होने वाले बिहार विधानसभा चुनावों और 8 विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनावों के लिए सभी प्रवर्तन एजेंसियों को निर्देश जारी किए हैं। एक बयान में चुनाव आयोग ने कहा कि उम्मीदवारों द्वारा किए जाने वाले चुनावी खर्च की निगरानी के लिए व्यय पर्यवेक्षकों को पहले ही तैनात कर दिया गया है और वे चुनाव की अधिसूचना के दिन अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में पहुंच गए हैं।

तीन दिन में 33.97 करोड़ जब्त

चुनाव आयोग ने कहा, अपने दौरे के दौरान वे व्यय निगरानी में लगी सभी टीमों से मिलेंगे। उड़न दस्ते, निगरानी दल, वीडियो निगरानी दल मतदाताओं को लुभाने के लिए धनबल या अन्य प्रलोभनों के किसी भी संदिग्ध मामले पर नजर रखने के लिए चौबीसों घंटे सतर्क रहेंगे। इसी के साथ चुनाव आयोग ने बताया कि चुनाव की घोषणा के बाद से विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों ने कुल 33.97 करोड़ रुपए की नकदी, शराब, ड्रग्स और मुफ्त सामान जब्त किया है।

एनडीए में सीट बंटवारा

इससे पहले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने बिहार चुनावों के लिए अपनी सीट-बंटवारे की घोषणा की। भाजपा और जेडीयू 101-101 सीटों पर, लोजपा (रामविलास) 29 सीटों पर, राष्ट्रीय लोक मोर्चा छह सीटों पर और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) छह सीटों पर चुनाव लड़ने जा रही है। बता दें कि बिहार चुनाव में एनडीए का मुकाबला राजद के तेजस्वी यादव के नेतृत्व वाले इंडिया ब्लॉक, कांग्रेस, दीपांकर भट्टाचार्य के नेतृत्व वाली सीपीआई (एमएल), सीपीआई, सीपीएम और मुकेश सहनी की विकासशील इंसान पार्टी से होगा। वहीं इस बार बिहार में प्रशांत किशोर और उनकी पार्टी जन सुराज पार्टी के रूप में एक नए खिलाड़ी की एंट्री भी देखने को मिल रही है।

बिहार की जनता एनडीए के साथ प्रशांत किशोर का कोई प्रभाव नहीं

पटना (आईएएनएस)। भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने जन सुराज प्रमुख प्रशांत किशोर पर निशाना साधते हुए बड़ा बयान दिया है। भंडारी ने कहा कि बिहार की राजनीति में प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज का कोई खास प्रभाव नहीं है और यही कारण है कि वे खुद चुनाव मैदान में उतरने से बच रहे हैं। प्रदीप भंडारी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए लिखा, प्रशांत किशोर जानते हैं कि उनकी पार्टी का जमीनी स्तर पर कोई प्रभाव नहीं है। यही वजह है कि वह खुद चुनाव लड़ने से इनकार कर रहे हैं। भंडारी ने आगे कहा कि जन सुराज, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस तीनों दल बिहार की मौजूदा जमीनी हकीकत से वाकिफ हैं। उनके मुताबिक, बिहार की जनता का झुकाव साफ तौर पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की ओर है।

अधीक्षण व कार्यपालन अभियंता सामूहिक प्रयास से लक्ष्य पूरा करें: अम्बष्ट

प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत अब तक 5969 आवेदन मिले, 628 उपभोक्ताओं को मिला सब्सिडी का लाभ

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, बिलासपुर क्षेत्र के अंतर्गत प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत अब तक 5 हजार 969 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 930 उपभोक्ताओं के यहां सोलर प्लांट स्थापित किए जा चुके हैं, जबकि 628 उपभोक्ताओं को उनकी सब्सिडी की राशि का भुगतान शासन द्वारा कर दिया गया है। योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए क्षेत्र के विभिन्न कार्यालयों में कार्यशालाएं और शिविरों का आयोजन लगातार किया जा रहा है।

कार्यपालक निदेशक ए. के. अम्बष्ट ने योजना के सफल और त्वरित क्रियान्वयन हेतु अधीक्षण अभियंताओं, कार्यपालन अभियंताओं एवं सोलर वेंडरों को निर्देशित किया है कि वे सम्मिलित प्रयासों से लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने विशेष रूप से उन उपभोक्ताओं को प्रोत्साहित करने पर बल दिया है, जिन्होंने पूर्व में पंजीयन कराया है, ताकि शीघ्र सोलर प्लांट स्थापना का कार्य पूरा हो सके। श्री अम्बस्ट ने बताया कि बिलासपुर रीजन में प्राप्त 5969 आवेदनों में से कोरबा वृत्त के 1395, बिलासपुर नगर वृत्त के 1526 तथा बिलासपुर (संचा./संधा.) वृत्त के 3048 उपभोक्ता सम्मिलित हैं। इनमें से 930 उपभोक्ताओं के घरों में सोलर प्लांट स्थापित किए जा चुके हैं और 628 उपभोक्ता शासन की सब्सिडी का लाभ प्राप्त कर चुके हैं। सोलर प्लांट स्थापना के सकारात्मक परिणाम भी सामने आने लगे हैं। बिलासपुर रीजन के 21 उपभोक्ताओं के बिजली बिल अब जीरो बिल में परिवर्तित हो गए हैं, जिससे योजना की सफलता और उपयोगिता स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। कार्यपालक निदेशक श्री अम्बष्ट ने बताया कि केंद्र सरकार के साथ ही राज्य सरकार द्वारा सब्सिडी की घोषणा करने के बाद पीएम सूर्यघर योजना में लोगों का रुझान बढ़ा है। इस योजना के तहत निःशुल्क बिजली लोगों को मिल रही है। हितग्राहियों को किसी तरह की समस्या न हो इसके लिए बैंकों में फाइनेंस सुविधा भी दी जा रही है। बिजली बिल की यूनिट में बढ़ोतरी और राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली बिजली बिल हॉफ योजना के स्लेब में परिवर्तन होने की वजह से भी उपभोक्ता पीएम सूर्यघर योजना का लाभ लेने आगे आ रहे हैं।

हड़ताल के नाम पर अनुपस्थिति होगी 'ब्रेक इन सर्विस'

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी में छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ-महासंघ द्वारा अपनी मांगों के समर्थन में हड़ताल किया जा रहा है जिसके संबंध में मुख्य अभियंता (मानव संसाधन) ट्रांसमिशन द्वारा परिपत्र जारी कर तीनों कंपनियों के विभाग प्रमुखों को तत्संबंध में दिशा-निर्देश दिये गये। मुख्य अभियंता ए.एम.परियल ने बताया कि कर्मचारियों द्वारा सामूहिक अवकाश या हड़ताल में भाग लेने की स्थिति में ऐसे अनधिकृत अनुपस्थिति के दिवसों का वेतन देय नहीं होगा तथा इस अवधि को 'ब्रेक इन सर्विस' माना जायेगा। ऐसे कृत्यों को प्रबंधन द्वारा कदाचरण की श्रेणी में गिना जाएगा और तत्संबंध में सिविल सेवा के प्रावधानों के अंतर्गत कार्रवाई की जायेगी। प्रबंधन ने यह भी परिपत्र जारी कर कहा है कि हड़ताल में शामिल होना और दूसरों को भाग लेने हेतु उकसाने के कृत्यों को दीर्घ दुराचरण की श्रेणी में माना जाता है तथा कर्मचारियों द्वारा ऐसे कृत्य किये जाने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। श्री परियल ने विभाग प्रमुखों को हड़ताल में शामिल होने वाले कर्मचारियों की जानकारी तथा कार्यवाही के संबंध में मानव संसाधन विभाग को सूचित करने के निर्देश दिये है। परिपत्र में कहा गया है कि कार्य प्रभावित न हो, ऐसी स्थिति के लिए सभी विभाग प्रमुखों को तैयार रहना होगा तथा उपलब्ध संसाधनों एवं कर्मियों से कार्यों का संचालन करना होगा। विद्युत विभाग अति आवश्यक सेवाओं में शामिल है जिसके सुचारू संचालन एवं जनहित में कार्य करने के लिए कर्मी संकल्पबद्ध रहे।

न्यूज गैलरी

क्रीड़ा प्रतियोगिता में पांच संभाग के 1060 खिलाड़ी ले रहे भाग

बिलासपुर/नवप्रदेश। 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ आज पुलिस ग्राउंड मैदान में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने किया। 15 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक होने वाले इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर से 14 से 19 वर्ष के बालक-बालिका भाग लेंगे। कबड्डी में 14, 17 वर्ष बालक-बालिका, बेसबॉल में 14,17 एवं 19 वर्ष बालक-बालिका, कराते में 14, 17 एवं 19 वर्ष के बालक-बालिका सहित प्रदेश के 5 संभाग से लगभग 1060 खिलाड़ी एवं लगभग 100 कोच प्रशिक्षक भाग लेंगे। कार्यक्रम में जिला पंचायत श्री सूर्यवंशी ने अपने ठेठ छत्तीसगढ़िया अंदाज में खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ महतारी के गोद एवं आंचल म छत्तीसगढ़ के पांचो संभाग ले आए मोर भाई-बहिनी, नोनी बाबू, शिक्षक और अधिकारी मन के मोर बिलासपुर जिला म स्वागत हे। जेन प्रकार ले हमार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर खेलो इंडिया के माध्यम से पूरा देश म खेल आऊ खिलाड़ी मन के उत्साह के बढ़ाए हे आऊ हमर प्रदेश के मुख्यमंत्री हर जऊंन सुशासन के जोत जलाए हे एखर ले हमर खिलाड़ी मन बहुत अच्छा प्रदर्शन करत हुए अपन आऊ हम सबके नाम ला रोशन करत हावय।

डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय की पुरुष कबड्डी टीम पहुंची खेलो इंडिया खेलो

ऑल इंडिया टूर्नामेंट में तमिलनाडु को सीवीआरयू की टीम ने किया पराजित

बिलासपुर/नवप्रदेश। डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय की पुरुष कबड्डी टीम ने खेलो इंडिया खेलो के लिए क्वालीफाई कर लिया है। विश्वविद्यालय की पुरुष कबड्डी टीम ने गलगोटिया विश्वविद्यालय नोएडा में आयोजित ऑल इंडिया टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए तमिलनाडु विश्वविद्यालय की टीम से 51/16 से जीतकर मैच अपने कब्जे में कर लिया।

इन विद्यार्थियों ने दिखाया जलवा

खिलाड़ियों में अजय मरावी, घनश्याम राठिया, अभय सिंह चौहान, दीपक जोशी, विशाल, राहुल यादव, दीप कुमार ,मूलचंद साहू, दीपक कुमार, रंजीत कुमार ,नितिन चौहान, साहिल सिंह ठाकुर, युवराज, शामिल हैं। इसी तरह कोच किशन चौधरी और प्रबंधक डॉ गणेश खांडेकर नोएडा में शामिल हुए।

इस संबंध में जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय की कुल सचिव डॉ अरविंद कुमार तिवारी ने बताया कि ईस्ट जोन कबड्डी टूर्नामेंट की मेजबानी डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय को मिली थी। यह टूर्नामेंट 6 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक विश्वविद्यालय में खेला गया। जिसमें 60 से अधिक विश्वविद्यालय में हिस्सा लिया था। इसमें 6 से लेकर 9 तारीख तक पुरुष वर्ग की कबड्डी टूर्नामेंट आयोजित किया गया, और 11 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक महिला वर्ग कबड्डी टूर्नामेंट आयोजित किया गया, जिसमें की महिला और पुरुष वर्ग में डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय ने ऑल इंडिया टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया। इसके बाद हमारी पुरुष कबड्डी टीम नोएडा के गलगोटिया विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले ऑल इंडिया टूर्नामेंट्स में शामिल हुई है। यह ऑल इंडिया टूर्नामेंट गलगोटिया विश्वविद्यालय नोएडा 13 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन मैच में से दो मैच जीत कर खेलो इंडिया खेलों में अपना स्थान सुनिश्चित कर दिया है। बहुत ही गर्व की बात है कि छत्तीसगढ़ राज्य से नोएडा में खेल कर हमारे विद्यार्थियों खिलाड़ियों ने विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। ऑल इंडिया टूर्नामेंट में तमिलनाडु विश्वविद्यालय को 51/16 से हराकर यह करिश्मा किया है। अब डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय की कबड्डी पुरुष टीम खेलो इंडिया खेलों के लिए अपनी दावेदारी सुनिश्चित कर चुकी है। गौरतलब है कि खेलो इंडिया खेलों में देश की 8 टॉप टीम में भाग लेगी।

टीसीआर धान अन्य किस्मों की तुलना में अधिक उपजाऊ: हसन

■ धान की किस्म विक्रम-टीसीआर पर प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन

बिलासपुर/नवप्रदेश। बीएआरसी-आईजीकेवी के सहयोग से विकसित धान की उत्परिवर्तित किस्म विक्रम-टीसीआर का लोकप्रियकरण और व्यापक प्रसार पर एक दिवसीय प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र, बिलासपुर द्वारा कृषि महाविद्यालय, बिलासपुर के सभागार में कृषि विज्ञान केन्द्र, बिलासपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक, डॉ. गीत शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में डॉ. पी.ए. हसन, निदेशक, जैव विज्ञान समूह, भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र, मुंबई ने कृषकों को विक्रम टीसीआर धान की किस्म के बारे में बताया कि यह किस्म धान की अन्य किस्मों की तुलना में अधिक उपज, रोगरोधी, कम अवधि तथा मध्यम ऊंचाई की है, जिससे कि फसल के गिरने की समस्या नहीं होती है। उन्होंने कहा कि धान की यह किस्म कई समस्याओं के समाधान के लिए बनाया गया है। डॉ. ए.डी. बलाल, प्रमुख, परमाणु कृषि और जैव प्रौद्योगिकी प्रभाग, बार्क, मुंबई ने कृषकों को बताया कि धान के अलावा अन्य दलहन एवं तिलहन फसलों के किस्मों के बीज भी तैयार किये जा रहे हैं जो आगामी समय में कृषकों को उपलब्ध होंगे। डॉ. बी.के. दास, प्रमुख, केन्द्रीय सुधार अनुभाग, बार्क, मुंबई ने कृषकों से अधिक से अधिक संख्या में विक्रम टीसीआर धान की किस्म का रकबा बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया।

सड़क पर सावधानी ही सुरक्षा, शराब और लापरवाही मौत की वजह: एएसपी करियारे

■ विद्यार्थियों व ग्रामीणों ने उत्साह के साथ किया रक्तदान

सीपत/नवप्रदेश। वैदिक महाविद्यालय, सीपत के रासेयो इकाई एवं सामाजिक संस्था के संयुक्त तत्वाधान में एक भव्य स्वैच्छिक रक्तदान एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विद्यार्थियों से लेकर ग्रामीणों तक ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया और दूसरों की जान बचाने के लिए 70 यूनिट रक्तदान किया। शिविर में स्वास्थ्य जांच, यातायात एवं साइबर सुरक्षा संबंधी जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। इस अवसर पर अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र धीवर, सीपत भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा, सीपत प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रदीप पांडेय, सीपत-बेलतरा इकाई श्रमजीवी पत्रकार संघ अध्यक्ष हरीश गुप्ता, लक्ष्मी साहू, यातायात एडिशनल एसपी रामगोपाल करियारे, ट्रैफिक मास्टर ट्रेनर उमाशंकर पांडेय, टीआई गोपाल सतपथी, साइबर एक्सपर्ट सतीश भारद्वाज, राघवेंद्र साहू, शत्रुघ्न धृतलहरे, एवं शैलू श्रीवास सहित उपस्थित रहे। यातायात एडिशनल एसपी रामगोपाल करियारे ने कहा कि यातायात की सावधानियां जीवन से जुड़ी होती हैं। युवा यदि आत्मविश्लेषण की भावना से काम करें तो समाज में अपराध और दुर्घटनाएं दोनों कम होंगी। आप पुलिस के आंख और कान हैं, हमारे सहयोगी हैं। नशे में वाहन चलाना और बिना हेलमेट चलाना आत्मघाती कदम है। सावधानी ही जीवन रक्षा का सबसे बड़ा उपाय है। ट्रैफिक मास्टर ट्रेनर उमाशंकर पांडेय ने कहा कि रक्तदान नहीं बल्कि जीवनदान दे रहे हैं आप सभी। यह मानवता की सबसे बड़ी सेवा है।

नियमों का पालन परिवार के प्रति जिम्मेदारी

टीआई गोपाल सतपथी ने कहा कि नियमों का पालन करना केवल कानून का पालन नहीं, बल्कि परिवार के प्रति जिम्मेदारी है। हर व्यक्ति को यातायात नियमों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। सड़क पर आपका अनुशासन ही किसी का जीवन बचा सकता है। जिपं सदस्य राजेंद्र धीवर ने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में समाजसेवा की भावना जगाते हैं। रक्तदान जैसे कार्य समाज में इंसानियत की मिसाल पेश करते हैं। मैं वैदिक महाविद्यालय परिवार और सभी विद्यार्थियों को बधाई देता हूँ जिन्होंने इसे सफल बनाया।

आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती प्रक्रिया, दावा-आपत्ति 24 तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। एकीकृत बाल विकास परियोजना तखतपुर अंतर्गत वार्ड क्रमांक 7 में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र 7-1 में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद की पूर्ति हेतु आवेदन मंगाए गए थे। प्राप्त आवेदनों की जांच कर अनंतिम सूची जारी कर दी गई है। जिसका अवलोकन एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय तखतपुर, नगर पालिका परिषद तखतपुर, आंगनबाड़ी केंद्र 7-1 में किया जा सकता है। जारी सूची के संबंध में दावा-आपत्ति 24 अक्टूबर तक प्रस्तुत किये जा सकते है।

अरपा कोलवाशरी को शासकीय जमीन आबंटन का विरोध

मस्तूरी/ नवप्रदेश। मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रलिया में अरपा कोल बैनिफिकेशन एंड एनर्जी एलएलपी को रास्ते के लिए शासकीय जमीन का आबंटन को लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ ग्रामीणों ने विरोध जताया है। अरपा कोल बैनिफिकेशन एंड एनर्जी एलएलपी द्वारा अपने आने जाने के लिए 28 डिसमिल शासकीय जमीन आबंटित करने की मांग की गई जिसे लेकर अतिरिक्त तहसीलदार ने आपत्ति दावा के लिए इश्तहार जारी किया था। जिसमे ग्रामीणों ने आपत्ति दर्ज करने प्रशासन के समक्ष शिकायत करने कल 14 अक्टूबर तथा आज 15 अक्टूबर को क्षेत्र के युवा वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ ग्रामीणों ने दावा आपत्ति प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत किया हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता मेघनाथ खांडेकर तथा विवेक शर्मा ने शिकायत करने के बाद कहा कि विनोद मित्तल द्वारा ग्राम रलिया, भिलाई एवं बेलटुकरी में खोले जाने वाले अरपा कोल वैनिफिकेशन एंड एनर्जी शासकीय भूमि खसरा नंबर 206, 28 डिसमिल को अपने निजी लाभ हेतु रास्ता बनाने एवं - कब्जा करना चाह रहा है। जो आम रास्ता नहीं शासकीय जमीन है एवं सरकारी भूमि पर कब्जा करना राजस्व सहिंता 1959 कि धारा 248 के तहत अपराध है भ्रष्टाचार है। अरपा कोल बैनिफिकेशन खोलने के संबंध में जनसुनवाई हुई जिसमें 95 प्रतिशत लोगों के द्वारा कोल वाशरी का विरोध किया गया था। क्षेत्र के वरिष्ठ नेता एवं जनप्रतिनिधियों के साथ ग्रामीणों एवं अन्य ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों का कहना है कि एनटीपीसी एवं अन्य संचालित कोल वाशरी यहां आसपास संचालित है।

रजत जयंती महोत्सव पर महिलाओं ने दी सांस्कृतिक नृत्य व गीत-संगीत की प्रस्तुति

बिलासपुर/नवप्रदेश।नवजीवन हास्य योग केंद्र के 25वीं स्थापना दिवस के रजत जयंती महोत्सव पर महिलाओं ने छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक नृत्य, गीत-संगीत की प्रस्तुति दी। शुलभा गुप्ता, कमला देवांगन ने नाटक सास-बहू व डॉ जे.पी. दुबे, आर.के. गेंदले, शिवप्रसाद साहू, सरोजनी गेंदले, बैजनाथ सैनी, आर.एन. पॉल ने नाटक मोर बैला जोड़ी का मंचन किया।

व्यापार विहार रोड स्थित मुरारका अतिथि भवन में आयोजित इस महोत्सव का शुभारंभ अतिथि महापौर पूजा विधानी एवं विशिष्ट अतिथि उमेश मुरारका ने दीप प्रज्जवलन कर किया। मंचस्थ अतिथियों के स्वागत उपरांत पूजा विधानी महापौर ने अपने उद्बोधन में कही कि गुड हेल्थ, नियमित योगा के साथ हमें पर्यावरण संतुलन में भी गम्भीरता से ध्यान देनी होगी । रजत जयंती के अवसर पर नवजीवन हास्य केंद्र के समस्त सदस्यों व महिला विंग को मैं हार्दिक शुभकामनाएं बधाई देती हूं। अध्यक्ष डीपी गुप्ता ने अपने केंद्र की गतिविधियों की जानकारी दी। इसके बाद मंदाकिनी दुबे, सविता लाल, शोभा चौहान, आरती गुप्ता, विभा शर्मा ने सरस्वती वंदना, बैजनाथ सैनी, सुब्रत मुखर्जी, अरविन्द दिवाकीर्ति, प्रवीण दामाणी, शेख रफीक, बी.पी.दुबे, जगदीश सलूजा, राकेश तिवारी, श्यामलाल शर्मा, मंजू शर्मा, अजय शर्मा ने गीत, शिल्पी मुखर्जी, प्रकाश टांक, संध्या नाग, अशोक दुबे ने डांस एवं सरोजनी गेंदले, कमला देवांगन, सुमित्रा सोनी, दुर्गेश्वरी ने ग्रुप डांस की प्रस्तुति दी ।

नाटक सास-बहू व मोर बैला जोड़ी का मंचन

कोटा मंडल के स्वयंसेवकों ने किया पथ संचलन

बिलासपुर /नवप्रदेश। कोटा विजयादशमी उत्सव पर अनुशासन देशभक्ति और संगठन शक्ति का प्रदर्शन कर कोटा मंडल के स्वयंसेवकों ने पथ संचलन किया जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। संचलन थाना ग्राउंड से आरंभ होकर नाका चौक से होते हुए बस स्टैंड ,चंडी चौक और रेस्ट हाउस होते हुए थाना ग्राउंड में समापन हुआ। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में विनोद तिवारी एवं प्रांत कार्यकारिणी सदस्य छत्तीसगढ़ प्रांत तथा कार्यक्रम में अध्यक्ष के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता एवं व्यवसाय दिलीप गुप्ता तथा मुख्य अतिथि गोविंद प्रसाद कौशिक खंड संघ चालक कोटा उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता के रूप में विनोद तिवारी ने स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज संघ का 100 वर्ष पूरा हो रहा है।

उद्घाटन केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में 16वें अंतरराष्ट्रीय रेल उपकरण प्रदर्शनी व अंतरराष्ट्रीय रेल सम्मेलन 2025 का किया उद्घाटन

पीएम मोदी के नेतृत्व में 35 हजार किमी रेल पटरियां व 46 हजार किमी मार्ग विद्युतीकरण हुआ: वैष्णव

बिलासपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में 16वीं अंतरराष्ट्रीय रेल उपकरण प्रदर्शनी 2025 तथा अंतरराष्ट्रीय रेल सम्मेलन 2025 का उद्घाटन किया। यह आयोजन भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा रेल मंत्रालय के सहयोग से किया गया है।

आईआरईई एशिया का सबसे बड़ा तथा विश्व का दूसरा सबसे बड़ा रेल एवं परिवहन क्षेत्र से संबंधित प्रदर्शनी है, जो विश्वभर के उद्योग विशेषज्ञों, नवाचारकर्ताओं एवं हितधारकों को एक मंच पर एकत्रित करती है। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय रेल के आधुनिकीकरण पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिसके परिणाम अब स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस अवधि में लगभग 35,000 किलोमीटर नई रेल पटरियाँ बिछाई गई हैं तथा 46,000 किलोमीटर रेल मार्ग का विद्युतीकरण किया गया है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि वर्तमान में 156 वंदे भारत एक्सप्रेस, 30 अमृत भारत तथा 4 नामो भारत सेवाएँ संचालित हो रही हैं, जो पूरे देश में अत्यंत लोकप्रिय हैं। उन्होंने आगे बताया कि उत्पादन स्तर में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और अब प्रतिवर्ष लगभग 7,000 कोचों का निर्माण किया जा रहा है। प्रदर्शनी के संबंध में मंत्री ने कहा कि यह भारत की रेल तकनीक, निर्माण एवं नवाचार के क्षेत्र में हुई प्रगति को प्रदर्शित करने का एक प्रमुख मंच है। साथ ही यह निवेश, साझेदारी एवं विकास के नए अवसरों को भी खोलता है। इस अवसर पर भारतीय उद्योग परिसंघ और गतिक शक्ति विश्वविद्यालय के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी किए गए, जिससे उद्योग-शैक्षणिक सहयोग को और सुदृढ़ किया गया है।

रेलवे डिजिटल पहल व भविष्य की आवश्यकताओं को कर रही प्रदर्शित

आईआरईई 2025 में 14 से अधिक देशों— ऑस्ट्रिया, फ्रांस, जर्मनी, जापान, नीदरलैंड्स, दक्षिण कोरिया, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका और अन्य देशों के 450 से अधिक प्रदर्शकों तथा 20,000 से अधिक उद्योग पेशेवरों की भागीदारी हो रही है। भारतीय रेल अपने अब तक के सबसे बड़े पैविलियन के माध्यम से आधुनिकीकरण, डिजिटल पहलों और भविष्य की आवश्यकताओं को प्रदर्शित कर रही है।

सुविचार

जिंदगी और सड़क में कोई फर्क नहीं है। बस आप चलते जाइए, कभी न कभी कोई सुखद मोड़ जरूर आएगा। - अज्ञात

अफगानिस्तान ने निकाली पाक की हेकड़ी

जो पाकिस्तान पूरी दुनिया में खुद ही आतंकवादियों का सुरक्षित पनाहगाह बना हुआ है और भारत में एक लंबे समय से आतंकवाद की आग की हवा दे रहा है उसने अफगानिस्तान पर पाकिस्तान में आतंकवादी गतिविधियां चलाने का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ एयर स्ट्राइक कर दी। पाकिस्तान ने यह सोचा था कि अफगानिस्तान के पास तो वायु सेना ही नहीं है ऐसे में अफगानिस्तान भला पाकिस्तान की इस कार्यवाही का कैसे जवाब दे पाएगा। किन्तु तालिबान ने उसका यह मुगालता दो दिनों के भीतर ही दूर कर दिया और पाकिस्तान की सारी हेकड़ी निकाल कर रख दी। तालिबान ने लगभग सौ पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराया और उनके शव पाकिस्तान के सुपूर्द करते हुए यह चेतावनी भी दे डाली कि यदि पाकिस्तान ने फिर ऐसी हिमाकत की तो तालिबान पाकिस्तान में घुसकर उसे ऐसा सबक सिखाएगा जिसे उसकी आने वाली नस्लें भी याद रखेंगी। तालिबान ने कई पाकिस्तानी सैनिकों को भी गिरफ्तार कर लिया और उनके हथियार तथा वर्दी उतारकर उनकी चौराहों पर प्रदर्शनीय लगा दी। इसके बाद से पाकिस्तान सेना सदमे में है और पाकिस्तानी सैनिक अफगान सीमा पर बनी लगभग पच्चीस चौकियों को छोड़कर भाग खड़े हुए हैं। अब उन चौकियों पर अफगानिस्तान की सेना ने कब्जा कर लिया है। पाकिस्तान ने जिस समय अफगानिस्तान पर एयर स्ट्राइक की थी उस समय अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमीर खान भारत में थे और उन्होंने भारत की सरजमीं से पाकिस्तााान को दो टूक शब्दों में चेतावनी दी थी कि पाकिस्तान अफगानिस्तान को हल्के में लेने की भूल न करे उसे यह नहीं भूलना चाहिए कि तालिबान ने अमेरिका और रूस के अलावा नाटों को भी अफगानिस्तान से खदेड़ दिया था। फिर यह पाकिस्तान किस खेत की मूली है। गौरतलब है कि अफगानिस्तान में जब 2021 में तालिबान ने तख्तापलट करके वहां की सत्ता पर कब्जा किया तब पाकिस्तान खुशी से नाच रहा था और तात्कालीन पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान ने अफगानिस्तान में तालिबान की सरकार बनाने में खुलकर मदद की थी। पाकिस्तान तालिबान को अपना टूल किट बनाना चाहता था और तालिबान को भारत में आतंक फैलाने के लिए कठपुतली की तरह इस्तेमाल करना चाहता था। किन्तु अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज होने के बाद तालिबान ने पाकिस्तान के हाथों की कठपुतली बनने से इंकार कर दिया और तालिबान सरकार ने भारत के साथ दोस्ताना ताल्लुकात बढ़ाना शुरू कर दिया। नतीजतन 2023 में ही पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तलवारें खींच गई और अब जबकि भारत से द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमीर खान भारत दौरे पर आये तो इससे खींज कर पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर एयर स्ट्राइक कर दी और अब उसे इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।

प्रशांत किशोर का चुनाव लड़ने से इंकार

जनसुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने बिहार विधानसभा चुनाव में किसी भी सीट से चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया है। पहले यह अटकलें लगाई जा रही थी कि वे तेजस्वी यादव के खिलाफ विधानसभा चुनाव लड़ सकते हैं इस बाबत जब उनसे मीडिया सवाल करती थी तो उनका उत्तर होता था कि वे इस बारे में राघोपुर की जनता से रायसुमारी करके ही कोई निर्णय लेंगे। प्रशांत किशोर की तेजस्वी यादव के खिलाफ चुनाव लड़ने की अटकलों से राष्ट्रीय जनता दल में भी खलबली मची हुई थी और तेजस्वी यादव की दो सीटों से चुनाव लड़ने की संभावना बढ़ गई थी किन्तु अब प्रशान्त किशोर ने विधानसभा चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया है। उनका कहना है कि यदि वे खुद चुनाव समर में उतर जाएंगे तो बिहार की सभी विधानसभा सीटों पर इसका विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। वैसे भी प्रशांत किशोर ने पहले कभी चुनाव नहीं लड़ा है उनका काम तो चुनाव लड़ाना रहा है। वे देश के सबसे चर्चित चुनावी रणनीतिकार रहे हैं और उन्होंने भाजपा, कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और जदयू सहित कई राजनीतिक पार्टियों के लिए चुनावी रणनीति तैयार करने का काम किया है। अब उन्होंने इस काम को छोड़कर खुद राजनीति के मैदान में उतरने का फैसला लिया है और जनसुराज पार्टी बनाकर बिहार विधानसभा चुनाव में भाग्य आजमा रहे हैं। देखना होगा कि उन्हें इसमें कितनी सफलता मिलती है।

ओ.पी. त्रिपाठी

बिहार की राजनीति के जानकारों का मानना है कि चारा घोटाले में दोषी ठहराए गए लालू प्रसाद के कारनामों को जनता अभी तक नहीं भूली है। उनके भ्रष्टाचार का इतिहास लंबा है और आरजेडी के लिए इससे उबरना बहुत मुश्किल होगा। जनता ने महागठबंधन में शामिल कांग्रेस, वामपंथी और वीआईपी समेत उनके साथ खड़े दलों को भी नकारने का मन बना लिया है। जांच एजेंसियों और अदालतों को पूरी निष्पक्षता से भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों में उचित और सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। अदालतों की जिम्मेदारी ऐसे मामलों में और भी बढ़ जाती है। सुबूतों के आधार पर अदालतों को ऊंचे पदों पर बैठे लोगों को भ्रष्टाचार के मामलों में सख्त से सख्त सजा देकर नजीर पैदा करनी चाहिए। जिससे पूरे समाज में एक कड़ा संदेश जाए कि जब पावरफुल पोजीशन पर बैठे व्यक्ति को सख्त सजा सुनाई जा सकती है तो वो भी गलत करके बच नहीं सकेगा।

अपनी ही बोई फसल काट रहा लालू परिवार

बिहार अब पूरी तरह चुनाव के रंग में रंग चुका है। इसी दौरान सीबीआई की विशेष अदालत ने पूर्व रेल मंत्री लालू यादव, पत्नी राबड़ी देवी, पुत्र एवं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव समेत 11 अन्य के खिलाफआरोप तय कर दिए। अब चुनाव के दौरान ही 27 अक्टूबर से रोजाना अदालत सुनवाई करेगी, साक्ष्य पेश किए जाएंगे, बहस होगी और अंतिम चरण के मतदान 11 नवंबर से एक दिन पहले ही अदालत अपना अंतिम फैसला सुना सकती है। अर्थात लालू यादव और परिजनों को जेल भेजा जाएगा अथवा आरोप-मुक्त किया जाएगा। लालू पहले ही चारा घोटाले में, स्वास्थ्य के आधार पर, जमानत पर हैं। कई साल जेल की सजा भी काट चुके हैं।

यह केस लालू यादव के रेल मंत्री कार्यकाल का है, जब केंद्र में कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार थी। लालू 2004-09 के दौरान केंद्रीय रेल मंत्री थे। लालू के उस दौर में जमीन के बदले नौकरियां दी गईं और भूमि के सस्ते हस्तांतरण के बदले आईआरसीटीसी होटल के घोटाले सामने आए।

सुजाता होटल्स को ठेका मिले, यह सुनिश्चित करने के लिए निविदा प्रक्रिया में हेराफेरी की गई। बदले में, लालू परिवार से जुड़ी एक फर्जी कंपनी को बहुत कम कीमत पर जमीन दी गई। सीबीआई के अनुसार, रांची में रेडिसन होटल परियोजना के लिए, आईआरसीटीसी ने रेलवे को रियायती दर पर जमीन दी। जमीन का सर्किल रेट 32 करोड़ रुपये और बाजार मूल्य 94 करोड़ रुपये होने के बावजूद, ज़मीन केवल 65 लाख रुपये में हस्तांतरित की गई। आरोप है कि रेलवे में ठेकों और नियुक्तियों के बदले जमीन या संपत्ति ली गई, जिसे ÷नौकरी के बदले जमीन÷ मॉडल के रूप में जाना जाता है।

विशेष जज विशाल गोगने ने लालू यादव के आपराधिक साजिश का मुख्य सूत्रधार होने की आशंका जताई है। आपराधिक साजिश के अलावा, धोखाधड़ी, सार्वजनिक पद के दुरुपयोग और जनसेवक द्वारा आपराधिक दुराचरण की धाराओं में आरोप तय किए गए हैं। अदालत ने 244 पन्नों के फैसले में कहा है कि तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव ने सुजाता होटल, प्रेमचंद गुप्ता की पत्नी का होटल, के निदेशक विजय और विनय कोचर आदि के साथ मिलकर आपराधिक साजिश रची।

रांची और पुरी के बीएनआर होटलों की उप-लीज के अनुबंधों में अनुचित लाभ दिए गए। बदले में कोचर बंधुओं ने पटना की कीमती जमीन लालू के करीबी, पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रेमचंद गुप्ता की कंपनी को बेची। वह कंपनी लालू परिवार के नियंत्रण में आ गई। कंपनी के शेयर तेजस्वी और राबड़ी देवी के नाम कर दिए गए। जमीन हस्तांतरण भी मामूली कीमत पर उनके नाम हो गया।

जिस संपत्ति का बाजार-मूल्य 94 करोड़ रुपए था और सर्किल रेट ही 32 करोड़ रुपए से अधिक था, वह 65 लाख रुपए में ही तेजस्वी और राबड़ी देवी के नाम कर दी गई। तब तेजस्वी नाबालिग थे, लेकिन करोड़ों रुपए की कंपनी और संपत्ति के मालिक थे। अदालत में वे कह रहे थे कि वे निर्दोष हैं। तो करोड़ों रुपए का हस्तांतरण उनके नाम कैसे हो गया? देश में किसी अन्य परिवार के साथ ऐसा क्यों नहीं हुआ? अदालत का गंभीर संदेह है कि तत्कालीन रेल मंत्री ने टेंडर प्रक्रिया को भी प्रभावित किया। तेजस्वी यादव इस मामले को 'सियासी साजिश' करार दे रहे हैं और लगातार लड़ने की हुंकार भर रहे हैं।

जिन धाराओं के तहत आरोप तय किए हैं, उनमें आईपीसी की धारा 420 120क्र के तहत आरोप तय हुए हैं। इसके अलावा सिर्फलालू प्रसाद यादव पर प्रीवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट की धारा 13(2) और 13 (1)(डी) के तहत आरोप तय हुए हैं। आरोप तय करते समय कोर्ट ने लालू यादव से पूछा कि क्या आप अपना अपराध मानते हैं? इस पर लालू प्रसाद यादव समेत राबड़ी और तेजस्वी यादव ने अपना अपराध मनाने से इनकार कर दिया था। तीनों ने कहा कि वह मुकदमे का सामना करेंगे। वहीं राबड़ी देवी ने कहा कि यह केस गलत है। भारत सरकार में रेल मंत्री लालू यादव थे, घोटाला परिवार में रचा गया, तो 'सियासी साजिश' कौन करेगा? यूपीए सरकार मई, 2014 तक रही।

दरअसल यह घोटाला चक्रव्यूह की तरह है। आखिरी लाभार्थी लालू परिवार है। चुनाव के दौरान भ्रष्टाचार और आपराधिक साजिश के आरोप और अंततः कटघरे में जाने की नौबत राजद और 'इंडिया' गठबंधन के लिए करारा धक्का साबित हो सकता है।

भाजपा-एनडीए लालू परिवार के खिलाफ धुआंधार प्रचार करेंगे और इस घोटाले को 'जंगल-राज' तथा 'चारा घोटाले' की अगली कड़ी कहेंगे। आरोप किसी राजनीतिक दल के नहीं हैं, बल्कि एक विशेष जज की अदालत में तय किए गए हैं, लिहाजा यह राजनीति करार नहीं दी जा सकती। अलबत्ता लालू परिवार इस अदालत के फैसले को उच्च न्यायालय में चुनौती जरूर दे सकता है। 'जमीन के बदले नौकरी' घोटाले के किरदार लालू की बेटियां-मीसा भारती, हेमा यादव-भी हैं। दरअसल जांच एजेंसियों को लालू परिवार के आर्थिक संसाधनों की सम्यक जांच करनी चाहिए। राबड़ी देवी और बच्चों ने न तो अच्छी नौकरी की और न ही उद्योग स्थापित किए, लेकिन उनके पास फॉर्म हाउस, घर, संपत्तियां कहां से आईं? कमोबेश देश को इस भ्रष्ट चक्रव्यूह की जानकारी मिलनी चाहिए। सबसे संवेदनशील मामला तो तेजस्वी के लिए है। यदि अदालत ने उन्हें दो साल या अधिक की सजा सुना दी, तो उनका राजनीतिक करियर ही खत्म हो जाएगा, क्योंकि वह चुनाव लडऩे या किसी सरकारी पद पर रहने के योग्य ही नहीं रहेंगे।

लालू को चारा घोटाले में इतनी सजाएं सुनाई गई हैं कि वह चुनाव लड़ने के लायक ही नहीं रहे हैं। हालांकि विपक्ष आरोप लगा रहा है कि चुनाव के ऐन मौके पर लालू परिवार की छवि धूमिल करने के लिए ऐसा किया जा रहा है। किंतु सत्ता पक्ष की ओर से यह प्रचार किया जा रहा है कि इस तरह के मामलों की सुनवाई काफी समय से चल रही है, इसलिए विपक्ष के आरोप में दम नहीं है। उसका मानना है कि जानबूझ कर ऐसा नहीं किया जा रहा, बल्कि इसके लिए लालू परिवार स्वयं जिम्मेवार है जिसने भ्रष्टाचार को अनेक बार अंजाम दिया।

प्रतापराव जाधव
केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री

आयुर्वेद जन-जन के लिए, पृथ्वी के कल्याण के लिए आयुर्वेद का मूल दर्शन - शरीर और मन, मानव और प्रकृति, उपभोग और संरक्षण के बीच संतुलन - समकालीन चुनौतियों के लिए प्रासंगिक समाधान प्रस्तुत करता है। जहाँ एक ओर दुनिया जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों और जलवायु परिवर्तन से जूझ रही है, वहीं आयुर्वेद एक ऐसी रूपरेखा प्रदान करता है, जो व्यक्तिगत और पृथ्वी के स्वास्थ्य, दोनों का समाधान करने में सक्षम है। भारत वैश्विक स्तर पर पारंपरिक चिकित्सा को मुख्यधारा में लाने के प्रयासों का नेतृत्व कर रहा है।यह दृष्टिकोण निवारक, किफायती, समावेशी और स्थायी स्वास्थ्य देखभाल पर ज़ोर देता है।

पारंपरिक चिकित्सा की बढ़ती प्रासंगिकता

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) की रिपोर्ट के अनुसार, इसके 88प्रतिशत सदस्य देशों - 194 देशों में से 170 - में पारंपरिक चिकित्सा का प्रचलन है।विशेष रूप से निम्न और मध्यम आय वाले देशों में, यह चिकित्सा प्रणालीअपने सुलभ और किफायती सेवा के कारणअरबों लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवा का प्राथमिक रूप बनी हुई है। तथापि, इसका महत्व उपचार से आगे बढ़कर जैव विविधता संरक्षण, पोषण सुरक्षा और स्थायी आजीविका को बढ़ावा देने तक विस्तृत है। व्यापारिक रुझान दिखाते हैं कि लोग इसे तेजी से अपना रहे हैं।

विश्लेषकों का अनुमान है कि वैश्विक पारंपरिक चिकित्सा बाजार 2025 तक 10 प्रतिशत -20 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर के साथ 583 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा। चीन का पारंपरिक चिकित्सा क्षेत्र 122.4 अरब डॉलर, ऑस्ट्रेलिया का हर्बल औषधि उद्योग 3.97 अरब डॉलर और भारत का आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध,सोवा रिग्पाएवं होम्योपैथी (आयुष) क्षेत्र 43.4 अरब डॉलर के मूल्य का है।

यह विस्तार स्वास्थ्य सेवा दर्शन में एक मूलभूत बदलाव को दर्शाता है - प्रतिक्रियात्मक उपचार मॉडल से सक्रिय, निवारक दृष्टिकोणों की ओर, जो केवल लक्षणों के बजाय मूल कारणों पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

भारत का आयुर्वेदिक परिवर्तन

भारत के पारंपरिक चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। 92,000 से अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों वाले आयुष उद्योग का एक दशक से भी कम समय में लगभग आठ गुना विस्तार हुआ है। विनिर्माण क्षेत्र का राजस्व 2014-15 के 21,697 करोड़ रुपये से बढ़कर वर्तमान में 1.37 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है, जबकि सेवा क्षेत्र ने 1.67 लाख करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया है। भारत अब 150 से ज़्यादा देशों को 1.54 अरब डॉलर मूल्य के आयुष और हर्बल उत्पादों का निर्यात करता हैऔर आयुर्वेद को कई देशों में एक चिकित्सा पद्धति के रूप में औपचारिक मान्यता मिल रही है। यह वैश्विक मंच पर आर्थिक अवसर और सॉफ्ट पावर, दोनों का प्रतिनिधित्व करता है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (2022-23) द्वारा आयुष पर किए गए पहले व्यापक सर्वेक्षण से लगभग सार्वभौमिक जागरूकता का पता चलता है - ग्रामीण क्षेत्रों में 95प्रतिशत और शहरी केंद्रों में 96प्रतिशत। पिछले वर्ष आधी से ज़्यादा आबादी ने आयुष प्रणालियों का उपयोग करने की जानकारी दी थीऔर आयुर्वेद कायाकल्प और निवारक देखभाल के लिए पसंदीदा विकल्प के रूप में उभरा है।

वैज्ञानिक मान्यता, वैश्विक विस्तार

भारत ने अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, आयुर्वेद शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान और केंद्रीय आयुर्वेदिक विज्ञान अनुसंधान परिषद सहित कई संस्थानों के माध्यम से अनुसंधान में महत्वपूर्ण निवेश किया है। ये संस्थान नैदानिक सत्यापन, औषधि मानकीकरण और एकीकृत देखभाल मॉडल विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जो पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों के साथ जोड़ते हैं।

आयुष मंत्रालय की अंतर्राष्ट्रीय सहयोग योजना के माध्यम से भारत की वैश्विक आयुर्वेद पहुँच ने अभूतपूर्व स्तर हासिल किया है। भारत ने 25 द्विपक्षीय समझौतों और 52 संस्थागत साझेदारियों पर हस्ताक्षर किए हैं, 39 देशों में 43 आयुष सूचना प्रकोष्ठ स्थापित किए हैं और विदेशी विश्वविद्यालयों में 15 शैक्षणिक विभागों की स्थापना की है।

भारत में डब्लूएचओ वैश्विक पारंपरिक चिकित्सा केंद्र की स्थापना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। भारत सरकार से समर्थन प्राप्त इस केंद्र का उद्देश्य आधुनिक विज्ञान, डिजिटल स्वास्थ्य और कृत्रिम बुद्धिमत्ता सहित उभरती प्रौद्योगिकियों के माध्यम से पारंपरिक चिकित्सा की क्षमता का उपयोग करना है। पारंपरिक चिकित्सा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के एकीकरण पर विश्व स्वास्थ्य संगठन का हालिया प्रकाशन इस बात पर प्रकाश डालता है कि कैसे उन्नत प्रौद्योगिकियां नैदानिक सत्यापन को मजबूत कर सकती हैं, बड़े डेटा विश्लेषण को सक्षम बना सकती हैंऔर आयुर्वेद व संबंधित प्रणालियों में पूर्वानुमान देखभाल प्रणाली को बेहतर बना सकती हैं।

सदगुरू बोधामृतम

सदगुरू ऋतेश्वर जी

❖ ही है। 'रेडी फॉर वर्ट्स' और ये बेस्ट तरीका है जीने का! डरना मत !!! इस दुनिया में सब कुछ वर्ट्स (निकृष्टतम, दुष्टतम)

❖ ये दुनिया में जन्म लेना ही सजा है और भोगने के लिए आए हैं जिसके दो तरीके हैं- या तो गुरु गोविंद और ज्ञान को उपलब्ध होकर जीवन को भोगा जाए या गुरु गोविंद के बिना अज्ञान से भोगा जाए।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता।1757 आस्ट्रिया की सेना ने जर्मनी की राजधानी बर्लिन पर कब्जा किया। 1757 ऑस्ट्रियाई सैनिकों ने बर्लिन पर कब्जा कर लिया। 1834 लंदन में वेस्टमिंस्टर का अधिकांश पैलेस पूर्व में नष्ट हो गया था। 1841 चर्च ऑफस्कॉटलैंड ने किंग्सटन, ओंटारियो, कनाडा में क्वीन्स कॉलेज की स्थापना की। 1848 1 अमेरिकी होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज पेनसिल्वेनिया में खोला गया। 1849 एवेरी कॉलेज, एलेगेनी के पेनसिल्वेनिया में स्थापित किया गया। 1935 मैसाचुसेट्स विकलांगता घोड़े की दौड़ का उद्घाटन किया गया। 1939 द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी ने ब्रिटिश क्षेत्र पर पहला हमला किया। 1951 पाकिस्तान के पहले प्रधानमंत्री लियाकत अली खान की रावलपिंडी में हत्या कर दी गई थी। 1951 पाकिस्तान के पहले प्रधानमंत्री लियाकत अली खान की रावलपिड़ी में गोली मारकर हत्या कर दी गई। 1959 बोस्टन पैट्रियट्स एएफएल अमेरिकन फुटबॉल क्लब की स्थापना हुई। 1982 सोवियत संघ ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

जीवन में नित

जीवन में नित उत्थान पतन कितना भी मन कर ले जतन रचा विधि का खेल बताने आ! जग की बातें जाने जीवन में नित गाना रोना जीवन में नित पाना खोना अनुभव जीवन का बतलाने आ! जग की बातें जाने पथ पर मिलकर क्षणिक डेरा कुछ दिवस तक तेरा मेरा कामना की निर्बलता जो पहचाने आ! जग की बातें जाने विरक्ति या सुख की विवशता दु:ख या मन की निर्बलता जग में छिपे जीवन के खजाने आ! जग की बातें जाने - **नीरज वर्मा नीर**

केबीसी के उस

केबीसी के उस बदतमीज कहे जाने वाले बच्चे के मुद्दे पर एक ऐसा वर्ग भी दिखा, जो उस बच्चे को चंचलता और बचपना कहे जाने वाले पोस्ट पर भी हार्ट का रिएक्शन दे रहा था और बदतमीज कहे जाने वाले पोस्ट पर भी हार्ट का ही रिएक्शन देकर, कमेंट लिख रहा था। ये लोग सबसे खतरनाक श्रेणी में आते हैं, इनको डबल ढ़ोलकी, दो .. ले, दो .. रे व्यक्तित्व, जो भी नाम दे दिया जाए, कम ही है।

- मीनाक्षी सिंह

दिन म सुरूज चट ले जरथे रतिहा

दिन म सुरूज चट ले जरथे रतिहा चंदा जुड़ावत हे लागथे जुड़हा मौसम संगी पहुना बन के आवत हे मन म कोंवर भाव जगथे उभुक-चुभुक हिरदे हो जाथे पुरवाही झट रंग बदलथे कभू तात त कभू जुड़ जनाथे एक्केच बेरा म आनेच-आने दू रंग कइसे जनावत हे लागथे जुड़हा मौसम संगी पहुना बन के आवत हे। - **सुशील भोले**

उलझने जब बेहिसाब होती है जिंदगी

उलझने जब बेहिसाब होती है जिंदगी फिर अजाब होती है हालात बहुत तो खराब होती है आदत पीने की शराब होती है जिसने चमकना सीख लिया है हाँथ उसके आफ़ताब होती है संभाला दामन ने कांटों को जब जिस्त् ये उसकी गुलाब होती है सबक हरेक लाजवाब होती है जिंदगी जब कामयाब होती है। - **सपना चन्द्रा**

उलझने जब बेहिसाब होती है जिंदगी

उलझने जब बेहिसाब होती है जिंदगी आता है... समंदर का पानी

क्यों ÷ख़ारा÷ बन जाता है... बातों के बिसात में अक्सर साज़िशें माहिर... बात दिल की वो सब ÷ख़रा÷ सुना आता है... कि ग़ज़ब सी रँज़िशें देखी दिलो में ज़हर की ÷ख़रा-ख़ार और ÷ख़ैर÷ वफ़ा को निगल जाता है..!! - **नंदिता तनूजा**

समाज में दो जनों से बचो ! कान भरने

समाज में दो जनों से बचो ! कान भरने वालों से, कच्चे कान वाले समाज की परवाह उसे दिन करना, जिस दिन समाज तुम्हारे घर का खर्च उठाएगा। तुम्हारे दु:ख में साथ खड़ा समाज रहेगा।। - **गौरी पटले**

किस्मत के आगे कब चलती

किस्मत के आगे कब चलती है चतुराई की जिसने मनमानी उसने ठोकर खाई कर्म करें जीवन में खुद पर रखें भरोसा कल की चिन्ता छोड़ आज कि सोचें भाई।

- रवी पांडेय 'संयम'

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज के दिन आप के अन्दर आवेश की मात्रा अधिक रहेगी। आस-पडोसी से आज अहम को लेकर टकराव हो सकता है।

वृष: आज का दिन भी आपके अनुकूल रहेगा। आज दिन भर शारीरिक और मानसिक स्फूर्ति रहेगी।

मिथुन: आज के दिन किसी भी कार्य को करने से पहले उसकी जांच-परख अवश्य करें कार्य-व्यवसाय में हानि होने की संभावना है।

कर्क: आज के दिन आप शारीरिक एवं मानसिक रूप से चुस्त-दुरुस्त रहेंगे। परिवार के प्रति आज अधिक संवेदनशील रहेंगे। किसी बहुप्रतीक्षित लाभ के मिलने की सम्भावना है।

सिंह: आज का दिन आपके लिए हानिकर रहेगा। सेहत ठीक रहने पर भी काम मे मन नही लगेगा।

कन्या: आज का दिन आपके लिए लाभदायी रहेगा। आज आपको प्रत्येक कार्य का शुभफल प्राप्त होगा।

तुला: आज का दिन आपको शुभ फल देने वाला है। आज आप अपने व्यवहार कुशलता से किसी का भी दिल जीत सकते हैं।

वृश्चिक: आज का दिन आपके लिए उन्नति दायक रहेगा। कार्य क्षेत्र पर आज अधिकारियो का प्रोत्साहन मिलने से उन्नति के मार्ग खुलेंगे।

धनु: आज का दिन विपरीत फल प्रदान करने वाला है। आज दिन भर सतर्क रहने की आवश्यकता है। सेहत नरम रहने से स्वभाव मे चिढ़चिढ़ापन आएगा।

मकर: आज का दिन व्यावसायिक दृष्टिकोण से आपके लिए लाभदायक रहेगा। आज के दिन आप अपनी वाकपटुता और मीठी वाणी से लाभप्रद व्यापारिक सम्बंध विकसित कर सकेंगे।

कुंभ: आज का दिन आपके लिये अनुकूल रहेगा। आज किसी कार्य अथवा व्यापार में अकस्मात धन मिलने से कार्य के प्रति उत्साह बढ़ेगा।

मीन: आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपको हर क्षेत्र से संम्मान-ऐश्वर्य की प्राप्ति होगी।

सूर्योदय : 06:30, सूर्यास्त : 05:55, चन्द्रोदय : 25:21, चन्द्रास्त :14:32, अयन : दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय), ऋतु : शरद, शक सम्वत: : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वत: : 2082 (सिद्धार्थी), मास : कार्तिक, पक्ष : कृष्ण, तिथि : दशमी, नक्षत्र : आश्लेशा, योग : शुभ, प्रथम करण : गर (10:33 तक), द्वितीय करण : वणिज (22:29 तक)।

॥ गोचर ग्रहा: ॥

सूर्य : कन्या, चंद्र : कर्क, मंगल : तुला (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : तुला (उदय, पूर्व, मार्गी), गुरु : मिथुन (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : कन्या (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, वक्री), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) समुद्री शैवाल खेती को बढ़ावा देने पर पहला राष्ट्रीय सम्मेलन कहाँ आयोजित किया गया था?

2) क्वांटम सैटेलाइट क्या है?

3) 2024 में अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार किसे दिया गया है?

4) अटल इनोवेशन मिशन किस संस्थान की प्रमुख पहल है?

5) अगस्त 2025 में बिहार के नए मुख्य सचिव के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?

उत्तरमाला- (1) कच्छ (2) एक सैटेलाइट जो संचार संकेतों को सुरक्षित करने के लिए क्वांटम भौतिकी का उपयोग करता है (3) डेरॉन ऐसमोग्लू, साइमन जॉनसन और जेम्स रॉबिन्सन (4) नीति आयोग (5) प्रत्यय अमृत

शब्द सागर

न्यूज गैलरी

छह दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन

रायपुर/ नवप्रदेश। कलिंगा विश्वविद्यालय, रायपुर ने अपने आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के माध्यम से 6 अक्टूबर से 11 अक्टूबर 2025 तक एआर/वीआर/एमआरः अंतर और इसके अनुप्रयोग क्षेत्र पर छह दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम (एफडीपी) का सफलतापूर्वक आयोजन किया, जिसे आईईईई एजुकेशन सोसाइटी मध्य प्रदेश चैप्टर के सहयोग से एआईसीटीई प्रशिक्षण और शिक्षण (अटल) अकादमी द्वारा प्रायोजित किया गया । 6 अक्टूबर 2025 को आयोजित उद्घाटन सत्र में प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामय उपस्थिति रही। एफडीपी के कुलपति एवं संरक्षक डॉ. आर. श्रीधर और एफ्डीपी के कुलसचिव एवं संरक्षक डॉ. संदीप गांधी ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया और शिक्षा में इमर्सिव तकनीकों के भविष्य पर अपने गहन विचार साझा किए। अपने संबोधन में, डॉ. आर. श्रीधर ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के महत्व पर ज़ोर देते हुए इस बात पर ज़ोर दिया कि संकाय सदस्यों को नियमित व्यावसायिक विकास के माध्यम से अपने कौशल को निरंतर उन्नत करना चाहिए।

हज-2026 के लिए राज्य से पांच लोगों की प्रतीक्षा सूची कन्फर्म

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के पूर्व चेयरमैन और सदस्य मोहम्मद असलम खान ने बताया कि हज कमेटी ऑफ़ इंडिया मुंबई के सर्कुलर 15 से सूचना मिली है कि हज-2026 के लिए छत्तीसगढ़ राज्य की प्रतीक्षा सूची कंफर्म कर दी गई है। इसके तहत क्रमांक-288 से 292 तक की हज प्रतीक्षा सूची को कन्फर्म किया गया है। हज 2026 के लिए राज्य से कुल 292 आवेदक प्रतीक्षा सूची में थे, जिसमें से प्रथम प्रतीक्षा सूची में 287 आवेदकों को कंफर्म किया गया था, अब द्वितीय प्रतीक्षा सूची में राज्य के शेष 5 आवेदक भी कंफर्म हो चुके हैं। जिन्हें हज यात्रा पूर्ण करने का अवसर प्राप्त होगा। द्वितीय प्रतीक्षा सूची से चयनित आवेदक, यात्रा की पहली एवं दूसरी किस्त की कुल राशि 2,77,300 रुपए प्रति हाजी, ऑनलाइन एसबीआई, यूबीआई में 31 अक्टूबर तक जमा कर, स्लिप, मेडिकल सर्टिफिकेट, हज आवेदन फॉर्म मय सहपत्र, अंतिम तिथि 5 नवंबर तक हज कमेटी ऑफइंडिया की वेबसाइट में अनिवार्यतः अपलोड करें या कार्यालय छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी, रायपुर में जमा कराएं। उन्होंने बताया कि हज कमेटी ऑफइंडिया के सर्कुलर 13 से प्राप्त सूचना अनुसार हज 2026 के लिए जाने वाले हज यात्रियों के सहायतार्थ, स्टेट हज इंस्पेक्टर (खादिमुल हुज्जाज) के ऑनलाइन आवेदन अब तीन नवंबर तक आमंत्रित किए गए हैं। स्टेट हज इंस्पेक्टर के लिए निर्धारित अहर्ता व नियमावली का सम्पूर्ण विवरण हज कमेटी की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

इलेक्ट्रोफ्लुइड्स और ग्रीव्स कॉटन ने 'मेक इन इंडिया' के लिए डीजी सेट सेमिनार का आयोजन

रायपुर/ नवप्रदेश। लेक्ट्रोफ्लुइड्स प्राइवेट लिमिटेड ने ग्रीव्स कॉटन लिमिटेड के साथ मिलकर शनिवार, 11 अक्टूबर 2025 डीज़ल जेनरेटर (डीजी) सेट पर एक तकनीकी सेमिनार सफ्लतापूर्वक आयोजित किया। कार्यक्रम का केंद्र 'मेक इन इंडिया' पहल रहा, जिसमें विद्युत उत्पादन क्षेत्र की नवीनतम प्रगति प्रदर्शित की गई। सेमिनार में उद्योग, भवन और यूटिलिटीज क्षेत्रों के pr ख्यात तकनीकी विशेषज्ञों ने भाग लिया। चर्चा का मुख्य फोकस IoT आधारित उपकरणों के एकीकरण, बेहतर दक्षता के लिए आधुनिक इंजीनियरिंग तकनीकों और अखिल भारतीय मजबूत सर्विस नेटवर्क के महत्व पर था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनीष पिल्लीवार, एक प्रसिद्ध वास्तुकार, ने सत्र का उद्घाटन किया। उनके साथ सम्माननीय अतिथि के रूप में सिद्धांत शर्मा और बजरंग समूह के के. के. परिहार भी उपस्थित थे। वक्ताओं ने यह बताते हुए कि कैसे स्वदेशी विनिर्माण और अत्याधुनिक तकनीक आत्मनिर्भरता के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुरूप विश्वसनीय और कुशल ऊर्जा समाधान प्रदान कर सकते हैं।

आज शाम शहर को नहीं मिलेगा पानी

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (सीएसपीडीसीएल) द्वारा 33 केवी लाइन संधारण कार्य के चलते नगर निगम के फिल्टर प्लांट से 16 अक्टूबर की शाम शहर को पानी सप्लाई नहीं की जाएगी। निगम में जलकार्य विभाग के कार्यपालन अभियंता नरसिंग फरेंद्र ने बताया कि इस काम के लिए 6 घंटे का शटडाउन लिया जाएगा। इसके कारण गुरुवार को सुबह पानी सप्लाई के बाद प्लांट बंद रहेगा। इसके चलते 150 एमएलडी और 80 एमएलडी के दोनों प्लांट से भरने वाली 42 टंकियों तक पानी नहीं पहुंचेगा। इसीलिए 80 एमएलडी प्लांट से भरने वाली टंकियों में डगनिया, गंज, गुढियारी, राजेन्द्र नगर, तेलीबांधा, शंकर नगर, खमतराई, भनपुरी, इंदगाहभाठा पुरानी टंकी एवं श्याम नगर तथा 150 एमएलडी प्लांट से भरने वाली टंकियों में भाठागांव, चंगोराभाठा, कुशालपुर, डीडी नगर, ईदगाहमाठा, सरोना, टाटीबंध, कोटा, कबीर नगर, जरवाय, गोगांव, मठपुरैना, लालपुर, अमलीडीह, अवंति विहार, मण्डी, मोवा, सड्डु, दलदल सिवनी, रामनगर, कचना, आमासिवनी, देवपुरी, बोरियाखुर्द, जोरा, भनपुरी नया, रायपुरा, कुकुरखेडा तथा नये 80 एमएलडी प्लांट से भरने वाली टंकियां बैरन बाजार नया, देवेन्द्र नगर नया, संजय नगर मोतीबाग टकी से 16 अक्टूबर को सुबह जलप्रदाय होने के बाद शाम को जलप्रदाय नहीं होगा। 17 अक्टूबर को सुबह जलप्रदाय नियमित रूप से होगी।

बिहार विधानसभा चुनाव में प्रदेश भाजपा के नेताओं की लगी ड्यूटी

रायपुर/ नवप्रदेश। बिहार विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ भाजपा नेताओं की ड्यूटी लगाई गई है। सांसद संतोष पाण्डेय और विधायक रिकेश सेन बिहार पहुंच चुके हैं, जबकि उपमुख्यमंत्री अरूण साव और रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल बुधवार 15 अक्टूबर को पटना जाएंगे।

उपमुख्यमंत्री श्री साव ने बताया कि पार्टी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा व उन्हें नामांकन रैली में शामिल होने का निर्देश दिया है, इस सिलसिले में बुधवार को दोपहर 1.55 बजे दिल्ली जाएंगे, फिर दिल्ली से शाम 7.45 बजे पटना पहुंचेंगे। दूसरे दिन पटना में नामांकन रैली में शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि बिहार विधानसभा चुनाव में सांसद बृजमोहन अग्रवाल को भी ड्यूटी लगाई गई है, वे वैशाली जिले की हाजीपुर और लालगंज विधानसभा क्षेत्रों में प्रचार की कमान संभालेंगे। श्री अग्रवाल भी बुधवार को रवाना होंगे। इसके अलावा भाजपा महिला मोर्चा की 100 महिलाओं को भी बिहार विधानसभा चुनाव मे पहुंचने का निर्देश है, महिला नेत्रियां भाईदूज के बाद छत्तीसगढ़ से रवाना होंगी।

भाजपा सूत्रों का कहना है कि प्रदेश क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल भी बिहार में डटे हुए हैं, उन्हें 50 विधानसभा क्षेत्रों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इन 50 विधानसभा क्षेत्रों में मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के नेताओं को प्रचार के लिए आमंत्रित किया जा सकता है, इसके अलावा रैली व चुनावी सभाओं के लिए मुख्यमंत्री श्री साय को स्टार प्रचारक बनाए जाने की खबर हैं।

ट्रैफिक जाम करने वाले दुकानदारों के खिलाफ पुलिस ने की कार्रवाई

रायपुर/ नवप्रदेश। त्योहारी सीजन को देखते हुए रायपुर पुलिस ने शहर के प्रमुख बाजार क्षेत्रों में सुगम और सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। इसके तहत शहर को चार जोन पंडरी बाजार, तेलीबांधा बाजार, गोल बाजार/सदर बाजार, और पुरानी बस्ती/लाखे नगर बाजार क्षेत्र में विभाजित किया गया है। प्रत्येक जोन में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है ताकि वाहन चालकों और ग्राहकों के लिए आवागमन सुगम और सुरक्षित रहे।

पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, रायपुर, डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने त्योहारी सीजन के मद्देनजर यातायात जाम की स्थिति से बचने के लिए विशेष निर्देश जारी किए हैं। उनके निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात), रायपुर, डॉ. प्रशांत शुक्ला के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) सतीश ठाकुर और गुरजीत सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस ने प्रभावी व्यवस्था लागू की है। पुलिस लगातार बाजार क्षेत्रों में गश्त और निगरानी कर रही है ताकि त्योहारी खरीदारी के दौरान किसी भी तरह की अव्यवस्था न हो।

नागरिकों से सहयोग की अपील

रायपुर पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे त्योहारी खरीदारी के दौरान वाहनों को केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही पार्क करें। दुकानदारों से अनुरोध है कि वे अपने सामान को सड़क पर न रखें और यातायात नियमों का पालन करें। पुलिस ने कहा कि सुगम और सुरक्षित व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है।

यातायात बाधित करने वालों पर सख्ती

रायपुर पुलिस ने यातायात को बाधित करने वाले दुकानदारों और वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू की है। इसके लिए नगर निगम और 'टीम प्रहरी' के साथ संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को कोतवाली चौक से चिकनी मंदिर गली, गोल बाजार थाना गली, जय स्तंभ चौक, और बैजनाथ पारा होते हुए कोतवाली चौक तक विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान यातायात में बाधा डालने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की गई। अभियान में 27 टेबल, 8 कपड़ा लटकन चक्का, 10 पाइप स्टैंड, 5 कुर्सियां, 17 डमी पुतले, 13 लोहे के स्टैंड, और 12 कुर्सियां जब्त की गईं।

पार्षद को अनुकंपा नियुक्ति दिए जाने पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

रायपुर/ नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने एक बार फिर भाजपा सरकार के सामान्य प्रशासन एवं नगरीय निकाय विभाग की कार्यप्रणाली पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि सामान्य प्रशासन एवं नगरीय निकाय विभाग ने अनोखा कारनामा कर दिखाया है। रायपुर नगर निगम के भाजपा पार्षद को अनुकंपा नियुक्ति के रूप में भृत्य पद पर नियुक्ति दे दी गई है। यह नियुक्ति उनकी मां की मृत्यु के बाद दी गई है। बैज ने कहा कि किसी जनप्रतिनिधि को नियमतः सरकारी नौकरी नहीं दी जा सकती है। लगता है कि यह सरकार भांग खाकर चल रही है। पत्रिका ने इस विसंगति को सबसे पहले उजागर किया था। पार्षद को अनुकंपा नियुक्ति देने के साथ-साथ दो नाबालिग को भी अनुकंपा नियुक्ति दी गई थी।

कोहरे की आशंका से सारनाथ एक्सप्रेस रहेगी 66 दिन रद्द

रायपुर/ नवप्रदेश। रेलवे ने कोहरे की आशंका के कारण सारनाथ एक्सप्रेस को तीन माह में 66 दिन रद्द करने की घोषणा की है। ठंड के दौरान कोहरे की आशंका को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। सारनाथ एक्सप्रेस 1 दिसंबर से 15 फरवरी के बीच विभिन्न तिथियों में दोनों दिशाओं की ट्रेन रद्द रहेंगी। इससे प्रयागराज जाने वाले यात्रियों की परेशानी बढ़ जाएगी। प्रयागराज, बनारस और छपरा जाने वाली प्रमुख ट्रेन दुर्ग-छपरा-दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस के यात्री आने वाले दिनों में परेशान होंगे।

रेलवे ने उत्तर भारत में पड़ने वाली कोहरे की आशंका को ध्यान में रखते हुए सारनाथ एक्सप्रेस को 1 दिसबंर से 15 फरवरी तक विभिन्न तिथियों में 66 दिनों के लिए रद्द करने का निर्णय लिया है। उत्तर पूर्व रेलवे द्वारा 15159/15160 छपरा-दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस को घने कोहरे की अग्रिम आशंका को ध्यान में रखते हुए 1 दिसंबर से 15 फरवरी के बीच विभिन्न तिथियों में ट्रेन का परिचालन स्थगित करने का निर्णय लिया है। रेलवे द्वारा निर्धारित तिथियों के अलावा अन्य दिनों में भी यह ट्रेन अपने पूर्व निर्धारित समय सारिणी अनुसार यथावत चलेगी।

छपरा-दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस इस डेट पर रहेगी रद्द

दिसंबर 1, 3, 6, 8, 10, 13, 15, 17, 20, 22, 24, 27, 29, 31 जनवरी- 3, 5, 7, 10, 12, 14, 17, 19, 21, 24, 26, 28, 31 फरवरी 2, 4, 7, 9, 11,14

दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस इस दिन रहेगी स्थगित

दिसंबर 2, 4, 7, 9, 11, 14, 16, 18, 21, 23, 25, 28, 30 जनवरी 1, 4, 6, 8, 11, 13, 15, 18, 20, 22, 25, 27, 29 फरवरी 1, 3, 5, 8, 10, 12, 15

खेलो इंडिया कयाकिंग-कैनोइंग अस्मिता लीग आज से

रायपुर/ नवप्रदेश। खेलो इंडिया कयाकिंग-कैनोइंग अस्मिता लीग का आयोजन 16, 17 अक्टूबर को किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता रायपुर के बूढ़ापारा स्थित विवेकानंद सरोवर में आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर बालिका खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। छत्तीसगढ़ प्रदेश कयाकिंग-ड कैनोइंग संघ इस प्रतियेगिता का भारतीय संघ के सहयोग से आयोजित कर रहा है।

36 लीटर अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/ नवप्रदेश। खरोरा क्षेत्र में आबकारी विभाग की टीम ने अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए अमरपाल सिंह चावला निवासी चिचोली को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई चिचोली स्थित शान-ए-पंजाब ढाबे में की गई है। इस दौरान आरोपी के पास से 36 लीटर अवैध मदिरा जब्त की।

ननकीराम की शिकायत की जांच अधूरी, कोरबा से लौटी टीम

रायपुर/ नवप्रदेश। कोरबा कलेक्टर अजीत वसंत को हटाने के संबंध में पूर्व गृहमंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता ननकीराम कंवर द्वारा 14 बिंदुओं पर सौंपे गए शिकायती पत्र की जांच अब तक पूरी नहीं हो पाई है। राज्य शासन के आदेश पर बिलासपुर संभागायुक्त सुनील कुमार जैन द्वारा गठित जांच कमेटी कोरबा से वस्तुस्थिति की जांच-पड़ताल लौट चुकी है, लेकिन डीएमएफ से संबंधित कुछ जानकारी जुटाने के लिए समिति को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। इसके चलते जांच अधूरी होने के कारण शासन को जांच प्रतिवेदन भेजने में भी देर रही हो रही है। इस संबंध में संभागायुक्त ने बताया कि शासन के निर्देशों के अनुरूप जांच समिति द्वारा कोरबा कलेक्टर के खिलाफ मिले शिकायती पत्र के तमाम बिंदुओं की वस्तुस्थिति की जांच की जा रही है। कुछ जानकारियों प्राप्त नहीं होन के कारण जांच अभी पूरी नहीं हुई है। जांच पूरी होने के बाद जांच रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। वहीं, उच्च पदस्थ सूत्रों का कहना है कि कोरबा कलेक्टर के खिलाफ पूर्व मंत्री के शिकायती पत्र के संबंध में जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

गौरतलब है कि पूर्व मंत्री श्री कंवर ने अपने शिकायती पत्र में कोरबा कलेक्टर के विरुद्ध 14 बिंदुओं में गंभीर शिकायत शासन को भेजकर उसके स्थानांतरण की मांग की थी। उक्त शिकायत पर उचित कार्रवाई न होने के कारण उनके द्वारा 4 अक्टूबर को रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास के समक्ष कार्यकर्ताओं के साथ शांतिपूर्ण धरना देने के लिए शासन को सूचना दी गई थी। वे धरना देने रायपुर पहुंचे, लेकिन उन्हें पुलिस द्वारा नजरबंद कर दिया गया था। इस कार्रवाई को लेकर भी पूर्व मंत्री ने पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर कोरबा कलेक्टर अजीत वसंत व अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल के खिलाफ शिकायत की है, जिसमें उन्होंने अपने सहयोगियों के खिलाफ अवैधानिक कार्रवाई संबंधी साजिश किए जाने का आरोप लगाते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि उनके शांतिपूर्ण धरना कार्यक्रम को रोकने तथा मेरे व्यक्तित्व व विश्वनीयता को धूमिल करने के लिए पूर्व नियोजित षड्यंत्र किया गया है।

साइंस कॉलेज छात्रावास में घुसकर बलवा, 6 आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/ नवप्रदेश। रायपुर के साइंस कॉलेज छात्रावास में 12 जनवरी की रात 50-60 लोगों के एक गैंग ने घुसकर छात्रों के साथ मारपीट और चोरी की सनसनीखेज घटना को अंजाम दिया। इस मामले में रायपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

प्रार्थी उमादास मुखर्जी, जो साइंस कॉलेज में बी.एस.सी. अंतिम वर्ष का छात्र है, ने सरस्वती नगर थाने में शिकायत दर्ज की। उन्होंने बताया कि 12 जनवरी को रात करीब 11:45 बजे, 50-60 व्यक्तियों का एक समूह छात्रावास में घुस आया। इस गैंग ने प्रार्थी सहित अन्य छात्रों के साथ हाथ-मुक्कों, डंडों और चाकू से मारपीट की और उनका सामान चुराकर फरार हो गया। इस घटना के आधार पर थाना सरस्वती नगर में अपराध क्रमांक 246/25, धारा 115(2), 191(2), 191(3), 333, 304(2) बी.एन.एस. के तहत मामला दर्ज किया गया।

पुलिस महानिरीक्षक, रायपुर रेंज, अमरेश मिश्रा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, डॉ. लाल उमेद सिंह ने इस घटना को गंभीरता से लिया। उनके निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (पश्चिम) दौलत राम पोर्ते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (क्राइम) संदीप मित्तल, नगर पुलिस अधीक्षक (आजाद चौक) ईशु अग्रवाल, उप पुलिस अधीक्षक (क्राइम) संजय सिंह, प्रभारी एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और थाना प्रभारी सरस्वती नगर की संयुक्त टीम ने तुरंत कार्रवाई शुरू की।

पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और प्रार्थी सहित अन्य छात्रों से विस्तृत पूछताछ की। टीम ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच की, जिसके आधार पर आरोपियों की पहचान की गई। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने छह आरोपियों मोनेश उर्फ मॉन्टू केसरकर (28), धर्मांशु सोनपिपरे (24), गोबिन यादव (25), प्रतीक यादव (25), आकाश गुप्ता उर्फ बाबू (19), और थानेश्वर उर्फसोनू साहू (31) को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में इन आरोपियों ने 25-30 अन्य लोगों के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस ने उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त डंडा भी जब्त किया।

अवैध मादक पदार्थों की बिक्री, दो आरोपी को तीन माह की जेल

रायपुर/ नवप्रदेश। मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर नकेल कसने के लिए प्रशासन की ओर से अवैध बिक्री में लिप्त दो आरोपी को तीन-तीन माह के लिए भेजा गया है। संभागायुक्त महादेव कावरे के निर्देश पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर की अनुशंसा पर शेख तबरेज (38) पिता स्व. शेख मौला अली, निवासी गांधी नगर, मुर्रा भट्ठी और पुनीत खरे निवासी ग्राम छपोरा वार्ड नंबर 11, थाना विधानसभा के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। इनको स्वापक औषधि और मन प्रभावी पदार्थ (अवैध व्यापार निवारण) अधिनियम, 1988 (पिट एनडीपीएस एक्ट) के तहत जेल भेज दिया गया है।

आरोपियों पर कई अपराध पंजीबद्ध

प्रकरण में यह पाया गया कि आरोपी तबरेज के विरुद्ध थाना गुढ़ियारी में एनडीपीएस एक्ट के तहत दो अपराध पंजीबद्ध हैं। इनमें से एक में उसे दोषमुक्त किया जा चुका है, जबकि एक प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। जांच में सामने आया कि वह वर्ष 2018 से अब तक मादक पदार्थों की अवैध बिक्री में लिप्त रहा है। वहीं, दूसरा आरोपी खरे के विरुद्ध थाना विधानसभा में एनडीपीएस एक्ट के तहत तीन प्रकरण पंजीबद्ध हैं। आरोपी आदतन आपराधिक प्रवृत्ति का है और अवैध गांजा बिक्री के व्यवसाय में संलिप्त है।

न्यूज गैलरी

एकीकृत बाल विकास परियोजना गीदम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पदों हेतु आवेदन आमंत्रित

दंतेवाड़ा / नवप्रदेश। एकीकृत बाल विकास परियोजना गीदम से प्राप्त जानकारी अनुसार एकीकृत बाल विकास परियोजना बारसूर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की रिक्त पद की पूर्ति हेतु आंगनबाड़ी केन्द्र मड़से स्कूलपारा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद रिक्त है। इस हेतु संबंधित क्षेत्र से इच्छुक सभी आवेदनकर्ताओं से 15 अक्टूबर से 29 अक्टूबर 2025 तक कार्यालयीन समय 10 बजे से संध्या 5.30 बजे तक कार्यालय में सीधे अथवा डाक द्वारा आवेदन निश्चित प्रारूप में आमंत्रित किये जाते है। किसी भी प्रकार की अतिरिक्त जानकारी एवं आवेदन पत्र का प्रारूप प्राप्त किये जाने हेतु सभी इच्छुक आवेदनकर्ता कार्यालयीन दिवसों में कार्यालयीन समय पर एकीकृत बाल विकास परियोजना गीदम में सम्पर्क कर सकते है।

अभा सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा सत्र 2026-27 के लिए 30 तक कर सकते है ऑनलाइन आवेदन

दंतेवाड़ा / नवप्रदेश। सैनिक स्कूल अम्बिकापुर, में सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं से 9वीं में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा आयोजित की गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार परीक्षा की तिथि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के अधिकारिक वेबसाइट पर बाद में घोषित की जाएगी। इच्छुक विद्यार्थी सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में प्रवेश हेतु राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के अधिकारिक वेबसाईट httpsÑ//e&ams-nta.ac.in//AISSEE/ पर 30 अक्टूबर 2025 शाम 05 बजे तक आवेदन कर सकते है।

सपोर्ट पर्सन का इम्पैनलमेंट हेतु रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित

दंतेवाड़ा / नवप्रदेश। महिला बाल विकास विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा व्ही पी (सी) क्रमांक 427 ऑफ2022 बचपन बचाओ आंदोलन और यूनियन ऑफ इण्डिया में पारित आदेश दिनांक 09 अक्टूबर 2023 एवं हम भारत की महिलाए यूनियन ऑफ इण्डिया और प्रादेश याचिका एस (सिविल) एन एस 1156/2021 तथा प्रादेश याचिका नंबर 424 व 2022 बचपन बचाओ आंदोलन और यूनियन ऑफ इण्डिया में पारित आदेश दिनांक 30.07.2024 के अनुक्रम में लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा-39 के अधीन सहायक व्यक्तियों के संदर्भ में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा जारी मॉडल गाइडलाइन के क्रियान्वयन हेतु राज्य के सभी जिलों में सपोर्ट पर्सन का इम्पैनलमेंट हेतु रुचि की अभिव्यक्ति का विज्ञापन प्रकाशित किया जाना है। उपरोक्त संबंध में निर्धारित अर्हताओं, अनर्हताओं के प्रकाश में पात्र आवेदकों,संगठनों से दिनांक 31 अक्टूबर 2025 तक आवेदन आमंत्रित किया जाना प्रस्तावित है।

भरतपुर जनदर्शन में ग्रामीणों ने रखी अपनी समस्याएं

एमसीबी/ नवप्रदेश। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देश पर अपर कलेक्टर विनायक शर्मा ने भरतपुर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय कक्ष में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं को सुना। जिले के ग्रामीणों और नागरिकों ने अपनी छोटी-बड़ी समस्याएं सीधे अपर कलेक्टर के समक्ष रखीं। अपर कलेक्टर ने सभी प्राप्त आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र एवं समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। आज के जनदर्शन में कुल 18 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें जनकपुर निवासी सुशील सिंह ने नगर पंचायत क्षेत्र में बिना अनुमति किए जा रहे निर्माण कार्य के संबंध में, जबकि जनकपुर निवासी श्यामावती पति रमेश केवट ने स्थगन के संबंध में। ग्राम घटाई के सुरेश कुशवाहा ने सही नक्शा दिलाने के संबंध में, वहीं ग्राम डोंगरी टोला निवासी रामसेवक सिंह ने पंचायत चपरासी को न्याय दिलाने के संबंध में, ग्राम पंचायत जमुआ के सरपंच एवं कृषकों ने अपनी पंचायत को नवीन सहकारी समिति सिंगरौली से पृथक कर पूर्व माड़ीसरई समिति में शामिल किए जाने के संबंध में, ग्राम नौढिया के लवकेश अहिरवार ने रोजगार या सहायता राशि उपलब्ध कराने के संबंध में, जबकि ग्राम हर्रई निवासी विशेषर प्रसाद गुप्ता ने आदिम जाति सेवा सहकारी समिति धान खरीदी केंद्र सिंगरौली से समय पर ऋण जमा करने के बावजूद ऋण वसूली किए जाने के संबंध में अपना शिकायत लेकर उपस्थित हुए थे।

तंबाकू और नशा मुक्त स्कूल-कॉलेज अभियान 3.0 का हुआ शुभारंभ

विद्यार्थियों को मिलेगा स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण

एमसीबी/ नवप्रदेश। भारत सरकार के स्कूल शिक्षा मंत्रालय, उच्च शिक्षा मंत्रालय एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के संयुक्त प्रयासों से देशभर में तंबाकू और नशा मुक्त स्कूल-कॉलेज अभियान को सशक्त रूप से लागू करने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। प्राप्त संयुक्त पत्र के अनुसार युवाओं में तंबाकू सेवन की बढ़ती प्रवृत्ति को रोकने तथा देश को तंबाकू मुक्त पीढ़ी की ओर अग्रसर करने के उद्देश्य से तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 (ञ्स्नङ्घ्ष्ट 3.0) का शुभारंभ विगत 9 अक्टूबर 2025 से किया गया है। यह अभियान बच्चों और युवाओं को तंबाकू एवं नशे के सेवन से दूर रखने, उन्हें शिक्षित और सशक्त बनाने तथा जो इसका सेवन

तंबाकू सेवन: एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट

तंबाकू सेवन आज भारत में एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या बन चुकी है, जो सिर, गर्दन, फेफड़ों और ग्रासनली के कैंसर सहित अनेक जानलेवा बीमारियों का प्रमुख कारण है। वैश्विक युवा तंबाकू सर्वेक्षण 2019 के अनुसार 13 से 15 वर्ष की आयु के स्कूली बच्चों में तंबाकू सेवन की दर 8.4: पाई गई है। सर्वेक्षण से यह भी स्पष्ट हुआ कि तंबाकू सेवन प्रारंभ करने की औसत आयु सिगरेट के लिए 11.5 वर्ष, बीड़ी के लिए 10.5 वर्ष और धुआं रहित तंबाकू उत्पादों के लिए 9.9 वर्ष है। चिंताजनक तथ्य यह भी है कि लड़कियाँ लड़कों की तुलना में तंबाकू उत्पादों का सेवन पहले प्रारंभ कर रही हैं।

नवाचार और जनभागीदारी से बनेगा स्वस्थ भारत

इसके अतिरिक्त नवाचारी जागरूकता सामग्री तैयार करने हेतु प्रतियोगिताएँ, भारत सरकार की मौजूदा पहलों जैसे विश्व तंबाकू निषेध दिवस क्विज़ और स्ब्ल्श1 प्लेटफॉर्म पर तंबाकू मुक्त पीढ़ी की ओर स्कूल चौलेंज में भागीदारी को भी बढ़ावा दिया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा विकसित शैक्षिक वीडियो राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के शैक्षणिक चैनलों, स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों और खेल केंद्रों में प्रसारित किए जाएँगे। अभियान की सफलता के लिए स्थानीय प्रशासन, कानून प्रवर्तन एजेंसियों और स्वशासी संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी ताकि शैक्षणिक परिसरों की चारदीवारी के बाहर 100 गज के क्षेत्र को लाल रेखा खींचकर या बोर्ड लगाकर तंबाकू मुक्त क्षेत्र के रूप में चिन्हित किया जा सके।

नशामुक्त पीढ़ी का संकल्प: युवाओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा

साथ ही इस परिधि में स्थित दुकानों को किसी भी प्रकार के तंबाकू या मादक पदार्थों की बिक्री से प्रतिबंधित किया जाएगा। क्षेत्रीय ऑडियो-विजुअल माध्यमों और मनोरंजन चैनलों को भी निर्देशित किया गया है कि वे 60 दिनों की अभियान अवधि में युवाओं को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों पर आधारित संदेशों और टेक्स्ट स्क्रॉल का प्रसारण करें। इस व्यापक अभियान का उद्देश्य केवल तंबाकू सेवन को हतोत्साहित करना ही नहीं बल्कि युवाओं के मानसिक, शारीरिक और सामाजिक स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए एक स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण तैयार करना है। भारत सरकार का यह प्रयास तंबाकू मुक्त पीढ़ी के निर्माण और नशामुक्त भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम

जनकल्याणकारी नीतियों से सशक्त हो रहा श्रमिक परिवार

- मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना से बिट्टू का संवर रहा भविष्य
- आर्थिक सहायता से उच्च शिक्षा में मिली मदद

बलरामपुर / नवप्रदेश। मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण कर रहे श्रमिक के पुत्र बिट्टू कुशवाहा ने अपनी मेहनत और लगन से पूरे जिले के नाम रोशन किया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में चलित मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना ने श्रमिक परिवारों के सपनों को नई दिशा दी है।

विकासखण्ड कुसमी के ग्राम नवाडीह निवासी श्री कमलेश कुशवाहा जो श्रम विभाग में पंजीकृत श्रमिक है। जो अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए लगातार प्रयासरत रहे। सीमित आय और कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने बेटे की शिक्षा में कभी कमी नहीं आने दी। परिणामस्वरूप बिट्टू कुशवाहा ने कक्षा 10वीं के परीक्षा में राज्य में टॉप 10 में अपनी जगह बनाई तथा नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना अंतर्गत बिट्टू कुशवाहा लाभान्वित हुए। उन्हें कुल 2 लाख रुपये की शैक्षणिक सहायता राशि प्रदान की गई। जिसमें 1 लाख रुपये वाहन के लिए एवं 1 लाख रुपये शिक्षा सहायता राशि दी गइ। इस आर्थिक सहयोग से बिट्टू उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने सपनों को साकार कर सकेगा। बिट्टू ने बताया कि मेरे पिता ने हमेशा मेहनत करना सिखाया है और वे कहते है कि निरंतर कोशिश करने वालों को कभी निराशा नहीं होती। बिट्टू कहता है कि मेहनत करना पिता से सीखा तो वहीं सपनों को पूरा करने का उम्मीद शासन की योजनाओं से संभव हो रहा हैं। वह बताता है कि वाहन के लिए प्राप्त राशि से उसने स्कूटी खरीदा और आगे नीट की तैयारी कर रहा है, ताकि चिकित्सा क्षेत्र में जाकर अपनी सेवाएं दे सके। बिट्टू के पिता कमलेश कुशवाहा भावुक होकर कहते हैं कि पहले लगता था बच्चों की पढ़ाई महंगी है अब शासन की मदद से हमारे बच्चों का भविष्य सुरक्षित हो रहा है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री की जनकल्याणकारी नीतियों से श्रमिक परिवारों को आर्थिक लाभ पहुँचाया जा रहा है।

जनहित योजनाओं में लापरवाही पर कलेक्टर का सख्त निर्देश

साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

दंतेवाड़ा / नवप्रदेश। कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं, जनहित कार्यों और प्रगति रिपोर्ट की विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर ने जनकल्याणकारी योजनाओं में लापरवाही पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी अधिकारियों को समयबद्ध और परिणाम आधारित कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में शिक्षा विभाग को स्कूलों में नशा मुक्ति और तंबाकू मुक्त परिसर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि स्कूलों के आसपास गुटखा और तंबाकू की दुकानों को हटाने की कार्रवाई की जाए तथा नशा विरोधी कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएं। यदि किसी संस्था में तंबाकू सेवन पाया गया तो दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा कलेक्टर ने नियद नेल्लानार ग्रामों में प्रधानमंत्री आवासो पर सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति पर चर्चा करते हुए गरीब परिवारों को 100 यूनिट तक की सुविधा प्राथमिकता से उपलब्ध कराने और लंबित प्रकरणों का समाधान बैंक एवं वेंडरों के माध्यम से शीघ्र करने के निर्देश दिए गए।

साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं, विशेषकर प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना में लंबित आवेदनों पर कलेक्टर ने जल्द से जल्द से पूर्ण करने के दिए निर्देष। उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि लंबित मामलों का तत्काल निराकरण किया जाए। स्वास्थ्य विभाग को मितानिनों के माध्यम से दवा वितरण और टीकाकरण कार्यों को शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। आंगनवाड़ी तथा स्वास्थ्य विभाग के समन्वय में पोषण तथा टीकाकरण योजनाओं को मजबूत करने पर जोर दिया गया। धान उपार्जन और कृषि कार्यों की समीक्षा में शेष किसानों के पंजीयन को शीघ्रता से पूर्ण करने तथा गिरदावरी डेटा पंचायतों में सार्वजनिक करने के निर्देश दिए गए। संवेदनशील उपार्जन केंद्रों पर अतिरिक्त स्टाफ की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा गया।उन्होंने तहसीलदारो को निर्देशित करते हुए कहा कि एग्रीस्टैक फार्मर आईडी के तहत पंजीकृत सभी किसान को इसका लाभ दिया जाना अनिवार्य किया जाना है।

इस पोर्टल के जरिये पट्टाधारी किसानों को केन्द्र और राज्य के सभी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कहा कि प्रत्येक अधिकारी जनता के प्रति उत्तरदायी है।

बौरीड़ाड पंचायत में पोषण और स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

एमसीबी / नवप्रदेश। बौरीड़ाड पंचायत में बच्चों और महिलाओं को पोषण और स्वच्छता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी देने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रवेक्षक श्रीमती शिल्पा अग्रवाल ने तिरंगे भोजन के महत्व और इसे अपने दैनिक आहार में शामिल कर संतुलित व पोषण युक्त थाली बनाने के तरीके बच्चों और महिलाओं को समझाए। इसके पश्चात् स्वच्छता समन्वयक श्रीमती प्रभा प्यासी ने स्वच्छता अपनाने के महत्व को बताते हुए बताया कि किस प्रकार हम मौसमी और छोटी-छोटी बीमारियों से बच सकते हैं।

कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती निषीद लकड़ा ने उपस्थित बच्चों, महिलाओं और ग्रामवासियों से पोषण और स्वच्छता अपनाने की अपील की तथा बौरीड़ाड पंचायत को कुपोषण मुक्त बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अगले चरण में महिलाओं के लिए कुर्सी दौड़ और एक मिनट प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर श्रीमती अग्रवाल ने बौरीड़ाड पंचायत को बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत बनाने की शपथ दिलाई। इस जागरूकता कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी कार्यकर्ताओं और स्वच्छताग्राही दीदीयों का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिससे बच्चों और महिलाओं को पोषण और स्वच्छता का संदेश प्रभावी रूप से पहुँचाया गया।

जिले को मिला मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना का कोटा श्रद्धालुओं को मिलेगा मथुरा-वृंदावन दर्शन का सौभाग्य

एमसीबी/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा श्रद्धालुओं की धार्मिक आस्था एवं सांस्कृतिक भावना को सम्मान देते हुए निरंतर रूप से संचालित मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के लिए भी एक नया अवसर प्राप्त हुआ है। इस योजना के तहत जिले के 10 पात्र तीर्थयात्रियों का चयन किया गया है जिन्हें आगामी 20 नवम्बर से 23 नवम्बर 2025 तक पवित्र स्थल मथुरा, वृंदावन और श्रीकृष्ण जन्मभूमि की धार्मिक यात्रा का सौभाग्य प्राप्त होगा। शासन द्वारा की जा रही यह पहल न केवल वरिष्ठ नागरिकों की धार्मिक आकांक्षा को पूरा करने की दिशा में एक कदम है बल्कि यह समाज के उन वंचित वर्गों के प्रति संवेदनशीलता का प्रतीक भी है, जो आर्थिक अभाव या सामाजिक परिस्थिति के कारण तीर्थ यात्रा करने में असमर्थ रहते हैं। इस योजना का लाभ विशेष रूप से उन वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों, विधवा एवं परित्यक्ता महिलाओं को दिया जाएगा जो 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के हैं तथा शारीरिक और मानसिक रूप से तीर्थ यात्रा के योग्य हैं। इच्छुक पात्र जन अपने आवेदन पत्र निर्धारित प्रपत्र में 05 नवम्बर 2025 तक अपने क्षेत्र के जनपद पंचायत या नगरीय निकाय कार्यालय में जमा कर सकते हैं। चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं समानता सुनिश्चित करने हेतु शासन ने स्पष्ट प्रावधान किए हैं। योजना में 80 प्रतिशत लाभार्थी बी.पी.एल., अन्त्योदय एवं मुख्यमंत्री खाद्य योजना कार्ड धारक होंगे, जबकि 20 प्रतिशत लाभार्थी गरीबी रेखा से ऊपर के वे नागरिक होंगे जो आयकरदाता नहीं हैं।ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के हितग्राहियों के संतुलित प्रतिनिधित्व हेतु यह भी निर्धारित किया गया है कि 75 प्रतिशत तीर्थयात्री ग्रामीण क्षेत्र से तथा 25 प्रतिशत तीर्थयात्री शहरी क्षेत्र से चयनित किए जाएंगे। यह प्रावधान न केवल संतुलन बनाए रखने के लिए बल्कि यह सुनिश्चित करने के लिए भी किया गया है कि राज्य के हर हिस्से से पात्र नागरिकों को इस योजना का लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना का मूल उद्देश्य ऐसे वरिष्ठ नागरिकों एवं पात्र लाभार्थियों को तीर्थ स्थलों के दर्शन का अवसर देना है जो जीवन के इस पड़ाव में आर्थिक या शारीरिक सीमाओं के कारण स्वयं यह यात्रा नहीं कर सकते।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने विभिन्न प्रतिष्ठानों का किया निरीक्षण

बलरामपुर/ नवप्रदेश। दीपावली पर्व को देखते हुए जिले के होटलों में बिक रहे अमानक स्तर की मिठाइयों एवं खाद्य सामग्रियों की बिक्री पर पाबंदी लगाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा के निर्देशन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के द्वारा जिले के विभिन्न विकासखण्डों में स्थित होटलों, डेयरी, किराना एवं फल दुकानों निरीक्षण किया जा रहा है। इसके साथ ही चलित खाद्य प्रयोगशाला वाहन के माध्यम से जिले में खाद्य पदार्थों का परीक्षण कर जांच किया जा रहा है।

पेज 1 का शेष

सीएम फडणवीस के...

के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस की मौजूदगी में गढ़चिरौली पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा- हम सभी, चाहे वह महाराष्ट्र हो, छत्तीसगढ़ हो या तेलंगाना, नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुट हैं। हम एक-दूसरे के साथ समन्वय में काम करते हैं।

सरेंडर से पहले भूपति ने लिखा था पत्र

भूपति ने अपने साथियों को भी पत्र लिखा था कि अब सरेंडर ही आखिरी विकल्प बचा है। हमें हिंसा का रास्ता छोड़कर शांति और संवाद का मार्ग अपनाना होगा। हालांकि भूपति के इस आग्रह को केंद्रीय कमेटी ने खारिज कर दिया था, लेकिन अब 60 से अधिक कैडरों ने भूपति के साथ सरेंडर कर शांति प्रस्ताव का समर्थन किया है।

कांकेर में कंपनी नंबर 5 राजू ...

मीना, ललिता, समेत तमाम बड़े लीडरों ने सरेंडर किया है।

100 से अधिक नक्सली कर सकते हैं सरेंडर

नक्सलियों से भरी तीसरी बस भी कामतेड़ा कैम्प पहुंची गई है। माड़ डिविजन ने 15 अक्टूबर को सरेंडर की बात कही थी। सरेंडर करने वाले नक्सलियों की संख्या 100 से अधिक हो सकती है। फिलहाल आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है।

सुकमा में 27 नक्सलियों ...

यह छत्तीसगढ़, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और महाराष्ट्र में मोस्ट वांटेड है। इस पर करीब 1 से डेढ़ करोड़ रुपए का इनाम घोषित है। संघर्ष विराम को लेकर सोनू उर्फ भूपति द्वारा जारी प्रेस नोट के बाद संगठन में खलबली मची थी। नक्सल संगठन ने सोनू और उनके साथियों से हथियार छीनने पीएलजीए को दिए थे निर्देश। सोनू की जान को अपने ही साथियों से ख़तरा था। इसी बीच उसके समर्पण करने की खबर आ रही थी।

5 लाख की ईनामी ...

से प्रभावित होकर उसने नक्सली मार्ग छोड़ दिया। आत्मसमर्पण करने पर गीता को छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति के तहत 50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी गई है. साथ ही शासन की पुनर्वास नीति के तहत अन्य सुविधाएँ प्रदान किए जाने की प्रक्रिया जारी है।

यह आत्मसमर्पण पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुन्दरराज पी., पुलिस उप महानिरीक्षक उत्तर बस्तर रेंज अमित तुकाराम काम्बले, और पुलिस अधीक्षक वॉय अक्षय कुमार के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान की बड़ी सफलता मानी जा रही है। इस अभियान में एएसपी (ऑप्स) रूपेष कुमार डाण्डे, डीएसपी (ऑप्स) सतीष भार्गव और अन्य अधिकारियों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

सीजीपीएससी घोटाला: हाईकोर्ट ...

अनिश्चितता में क्यों रखा गया है?

17 उम्मीदवारों की जांच चल रही: चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा व जस्टिस बीडी गुरु की बेंच में सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से बताया गया कि 17 उम्मीदवारों की भूमिका की जांच चल रही है, जबकि अन्य आरोपियों पर अभी चार्जशीट दाखिल नहीं हुई है। कोर्ट ने इस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि रिपोर्ट में 41 नाम थे, अब 17 पर जांच और बाकी का क्या हुआ?

12 लोगों की गिरफ्तारी

इस घोटाले में अब तक कुल 12 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। 18 नवंबर 2024 को सीबीआई ने तत्कालीन अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी और बजरंग पावर एंड इस्पात के तत्कालीन निदेशक श्रवण कुमार गोयल को गिरफ्तार किया था। इसके बाद 10 जनवरी को 5 और आरोपियों को हिरासत में लिया गया। जिनमें नितेश सोनवानी (तत्कालीन अध्यक्ष का भतीजा, डिप्टी कलेक्टर चयनित), ललित गणवीर (तत्कालीन डिप्टी परीक्षा नियंत्रक, सीजीपीएससी), शशांक गोयल, भूमिका कटियार (दोनों डिप्टी कलेक्टर चयनित) और साहिल सोनवानी (डीएसपी चयनित) शामिल हैं। ये सभी फिलहाल जेल में बंद हैं।

चैतन्य 14 दिन की ...

में मिलाने के लिए किया था। भूपेश बघेल ने आरोप लगाया है कि विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि उन्हें न्यायपालिका पर भरोसा है और वे उनके साथ सहयोग करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि उनके बेटे के खिलाफईडी की कार्रवाई राज्य में अवैध वृक्ष कटाई से ध्यान हटाने के लिए शुरू की गई थी, क्योंकि कांग्रेस इस मुद्दे को विधानसभा में उठाने वाली थी।

नीतिश ने चिराग की पांच...

डाले जाएंगे। 14 नवंबर को नतीजे आएंगे।

चिराग के दावे वाली 5 सीटों पर उतारे कैंडिडेट

जेडीयू ने चिराग के दावे वाली 5 सीटों सोनबरसा, अलौली, राजगीर, एकमा और मोरबा पर भी जेडीयू ने कैंडिडेट उतारे हैं। नीतीश कुमार ने जिस तरह चिराग पासवान को मिली पांच सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं, उससे लगा रहा है कि नीतीश कुमार ने सीट शेयरिंग पर एनडीए के फॉर्मूले को बिगाड़ दिया है। बता दें कि पासवान की एलजेपी को 29 सीटें मिली है। इसमें से पांच पर अब जदयू के उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे।

सम्राट के लिए छोड़ी अपनी सिटिंग सीट

नीतीश कुमार ने सम्राट चौधरी के लिए अपनी सिटिंग सीट छोड़ दी है। पिछली बार तारापुर जेडीयू के खाते में थी। इस बार यहां से बीजेपी कोटे से डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी लड़ेंगे। वहीं परबत्ता सीट भी जेडीयू ने गठबंधन के लिए छोड़ी है। 2020 में परबत्ता जदयू के खाते में थी। जेडीयू और बीजेपी बराबर-बराबर 101-101 सीटों पर चुनाव लडने का फॉर्मूला तय हुआ था। बाकी 41 सीटें सहयोगी दलों में बांट दी गई थीं।

भाजपा की दूसरी लिस्ट में ...1

नहीं दिया था। वे चुनाव में निर्दलीय खड़े हुए थे। विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने उन्हें मौका दिया है।

मैथिली ठाकुर को जिस अलीनगर सीट से टिकट मिला है यहां से पिछली बार वीआईपी के टिकट पर मिश्री लाल यादव जीते थे। बाद में ये बीजेपी में शामिल हो गए थे। 2024 के फ्लोर टेस्ट के दौरान राजद का साथ देने के आरोप में पार्टी ने इनसे किनारा कर लिया था। पटना जिले की बाढ़ विधानसभा से बीजेपी ने सिटिंग विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू का टिकट काट दिया है। वो कभी नीतीश कुमार के करीबी माने जाते थे। 2024 में एनडीए सरकार में मंत्री नहीं बनने के बाद उन्होंने अपनी ही पार्टी की आलोचना की थी।

तेजस्वी ने राघोपुर ...

से लड़ रहे हैं। उन्होंने पहली बार 2015 में इस सीट से जीत दर्ज की थी और उपमुख्यमंत्री बने थे। वहीं वर्ष 2020 में भी इस सीट को अपने पास बरकरार रखा और विधानसभा में विरोधी दल के नेता बने थे।

राघोपुर को राजद का पारंपरिक गढ़ माना जाता है, जहां से खुद पूर्व मुख्यमंत्री और राजद प्रमुख लालू प्रसाद और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी भी पूर्व में चुनाव लड़ चुके हैं। नामांकन से पहले तेजस्वी प्रसाद यादव का काफिला जब हाजीपुर के लिये निकला तो रास्ते भर समर्थकों ने उनका भव्य स्वागत किया। भारी भीड़, ढोल-नगाड़े और नारेबाज़ी के बीच तेजस्वी प्रसाद यादव ने हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया।

देश देखेगा बस्तर का ...

पुडुचेरी, अंडमान-निकोबार द्वीप समूह, एनडीआरएफऔर एनएसजी की झांकियां भी चयनित हुई हैं।

संघर्ष से विकास की ओर संदेश पर झांकी केंद्रित

मुख्यमंत्री ने बताया कि झांकी का विषय बदलता बस्तरसंघर्ष से विकास की ओर पर केंद्रित है। इसे जनसंपर्क विभाग ने तैयार किया है, जिसमें बस्तर की जनजातीय अस्मिता, ढोकरा धातु कला, आदिवासी चित्रकला, लोकनृत्य, वेशभूषा और आधुनिक विकास की झलक दिखाई जाएगी। झांकी का मुख्य संदेश होगा- भय से विश्वास की ओर, बस्तर बदलाव की राह पर।

न्यूज गैलरी

छगपिकआ अध्यक्ष विश्वकर्मा की प्रेस वार्ता आज

मनेन्द्रगढ़/ नवप्रदेश।। छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष आर.एस. विश्वकर्मा (भा.प्र.से. से.नि.), (कैबिनेट मंत्री दर्जा) द्वारा दिनांक 16 अक्टूबर 2025 (गुरुवार) को अपराह्न 1.00 बजे जनपद पंचायत सभाकक्ष (अमृत सदन) में प्रेस वार्ता आयोजित की जाएगी।अतः जिले के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि समय पर उपस्थित होकर प्रेस वार्ता को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता केन्द्र माहका हेतु दावा आपत्ति 24 अक्टूबर तक

नारायणपुर/ नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास परियोजना नारायणपुर के रिक्त केन्द्रों के विरूद्ध पद पूर्ति हेतु आंगनबाड़ी कार्यकर्ता केन्द्र माहका ग्राम पंचायत माहका के आवेदन 17 सितम्बर के द्वारा 01 अक्टूबर तक आमंत्रित किया गया था। प्राप्त आवेदन पर चयन प्रावधान अनुसार योग्यता क्रम के आधार पर मूल्यांकन समिति द्वारा परीक्षण उपरान्त दावा आपत्ति 24 अक्टूबर तक कार्यालय समय में डाक पत्र या स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति संबंधी सप्रमाण पत्र के साथ आवेदन आमंत्रित कर सकते है। समय अवधि के पश्चात् किसी प्रकार की शिकायत अथवा दावा आपत्ति पर पूनःविचार नहीं किया जाएगा।

काउंसलर एवं केस वर्कर के पदों पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित 28 अक्टूबर तक

नारायणपुर/ नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लोहित्र मिशन वर्तिका योजना के क्रियान्वयन तथा अनुमोदित पदों की पूर्ति के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन यूनिट के काउंसलर एवं केस वर्कर के संविदा पदों पर भर्ती की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है।इन पदों पर भर्ती हेतु पात्र अभ्यर्थियों से 14 अक्टूबर से 28 अक्टूबर 2025 तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित तिथि तक अपने आवेदन पत्र महिला एवं बाल विकास विभाग जिला नारायणपुर में जमा कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के सूचना पटल पर एवं वेबसाईट www.narayanpur.gov.in °ß´ www.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है।

स्वीप कार्यक्रम के तहत निबंध प्रतियोगिता एवं मतदाता शपथ का आयोजन

नारायणपुर/ नवप्रदेश। स्वीप कार्ययोजना का आयोजन 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर के मध्य किसी का शासकीय पॉलीटेक्निक नारायणपुर में किया गया। इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों और युवाओं को मतदान के महत्व से अवगत कराना तथा उन्हें अपने मताधिकार का सही उपयोग करने के लिए प्रेरित करना था। संख्या के विद्यार्थियों ने निबंध प्रतियोगिता, रंगोली एवं पोस्टर के माध्यम से मतदान के प्रति प्रेरित किया। मेरा वोट- मेरा अधिकारष् वोट करें, देश गढ़ जैसे नारों से परिसर गुंजायमान हो उठा। संख्या के प्राचार्य श्री अविनाश कुमार जैन ने अपने संबोधन में कहा कि लोकतंत्र की सच्ची मजबूती जागरूक मतदाताओं से ही संभव है। युवा वर्ग को मतदान में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए, क्योंकि वहीं देश के भविष्य के निर्माता है। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मतदाता शपथ ली कि वे स्वयं मतदान करेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर प्राचार्य, अध्यापकगढ़ तथा छात्र-छात्राऐं उपस्थित रहे।

दण्डाधिकारी जांच हेतु उपस्थित हो साक्ष्य प्रस्तुत करें

बीजापुर / नवप्रदेश। थाना गंगालूर क्षेत्र के ग्राम गमपुर के जंगल पहाड़ में 02 अक्टूबर 2025 को पुलिस-नक्सली मुठभेड़ हुई। घटनास्थल की बारिकी से सर्चिंग के दौरान एक अज्ञात नक्सली के शव सहित बीजीएल रायफल, बीजीएल सेल, सिंगल शार्ट रायफल का जिंदा राउण्ड, टिफिन बम, कार्डेक्स, नक्सली साहित्य व अन्य सामग्री बरामद की गई।इस घटना से संबंधित कोई भी जानकारी रखने वाले व्यक्ति 30 अक्टूबर 2025 तक अनुविभागीय दण्डाधिकारी, बीजापुर के न्यायालय में उपस्थित होकर साक्ष्य प्रस्तुत कर सकते है।

जिले में दलहन-तिलहन के क्षेत्र में उछाल, धान के रकबे में कमी

■ **किसानों में बढ़ा भरोसा-अब धान के साथ दलहन, तिलहन फसलों की ओर रुझान**

कोरिया / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में विगत वर्ष धान की बंपर पैदावार के बावजूद अब किसानों में पारंपरिक फसलों के साथ अन्य फसलों की ओर रुझान बढ़ने लगा है। कोरिया जिले के किसान अब धान के अलावा दलहन, तिलहन की खेती में भी रुचि ले रहे हैं, जिससे फसल विविधीकरण की दिशा में एक सकारात्मक परिवर्तन देखा जा रहा है।

धान के रकबे में कमी

कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, खरीफ वर्ष 2024-25 में जिले में 33,842 हेक्टेयर में धान की बुवाई की गई थी, जबकि वर्तमान खरीफ वर्ष 2025-26 में 32,920 हेक्टेयर में धान बोए गए हैं। इस प्रकार 922 हेक्टेयर क्षेत्रफल में (2.75 प्रतिशत) कमी दर्ज की गई है।

दलहन-तिलहन के रकबे में वृद्धि

जिले में दलहन और तिलहन फसलों के रकबे में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। विगत वर्ष 9,194 हेक्टेयर में दलहन की खेती की गई थी, जबकि इस वर्ष यह बढ़कर 9,730 हेक्टेयर हो गई है यानि 536 हेक्टेयर (5.82 प्रतिशत) की वृद्धि की गई है। वर्ष 2024 में 1,874 हेक्टेयर क्षेत्र में तिलहन की बुवाई हुई थी, जबकि वर्तमान वर्ष में यह बढ़कर 2,272 हेक्टेयर तक पहुँच गई है यानी 398 हेक्टेयर (21.23 प्रतिशत) की बढ़ोतरी हुई है।

मूंगफली फसलों के रकबे में उछाल

मूंगफली फसल की बात करें तो इसमें भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। पिछले वर्ष 933 हेक्टेयर में बुवाई की गई थी, जबकि इस वर्ष यह बढ़कर 1,520 हेक्टेयर हो गई है यानि 587 हेक्टेयर (38.61 प्रतिशत) की वृद्धि हुई है।

जिले के किसान फसल विविधीकरण की ओर

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा प्रदेश के किसानों और ग्रामीणों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए उठाए गए ठोस कदमों का ही यह परिणाम है कि अब जिले के किसान फसल विविधीकरण की ओर अग्रसर हो रहे हैं। जिले के किसान धान के अलावा दलहन, तिलहन फसलों के माध्यम से अपनी आमदनी बढ़ाने में रूचि ले रहे हैं। आने वाले समय में कोरिया जिला दलहन-तिलहन उत्पादन के क्षेत्र में अग्रणी जिलों में शामिल होगा।कृषि विभाग द्वारा किसानों को उन्नत बीज, तकनीकी मार्गदर्शन और विपणन सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, जलवायु और मिट्टी की उपयुक्तता के चलते जिले में तिलहन और दलहन दोनों की पैदावार में और वृद्धि की संभावना है।

युकां की बिजली चोर गद्दी छोड़ प्रदर्शन गुटबाजी की भेंट चढ़ी

■ **प्रशासन की तगड़ी बैरिकेटिंग के चलते युवा कांग्रेस की निकली हवा**

कांकेर/नवप्रदेश। बिजली चोर गद्दी छोड़ जैसी प्रदेश की विभिन्न समस्याओं को लेकर युवा कांग्रेस के द्वारा कलेक्ट्रेट घेराव का कार्यक्रम आयोजित किया गया था।कार्यक्रम की तैयारी विगत 15दिनों से की जा रही थी। मजे की बात तो यह है कि बिजली चोर गद्दी छोड़ प्रदर्शन में शहर में बड़े बड़े फ्लैक्स में शहर के अधिकांश बड़े नेताओं की फोटो दरकिनार किए जाने से कांग्रेस की गुटबाज़ी खुलकर सामने आने की बात चर्चाओ का बाजार गर्म कर दिया है।हालांकि जिस प्रकार से राष्ट्रीय सचिव के आने का जो जोश युवा कांग्रेस एनएसयूआई कार्यकर्ताओं में देखा जा रहा था।वो जोश फ्लैक्स में छपे अपराधी नेताओ की फोटो राष्ट्रीय सचिव के साथ जगह जगह होने के बाद से युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओ में नाराज़गी साफ देखी गई।बुधवार 15 अक्टूबर को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में प्रदेश की भाजपा सरकार के द्वारा बिजली बिल में की गई बेतहाशा बढोतरी एवं राज्य सरकार द्वारा हाफ बिजली बिल योजना के तहत् 400 यूनिट सीमा को समाप्त कर प्रायोजित लूट के विरोध में युवा कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब दीपक बैज प्रदेश अध्यक्ष छग.प्रदेश कांग्रेस कमेटी राजेश तिवारी सचिव अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी विकास उपाध्याय सचिव अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी देवेन्द्र यादव सचिव अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अमित पठानिया प्रदेश प्रभारी छग.युवा कांग्रेस श्रीमती सावित्री मनोज मंडावी विधायक भानुप्रतापपुर आकाश शर्मा प्रदेश अध्यक्ष छग.युवा कांग्रेस श्रीमती सुभद्रा सलाम अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी कांकेर एवं प्रदेश पदाधिकारी की उपस्थिती में कलेक्ट्रेट घेराव करने निकली लेकिन जिला प्रशासन के ताबड़तोड़ बेरीकेटिंग के आगे कांग्रेस का प्रदर्शन फीका रहा।युवा कांग्रेस एनएसयूआई कार्यकर्ताओं की भीड़ से ज्यादा पुलिस की भीड़ के आगे कांग्रेस नेताओं की एक नहीं चली।

पुलिस और नेताओं की झूमा झटकी भी एक प्रकार की नौटंकी ही साबित हुई।

आपराधिक मामलों में शामिल नेता की फ्लैक्स वार

बता दें कि कांकेर जिले के युवा कांग्रेस के नेता की अपराधिक रिकॉर्ड के बावजूद उसे अब तक पार्टी से बाहर नहीं किया गया है जिसके चलते कांग्रेस पार्टी की जबरदस्त किरकिरी हो रही है।इसके अलावा कांग्रेस के कई ऐसे छूटभैए नेता है जो दोनों पार्टी के साथ जुगलबंदी कर अपनी ठेकेदारी परम्परा जारी रखे हुए है। प्रदर्शन मे सचिव अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अमित पठानिया प्रदेश प्रभारी छग.युवा कांग्रेस श्रीमती सावित्री मनोज मंडावी विधायक भानुप्रतापपुर आकाश शर्मा प्रदेश अध्यक्ष छग.युवा कांग्रेस श्रीमती सुभद्रा सलाम अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी कांकेर एवं प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

कोरिया / नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग कोरिया छ0ग0 के द्वारा भारत सरकार की कार्ययोजना अनुसार 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना अतंर्गत महिला सशक्तिकरण और बलिकाओं के उज्जवल भविष्य को समर्पित अंतराष्ट्रीय बालिका दिवस एवं राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री एन0एस0 रावटे के मार्गदर्शन में शासकीय कन्या महाविद्यालय बैकुण्ठपुर में बालिकाओं का जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, ताकि बालिकाएं अपने साथ होने वाली किसी भी प्रकार की हिंसात्मक घटनाओं से बचा सकें एवं पोषण माह अंतर्गत बालिकाओं को पोषण संबंधित जानकारी दिया गया। कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक, श्रीमति दीपिका पटेल, जेन्डर विशेषज्ञ श्रीमति अनुराधा तिवारी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक श्रीमति पटेल के द्वारा विभाग के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए संचालित सभी योजनाएं जैसे- महिला सशक्तिकरण, सखी वन स्टाप सेन्टर, महिला हेल्पलाईन 181, चाईल्ड लाईन 1098, घरेलु हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, महतारी वंदन योजना, मातृत्व वदन योजना, शक्ति सदन, बाल विवाह प्रतिषेध के बारे में जानकारी दिया गया।

मुख्यमंत्री ने अपात्र वन पट्टाधारी और पी.व्ही.टी.जी. कृषकों की पात्रता का पुनः परीक्षण अक्टूबर 2025 तक कराने के दिए निर्देश

नारायणपुर/ नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में 12 अक्टूबर को संपन्न कलेक्टर कॉन्फ्रेन्स में विभाग से संबधित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की समीक्षा में पाया गया है कि प्रदेश में वन पट्टाधारी वर्ग के 4,54,272 एवं पी.व्ही.टी.जी. वर्ग के 41,800 कृषक है। इनमें से वन पट्टाधारी किसानों में से 2,89,403 और पी.व्ही.टी. जी. वर्ग के 37,061 किसानों को पी.एम. किसान योजना के तहत पंजीकृत कर लाभान्वित किया जा रहा है जबकि वन पट्टाधारी किसानों में से 1,23,599 और पी.व्ही.टी.जी. वर्ग के 3,321 किसानों को कतिपय कारणों से पी.एम. किसान योजना के दिशा-निर्देशो के परिपालन में अपात्र किया गया है। मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा पी.एम. किसान योजना अंतर्गत अपात्र किये गये कृषको की पात्रता का पुनः परीक्षण अक्टुबर 2025 अंत तक करवाकर योजना के मापदण्डो के अनुरुप पात्र पाये जाने की स्थिति में कृषको का पंजीयन पी.एम. किसान योजना के तहत करने के निर्देश दिये गये है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा पी.एम. किसान योजना के तहत पी.व्ही.टी.जी. परिवार को लाभप्राप्त करने हेतु कृषि भूमि स्वामित्व की अनिवार्यता को शिथिल किया गया है। वन पट्टाधारी किसानों के लिए वर्ष 2019 के पहले की भूमि अनिवार्यता को शिथिल किया गया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत वन पट्टाधारी एवं पी.व्ही.टी.जी. वर्ग के कृषको की पात्रता का अक्टुबर 2025 अंत तक पुनः परीक्षण कर पात्र पाए गए कृषको का पी.एम. किसान योजना पोर्टल में पंजीयन करने निर्देशित किया गया है।

पटाखा दुकानों की अग्नि सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण दिशा निर्देश जारी

एमसीबी / नवप्रदेश। जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी ने जानकारी दी है कि दीपावली का पर्व निकट होने के कारण बड़ी संख्या में पटाखा दुकानों के लिए अनुज्ञप्ति जारी की जाती है। गत कुछ वर्षों में पटाखा दुकानों एवं संग्रहण स्थलों में घटित अग्नि दुर्घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए यह आवश्यक है कि घनी आबादी एवं व्यवसायिक गतिविधियों वाले क्षेत्रों में ऐसी दुकानों के लिए अनुज्ञप्ति जारी नहीं की जानी चाहिए तथा यदि आवश्यक हो तो इस संबंध में जिला अग्निशमन अधिकारीयों का अभिमत भी प्राप्त किया जा सकता है। यह भी आवश्यक है कि जिलों में अवैध रूप से संचालित पटाखा दुकानों एवं संग्रहण स्थलों के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही हो पटाखा दुकान में किसी भी ज्वलनशील पदार्थ जैसे कपड़ा, बांस, रस्सी, टेंट इत्यादी का न होकर अज्वलनशील सामग्री से बने टिन (शेड) द्वारा निर्मित होना चाहिए। पटाखा दुकान एक दूसरे से कम से कम तीन मीटर की दूरी (साइड) पर एवं एक दूसरे के सामने न बनाई जाए। पटाखा दुकानों में प्रकाश व्यवस्था हेतु किसी भी प्रकार के तेल का लैंप, गैस लैंप एवं खुली बिजली बत्ती का प्रयोग प्रतिबंधित रहेगा। किसी भी पटाखा दुकान से 50 मीटर के अंदर आतिशबाजी प्रदर्शन प्रतिबंधित, विद्युत तारों में ज्वाइंट खुला नहीं होना चाहिए एवं प्रत्येक मास्टर स्विच में फ्यूज या सर्किट ब्रेकर लगा होना चाहिए जिससे शार्ट सर्किट की स्थिति में विद्युत प्रवाह स्वतः बन्द हो जाए। दुकान ट्रांसफार्मर के पास न हो और उनके उपर से हाई टेंशन पावर लाईन न गुजरती हो। प्रत्येक पटाखा दुकान में 05 किलोग्राम क्षमता का डीसीपी अग्निशामक यंत्र होना चाहिए, इसकी मारक क्षमता 6 फिट की होती है। दुकानों के सामने कुछ अंतराल में 500 लीटर क्षमता के पानी के ड्रम की व्यवस्था बाल्टियों के साथ, पटाखा दुकानों के सामने बाइक/कार की पार्किंग न हो, अग्निशमन विभाग एवं एम्बुलेंस का फोन नंबर दुकान परिसर के कुछ स्थानों में लगाया जाए तथा अग्निशमन वाहन के मूवमेंट के लिए पर्याप्त स्थान होना चाहिए।

ओबीसी वर्ग की प्रगति के लिए एकजुट होकर करें कार्य: आर.एस. विश्वकर्मा

■ **पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा कर दिए जरूरी दिशा-निर्देश**

कोरिया / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष आर.एस. विश्वकर्मा ने कहा कि पिछड़ा वर्ग के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक उत्थान के लिए सभी विभागों को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि समाज की सशक्तता तभी संभव है जब योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

उन्होंने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देशित किया कि पिछड़ा वर्ग के अधिक से अधिक हितग्राही शासकीय योजनाओं से लाभान्वित हों।

बैठक में आयोग के सदस्य यशवंत सिंह वर्मा, बलदाऊ राम साहू, हरिशंकर यादव और कृष्णा गुप्ता, कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ावर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण, मनरेगा, पशु चिकित्सा, उद्यानिकी, मत्स्य, खाद्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, उद्योग व्यापार केंद्र, कौशल विकास, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं की समीक्षा की गई।

अध्यक्ष विश्वकर्मा ने ओबीसी छात्रावास निर्माण के प्रस्ताव शीघ्र भेजने, स्कॉलरशिप योजना का लाभ सभी पात्र विद्यार्थियों को दिलाने, तथा पीएम विश्वकर्मा योजना के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के निर्देश दिए।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष के प्रबल दावेदार हैं युवा नेता अमित भद्र

अध्यक्ष पद को लेकर युवा दावेदारी से कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल

■ **नारायणपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष के प्रबल दावेदार हैं युवा नेता अमित भद्र**

नारायणपुर / नवप्रदेश।भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा पूरे देश प्रदेश में संगठन सृजन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में नारायणपुर जिले में भी नए जिला कांग्रेस अध्यक्ष की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (ढ्रष्ट) के अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे के निर्देश पर नारायणपुर जिले में रायशुमारी के लिए राष्ट्रीय पर्यवेक्षक सैयद अजमतुल्ला हुसैनी, विधायक कुंवर निषाद (गुंडरदेही) और विधायक रामकुमार यादव (चंद्रपुर) को भेजा गया,ये तीनों पर्यवेक्षक जिला मुख्यालय में दो दिनों से चल रही बैठकों में जिले के सभी ब्लॉक कांग्रेस, शहर कांग्रेस, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवा दल, एनएसयूआई सहित विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से वन-टू-वन रायशुमारी कर रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं। यह रिपोर्ट जल्द ही दिल्ली पार्टी संगठन को भेजी जाएगी, जिसके बाद नए जिला अध्यक्ष की घोषणा की जाएगी।

चार नेताओं के नाम दावेदारी के रूप में आए...

- → अमित भद्र (सामान्य वर्ग),
- → पड़ीराम वड्डे (आदिवासी वर्ग),
- → राजेश दिवान (सामान्य वर्ग)
- → शेख तोहिद (अल्पसंख्यक वर्ग)

इनमें से प्रबल दावेदार के रूप में अमित भद्र का नाम सामने आ रहा हैं युवाओं में अच्छी पकड़ के साथ साथ शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में इनकी लोकप्रियता इनकी बड़ी ताकत है ।

छात्र राजनीति छात्रसंघ चुनाव की जीत से शुरुआत कर एनएसयूआई और युवा कांग्रेस के दो बार के निर्वाचित जिला अध्यक्ष, प्रदेश महासचिव एवं बस्तर संभाग प्रभारी रह चुके हैं। भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा में अपने नेता देवेंद्र यादव के साथ आयोजक समिति सदस्य के रूप में सक्रिय कार्य कर चुके है। नगर पालिका परिषद में अपने वार्ड पार्षद के रूप में 5 साल सफल जनप्रतिनिधि रह चुके है।

राहुल गांधी के हाथों सर्वश्रेष्ठ युवा कांग्रेस एनएसयूआई जिला अध्यक्ष पुरस्कार प्राप्त कर सम्मानित भी किए गए है। सामाजिक कार्य, संगठनात्मक कार्य और युवाओं, महिलाओं , वरिष्ठ नेताओं में अपनी लोकप्रियता अच्छी पकड़ को देखते हुए इनकी दावेदारी सबसे प्रबल मानी जा रही है। जिले के हर वर्गों में अच्छा कार्य करने का अनुभव साथ ही सबको साथ लेकर चलने संग्नात्मितक कार्य करने का जज्बा जुनून इनकी दावेदारी और भी मजबूत कर रही है। पूरे जिले में इस युवा नेता के अध्यक्ष बनने की चर्चा काफी जोरो से होने लगी है। कांग्रेस के साथ साथ सत्ता दल बीजेपी बड़े नेताओं में भी युवा नेता अमित भद्र की प्रबल दावेदारी को लेकर पौने नजर बनाए रखे जाने की बात सामने आ रही है। पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट के आधार पर नारायणपुर को इन चार नेताओं में से किसी एक के रूप में नया जिला कांग्रेस अध्यक्ष का ताज मिलेगा। घोषणा राष्ट्रीय स्तर दिल्ली से शीघ्र की जाएगी।

महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने जाना साइबर अपराध से बचने की तकनीक

कांकेर / नवप्रदेश। उमनि-वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इन्दिरा कल्याण ऐलिसेला के दिशानिर्देशन में समय-समय पर थाना क्षेत्र के अवैध गतिविधियों की रोकथाम एवं साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए 14अक्टुबर 2025 को साइबर अपराध से होने वाले होने वाले घटनाओं एवं उनसे बचने की जानकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भानुप्रतापपुर आकाश श्रीश्रीमाल दिशा निर्देश में अनुविभागीय अधिकारी भानुप्रतापपुर शेर बहादुर सिंह ठाकुर एवं थाना प्रभारी रामेश्वर प्रसाद देशमुख उप निरीक्षक अनिल पालेश्वर के द्वारा शासकीय महर्षि वाल्मीकि महाविद्यालय भानुप्रतापपुर में साइबर फ्रॉड से होने वाले घटनाओं जैसे अनजान मोबाइल नंबर पर बात करना एवं लिंक को क्लिक करना अनजान व्यक्ति द्वारा खाता में पैसा ट्रांसफर करने या लॉटरी के नाम पर अधिक पैसा का लालच देकर ठगी करने के संबंध में एवं उनसे बचने के संबंध में तथा अन्य घटनाओं के संबंध में जैसे यातायात जागरूकता नियमों को पालन करना एवं सीट बेल्ट हेलमेट लगाकर वाहन चलाने की। समझाइश दी गई है। कार्यक्रम मे पार्षद निकेश ठाकुर, कीर्ति पददा एवं गणमान्य नागरिक रतनेश सिंह छात्र-छात्राए अधिकारी कर्मचारियों सहित आसपास क्षेत्र के लोग मौजूद थे। साइबर अपराध संबंधित जानकारी थाना भानुप्रतापपुर पुलिस द्वारा दिया गया।

खस्ताहाल 130 तालाबों का हुआ कायाकल्प, जलसंरक्षण के साथ महिला समूहों की आमदनी का जरिया बने सरोवर

सुमित गुप्ता

दुर्ग/नवप्रदेश। शहरों में जहां तालाबों को पाटा जा रहा है, वहीं ग्रामीण इलाकों में तालाबों का कायाकल्प करने अमृत सरोवर योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिले के 130 तालाबों का कायाकल्प हो चुका है। जीर्णशीर्ण हो चुके ये तालाब अब अमृत सरोवर बन चुके हैं। तालाबों का गहरीकरण किया गया है। पानी की स्टोरेज क्षमता बढ़ गई है। तालाबों में महिला स्वसहायता समूहों द्वारा सिंघाड़ा की खेती और मछलीपालन जैसे कार्य किये जा रहे हैं। इससे महिलाओं को रोजगार मिल रहा है। जिला पंचायत दुर्ग को केंद्र सरकार की योजना के तहत 130 तालाबों की हालत सुधारने का टार्गेट दिया गया था। अमृत सरोवर योजना के तहत मिले टार्गेट को जिला पंचायत दुर्ग ने पूरा कर लिया है। अब इन तालाबों में महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं को आजीविका गतिविधियों से आमदनी हो रही है। जिला पंचायत दुर्ग के अफसरों ने बताया कि तालाबों की मरम्मत के साथ गहरीकरण किया गया। पानी की स्टोरेज क्षमता न्यूनतम 10 हजार घन मीटर कर दी गई है। अमृत सरोवर की सफाई अब ग्रामीण करते हैं। बारिश के पानी से भरे तालाब के कारण भूजल स्तर बेहतर हो रहा है। आसपास के बोरवेलों में जल स्तर में वृद्धि हो रही है। भूजल पुनर्भरण, जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन से जल स्तर में वृद्धि के साथ ही जल संकट से सुरक्षा के लाभ भी ग्रामीणों को मिल रहे हैं। तालाब के कायाकल्प से ग्रामीणों के जीवन में स्थायी परिवर्तन और खुशहाली आई है।

थनौद का 55 साल पुराना तालाब बना अमृत सरोवर

राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार ग्राम पंचायत थनौद का राजा तालाब 55 साल का हो चुका है। इन साढ़े पांच दशकों में तालाब की दुर्दशा होती रही। किसी ने भी तालाब की दशा सुधारने पर ध्यान नहीं दिया। केंद्र सरकार की अमृत सरोवर योजना ने दशकों तक उपेक्षित रहे इस तालाब की तस्वीर संवार दी है। गहरीकरण करने से तालाब की पानी स्टोरेज क्षमता बढ़ गई है। थनौद ग्राम पंचायत का यह अमृत सरोवर अब केवल जल संरक्षण का साधन नहीं रह गया है, बल्कि यह किसानों की समृद्धि और महिलाओं की आत्मनिर्भरता का प्रतीक बन चुका है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में राजा तालाब की हालत सुधारने कुल 9.92 लाख रुपए स्वीकृत किया गया। तालाब का पुनरुद्धार मनरेगा योजना के अंतर्गत मिशन अमृत सरोवर के तहत किया गया। तालाब की जीर्ण-शीर्ण हालत को सुधारते हुए कायाकल्प कर पुनर्जीवित कर दिया गया है। तालाब की जलभराव क्षमता अब तीन गुना बढ़ गई है। इस तालाब में 10,000 घनमीटर पानी स्टोर किया जा सकता है।

महिला स्वसहायता समूहों को लीज पर दिया तालाब

तालाब को स्थानीय महिला स्व-सहायता समूह को लीज पर दिया गया है। दुर्ग मत्स्य सहकारी समिति की महिलाओं ने गर्मी के पिछले सीजन में लगभग 1 लाख रूपये की मछली बेचकर आय अर्जित की। स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष कुलश्वरी ढीमर और पंचायत सचिव रेखा साहू को उम्मीद है कि इस साल भी लगभग 1 लाख की मछली का उत्पादन हो सकेगा। इस पहल से महिलाओं को अतिरिक्त आय हो रही है।

तालाब की स्टोरेज क्षमता बढ़ने से होने लगी खेतों की सिंचाई

तालाबों की मरम्मत और संधारण कार्य के साथ ही गहरीकरण किये जाने से भूजल स्तर बेहतर करने में मदद मिल रही है। तालाबों की स्टोरेज क्षमता बढने और तालाब के भूतल में जमी गाद की सफाई होने से भूजल संवर्धन-संरक्षण में मदद मिल रही है। स्टोरेज क्षमता बढने से इन अमृत सरोवरों से छोटे किसान सिंचाई भी कर रहे हैं। 25 एकड़ क्षेत्र में फैले तालाब में से आसपास के किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है। गांव के किसान बालम चक्रधारी, प्रेमलाल चक्रधारी, रामचरण यादव ने बताया कि तालाब के पानी से 2-3 एकड़ के खेत पर सिंचाई कर लेते हैं। गायत्री सिन्हा की लगभग 1.25 एकड़ भूमि की सिंचाई अब सरोवर के पानी से हो रही है। किसानों को अब खरीफके साथ रबी फसल उगाने का अवसर भी मिल रहा है। इससे उनकी आमदनी बढ़ी है।

न्यूज गैलरी

न्यू आरजू मेडिकल का औषधि लाइसेंस निरस्त

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन जिला दुर्ग की औषधि शाखा द्वारा शिकायत और अनियमितताएं अधिक होने के कारण न्यू आरजू मेडिकल का औषधि लाइसेंस निरस्त किया गया है। इसी तरह मिश्रा मेडिकोज के औषधि लाईसेंस को 10 दिवस के लिए निलंबित किया गया। सितंबर माह में सहायक औषधि नियंत्रक संजय सिंह झडेकार के नेतृत्व में औषधि निरीक्षक विशनु प्रसाद साहू और चंद्रकला ठाकुर की संयुक्त टीम ने कैम्प 1 भिलाई पहुंचकर म न्यू आरजू मेडिकल, मिश्रा मेडिकोज, आरजू मेडिकल, जिया मेडिकल और बालाजी मेडिकल का निरीक्षण किया था। अनियमितताओं के आधार पर इन सभी मेडिकल स्टोर्स को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। न्यू आरजू मेडिकल संतोषजनक जवाब प्रस्तुत न करने पर यह कार्रवाई की गई। मेसर्स आदिराज मेडिकल्स, मॉडल टॉउन भिलाई, जिला दुर्ग का निरीक्षण 12 सितम्बर 2025 को कोडिन फास्फेट सिरप के संबंध में किया गया? फर्म द्वारा वैध रिकार्ड प्रस्तुत नहीं किया गया। आदिराज मेडिकल्स, मॉडल टॉउन भिलाई को निरस्त किया गया। मेडिकल स्टोर संचालन में विशेष तौर पर औषधियां जिनका नशे के रूप में दुरूपयोग संभव है, के क्रय-विक्रय रिकार्ड के संबंध में अनियमितता पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

शिक्षा मंत्री गजेन्द्र ने किया विद्युत उपकेन्द्र माटरा का भूमिपूजन

7 गांवों के हजारों उपभोक्ताओं और किसानों को मिलेगा लाभ

दुर्ग/नवप्रदेश। राज्य के शिक्षा, ग्रामोद्योग एवं विधि-विधायी कार्य मंत्री गजेन्द्र यादव ने आज दुर्ग जिले में ग्राम माटरा में 33/11 केव्ही विद्युत उपकेन्द्र निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन कर क्षेत्र की जनता को बड़ी सौगात दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यादव ने कहा कि यह उपकेंद्र क्षेत्र की जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करेगा और बिजली के बेहतर बुनियादी ढांचे के माध्यम से क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगा। उपकेंद्र के निर्माण से किसानों को उच्च गुणवत्ता वाली बिजली मिल सकेगी, जिससे वे अपनी फसलों को सही समय पर आवश्यकतानुसार पानी देकर उपज में वृद्धि कर सकेंगे। सीएसपीडीसीएल दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल ने बताया कि विद्युत उपकेंद्र लगभग 2 करोड़ 38 लाख रुपये की लागत से बनकर तैयार होगा। नवीन उपकेन्द्र के निर्माण से 7 गांवों के हजारों उपभोक्ता और किसान लाभान्वित होंगे। हमारा लक्ष्य हर घर को रोशनी, हर खेत को पानी और हर किसान को पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराना है। माटरा में नये उपकेंद्र के निर्माण से ग्राम पेण्ड्रीतराई, कोकड़ी, हरदी, गोता, खजरी, ठेंगाभाठ और माटरा ग्रामों के उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। उपकेन्द्र के बनने से इन क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बेहतर और निर्बाध होगी। भूमिपूजन समारोह की अध्यक्षता विधायक बेमेतरा दीपेश साहू ने की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष जितेन्द्र साहू उपस्थित रहे। जिला पंचायत दुर्ग की अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, पूर्व विधायक बेमेतरा अवधेश सिंह चंदेल, जनपद पंचायत धमधा के अध्यक्ष लीमन साहू, जिला पंचायत दुर्ग सदस्य उषा सोनवानी, अध्यक्ष भाजपा मंडल बेरला डोमेन्द्र सिंह राजपूत, सदस्य जनपद पंचायत धमधा राजेश साहू, पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत धमधा डॉ एनके तिवारी, विधायक प्रतिनिधि जिला पंचायत दुर्ग किसुन लाल साहू, विधायक प्रतिनिधि जनपद पंचायत धमधा उकेन साहू, सरपंच ग्राम माटरा देवशरण साहू, अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति मर्यादित माटरा खुमान साहू विशेष अतिथि के तौर पर शामिल हुए। विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता आरके मिश्रा, कार्यपालन अभियंता टीएल सहारे और डीके भारती सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी सहित नागरिकगण उपस्थित हुए।

46 छात्राओं को मिली सायकिल, विधायक ललित ने किया वितरण

भिलाई/नवप्रदेश। शासकीय हायर सेकेंड्री स्कूल मतवारी की छात्राओं को दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने सरस्वती सायकिल योजना के तहत सायकिल का वितरण किया। छात्राओं ने सायकिल की घंटी बजाकर विधायक ललित चंद्राकर का अभिवादन किया। इस मौके पर विधायक ललित चंद्राकर ने छात्राओं को तिलक लगाकर मिठाई भी खिलाई। विधायक ललित चंद्राकर ने कार्यक्रम में विधायक निधि से 2 लाख रुपए की लागत से निर्मित किचन शेड का विधिवत पूजा-अर्चना कर लोकार्पण भी किया। छात्राओं ने बताया कि एक किलोमीटर से अधिक दूरी से पैदल चलकर स्कूल आती थी। सायकिल मिलने से अब पैदल चलना नहीं पड़ेगा। कम समय में घर से स्कूल और स्कूल से घर पहुंच जाएंगे। विधायक चंद्राकर ने बताया कक्षा 9 वीं में प्रवेश लेने वाली एससी एसटी वर्ग की सभी छात्राओं को निःशुल्क सरस्वती सायकल वितरण योजना के अंतर्गत निःशुल्क सायकल दी जाती है। गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाली छात्राओं को भी निःशुल्क सायकल दी जाती है।

आईसीएफएआई विवि की गर्ल्स और बॉयज कबड्डी टीम विजेता

कुम्हारी। आईसीएफएआई विश्वविद्यालय की कबड्डी (गर्ल्स) टीम ने अंतर-विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता 2025, वार्षिक खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव में विजेता का खिताब जीत लिया। कबड्डी (बॉयज़) टीम उपविजेता रही। प्रतियोगिता 10 से 12 अक्टूबर तक हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित की गई। प्रतियोगिता के दौरान विश्वविद्यालय के खेल समन्वयक हेमंत कुमार देवांगन, असिस्टेंट प्रोफेसर ने सफल संचालन किया। कुलपति डॉ. शिव दयाल पांडे और कुलसचिव डॉ. मनीष उपाध्याय ने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी।

एकता और जागरुकता से मजबूत होगा समाज - सांसद बघेल

भिलाई/नवप्रदेश। कोसरिया मरार पटेल समाज के नवगठित झीट राज्य के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन उत्साह और गरिमा के साथ न्यू बाजार चौक, ग्राम झीट महुदा में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल थे। अध्यक्षता दुर्ग जिला मरार समाज अध्यक्ष आत्मा राम पटेल ने की। विशिष्ट अतिथि जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक, जिला पंचायत सदस्य नीलम राजेश चंद्राकर, पूर्व जनपद अध्यक्ष रामबाई गजानंद सिन्हा सहित अनेक समाजसेवी उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत शाक, भाजी, कंद-मूल, फल-फूल दात्री मां भगवती शाकम्भरी देवी के तेल चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। सांसद विजय बघेल का स्वागत शाल व श्रीफल भेंटकर किया गया। उन्होंने समारोह में उपस्थित समाज के गणमान्य जनों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित भी किया। सांसद बघेल ने मौके पर किचन शेड और बाउंड्रीवॉल का लोकार्पण करते हुए कहा कि समाज के प्रति सेवा कार्य ही उनका संकल्प है। उन्होंने कहा कि समाज से मिले सहयोग और समर्थन के कारण ही वे दूसरी बार सांसद बने हैं। जिला अध्यक्ष आत्मा राम पटेल ने अपने उद्बोधन में नवगठित झीट राज्य के अध्यक्ष कामता प्रसाद पटेल को शुभकामनाएँ दीं।

रूंगटा कॉलेज में वर्चुअल लैब पर आईआईटी रुड़की की ऑनलाइन कार्यशाला

भिलाई/नवप्रदेश। आरएसआर कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलाजी में वर्चुअल लैब पर एक दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका संचालन भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की द्वारा किया गया। कॉलेज के सभी संकाय सदस्यों ने कार्यशाला में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस पहल का उद्देश्य शिक्षकों को वर्चुअल लैब की कार्यप्रणाली, उसकी शैक्षणिक उपयोगिता और भविष्य की संभावनाओं से परिचित कराना था, ताकि विद्यार्थी आने वाले समय में उन्नत तकनीक आधारित प्रयोगात्मक शिक्षा का लाभ प्राप्त कर सकें।वर्चुअल लैब की विशेषताओं में विद्यार्थियों के लिए रिमोट-एक्सेस सुविधा, सिमुलेशन आधारित प्रयोग, लगभग 1000 प्रयोग जो इंजीनियरिंग और विज्ञान के 9 प्रमुख विषयों से संबंधित हैं और एआईसीटीई पाठ्यक्रमों से संबद्ध हैं, एक संपूर्ण लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम जिसमें वेब संसाधन, वीडियो लेक्चर, एनीमेटेड डेमोंस्ट्रेशन तथा सेल्फ-इवैल्यूएशन टूल्स उल्लेखनीय हैं। कार्यशाला का संयोजन परिनीता झा (नोडल ऑफिसर, आईआईटी रुड़की) के नेतृत्व में हुआ। उन्होंने वर्चुअल लैब के महत्व पर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. मनीष वर्मा ने इसे संस्था और विद्यार्थियों के लिए ऐतिहासिक पहल बताया और कहा कि यह नवाचार एवं प्रायोगिक शिक्षा की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा। कार्यशाला का उद्घाटन डॉ. श्रीकांत बुर्जे (निदेशक अकादमिक) और डॉ. मोहम्मद साजिद अंसारी (निदेशक प्रशासन) द्वारा किया गया। निदेशक डॉ. साकेत रुँगटा और चेयरमैन संजय रुँगटा ने शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि बहुत कम संस्थानों को आईआईटी रुड़की से सीधे जुडने का अवसर मिलता है और यह आरएसआर रूंगटा कॉलेज के लिए गर्व का क्षण है। सभी अतिथियों ने प्राचार्या डॉ. मनीष वर्मा की इस दूरदर्शी पहल की सराहना की और परिनीता झा के सतत प्रयासों की प्रशंसा की। इस अवसर पर आईआईटी रुड़की से प्रो आरएस आनंद और चेतन ने भी कॉलेज को बधाई दी और इस प्रयास को आगे बढ़ाने की शुभकामनाएँ दी। संस्थान ने घोषणा की कि यह पहल भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगी और निकट भविष्य में आईआईटी रुड़की के विशेषज्ञ दल भिलाई आकर विद्यार्थियों के लिए और भी प्रयोगशालाएँ स्थापित करेंगे, जिससे आरएसआर रूंगटा कॉलेज नवाचार और तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ प्राप्त करेगा।

दुर्ग के रिसामा स्कूल में 15 दिनों से कोई शिक्षक पढ़ाने नहीं आया, ग्रामीणों ने जड़ा ताला

दुर्ग/नवप्रदेश। दुर्ग ब्लॉक के रिसामा गांव में ग्रामीणों ने प्राथमिक शाला में तालाबंदी कर दी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि स्कूल में पदस्थ तीनों शिक्षक कई दिनों से स्कूल नहीं आ रहे हैं। बच्चों की पढ़ाई ठप हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि रिसामा प्राथमिक शाला में कक्षा पहली से पांचवी के लगभग 80 विद्यार्थी पढ़ते हैं। यहां हेडमास्टर नरेश ठाकुर और दो सहायक शिक्षक मोहन सिंह ठाकुर व गेश्वर राजू साहू पदस्थ हैं। ग्रामीणों ने बताया कि हेडमास्टर 11 अक्टूबर तक अवकाश पर थे। 12 और 13 अक्टूबर को बिना सूचना के अनुपस्थित रहे। अन्य दो शिक्षक कई दिनों से स्कूल नहीं आ रहे हैं। उपसरपंच मन्नूलाल साहू और दिलेश कुमार ने बताया कि पिछले 15 दिनों से स्कूल में कोई भी शिक्षक नहीं आया। शिक्षकों की अनुपस्थिति के कारण पढ़ाई के साथ ही मध्यान्ह भोजन व्यवस्था भी अव्यवस्थित हो गई है। मिडिल स्कूल रिसामा के प्राचार्य गजेन्द्र चंद्राकर ने बताया कि दो शिक्षकों को एसडीएम कार्यालय से बीएलओ ड्यूटी के आदेश मिले हैं। प्रधान पाठक नरेश ठाकुर ने 11 अक्टूबर तक अर्जित अवकाश का आवेदन दिया था, लेकिन स्वीकृति नहीं ली। 12 और 13 अक्टूबर को वे बिना सूचना अनुपस्थित रहे।

नेहरू आर्ट गैलरी में डॉ. नन्दिता की एकल चित्रकला प्रदर्शनी का उद्घाटन

भिलाई/नवप्रदेश। भिलाई इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क विभाग द्वारा संचालित इंदिरा प्लेस सिविक सेंटर स्थित नेहरू आर्ट गैलरी में डॉ नन्दिता राजश्री की समकालीन पेंटिंग्स की एकल प्रदर्शनी आयोजन तीन दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन 13 अक्टूबर को कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन पवन कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक सम्पर्क प्रशासन एवं जनसम्पर्क अमूल्य प्रियदर्शी महाप्रबंधक जनसम्पर्क प्रशान्त तिवारी महाप्रबंधक पीपी एंड ई बोन्या मुखर्जी महाप्रबंधक मानव संसाधन सचिवालय सौमिक डे महाप्रबंधक एचआरएल एंड डी मुकुल सहारिया सहायक महाप्रबंधक जनसम्पर्क जवाहर बाजपेयी उप प्रबंधक जनसम्पर्क शालिनी चौरसिया और संयंत्र के अधिकारी व कर्मचारी सहित आर्ट्स क्लब के सदस्य इस्पात नगरी के वरिष्ठ कलाकार और चित्रकला प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। मुख्य अतिथि पवन कुमार ने नेहरू आर्ट गैलरी में आयोजित डॉ नन्दिता राजश्री की एकल चित्रकला प्रदर्शनी की सराहना की। उन्होंने कहा कि डॉ नन्दिता के चित्रों में गहराई, विविधता और आध्यात्मिक संवेदनाओं का सुंदर समन्वय झलकता है। पवन कुमार ने उनके चित्रों को भावनात्मक अभिव्यक्ति और सौंदर्यबोध का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। डॉ. नन्दिता राजश्री मूलतः एक कवयित्री हैं। समकालीन कला के क्षेत्र में भी सक्रिय हैं। डॉ नन्दिता ने अपने चित्रों में शब्दों और रंगों के माध्यम से भावनाओं को जीवंत रूप दिया है। पूर्व में भी डॉ नन्दिता राजश्री की नेहरू आर्ट गैलरी में संयुक्त प्रदर्शनी आयोजित की जा चुकी है। तीन दिवसीय प्रदर्शनी में डॉ. नन्दिता की एक्रेलिक पेंटिंग्स के साथ उनकी पुत्री देवलीना प्रियदर्शी द्वारा बनाई गई चुनिंदा पेंटिंग्स को भी प्रदर्शित किया गया है। दिल्ली पब्लिक स्कूल भिलाई के कक्षा 6 में अध्ययनरत देवलीना ने पेंटिंग विधा में विद्यालयीन व अन्य स्तरों पर कई पुरस्कार प्राप्त किए हैं। उनके पिता अमूल्य प्रियदर्शी भिलाई इस्पात संयंत्र में महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष संपर्क प्रशासन एवं जनसंपर्क के पद पर कार्यरत हैं। प्रदर्शनी 15 अक्टूबर तक आम जनता के अवलोकन के लिए खुली रहेगी।

दुर्ग में 4 लाख से ज्यादा पंजीयन | **खेलों से बढ़ेगा आत्मविश्वास, स्वस्थ जीवनशैली को मिलेगा प्रोत्साहन : विजय बघेल**

सांसद खेल महोत्सव 2025 : द्वितीय चरण का भव्य शुभारंभ

- **खेल समाज में एकता और अनुशासन का प्रतीक हैं - महापौर**

दुर्ग। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया और खेलो इंडिया अभियान को आगे बढ़ाते हुए सांसद खेल महोत्सव 2025 के द्वितीय चरण का शुभारंभ 14 अक्टूबर को दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में हुआ। आयोजन का नेतृत्व क्षेत्र के सांसद विजय बघेल ने किया। दुर्ग क्षेत्र में अब तक 4,80,159 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कर देशभर में एक नया मानदंड स्थापित किया है। सांसद खेल महोत्सव 2025 का शुभारंभ महात्मा गांधी स्कूल प्रांगण में आयोजित समारोह में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद विजय बघेल, महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा और शेखर चंद्राकर ने दीप प्रज्वलित कर किया।

सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत दो दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। कुश्ती और वेट लिफ्टिंग महात्मा गांधी स्कूल, बॉलीबॉल खो-खो, कबड्डी, सुरीली कुर्सी दौड़, फुगड़ी, सुराना कॉलेज मैदान में और 100 मी व 400 मी रेस का आयोजन रविशंकर स्टेडियम में किया जा रहा है। महोत्सव में तीन आयु वर्गों में मुकाबला हुआ जिसमें 9 से 15 वर्ष तक के खिलाड़ी, 16 से 30 वर्ष तक के खिलाड़ी और 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के प्रतिभागी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। एकल खेलों में 100 और 400 मीटर दौड़, गेड़ी, कुश्ती, वेटलिफ्टिंग, कुर्सी दौड़ और टीम खेल में बॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो का प्रदर्शन हुआ।

इस मौके पर सांसद विजय बघेल ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा खेल हमें हार-जीत से ऊपर उठकर मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास की भावना देते है। सासंद बघेल ने बताया कि पूरे देश में सबसे ज्यादा रजिस्ट्रेशन दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में हुए हैं। लगभग 4 लाख 82 हजार पंजीयन के साथ हम देश में पहले स्थान पर हैं।

महापौर अलका बाघमार ने कहा कि खेलों से शहर की पहचान बनती है। नगर निगम खिलाड़ियों को हर संभव सुविधा देने के लिए तत्पर है। सभापति श्याम शर्मा ने कहा कि खेल केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि जीवन की पाठशाला है।

भिलाई में दिखी अव्यवस्था

भिलाई में सांसद खेल महोत्सव के पहले दिन अव्यवस्था देखने को मिली। शांति नगर दशहरा मैदान में सुबह से ही पीटीआई स्टाफ मैदान में पहुंच गए थे, लेकिन उनके लिये नाश्ते की व्यवस्था नहीं की गई। दोपहर 1 बजे सिर्फ ऑफिशियल को नाश्ता दिया गया। बच्चों को बिस्किट तक नहीं मिला। आयोजन स्थल पर साफ पानी की व्यवस्था भी नहीं थी। सांसद विजय बघेल ने मौके पर पहुंचकर लचर व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने कड़े शब्दों में नगर निगम आयुक्त को फटकार लगाते हुए व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। सांसद विजय बघेल ने कहा कि कुछ अव्यवस्थाएं हो गई थी, जिसे सुधार लिया गया है।

हाउसिंग बोर्ड के 7 सौ मकान जर्जर

- **पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष बिचपुरिया ने हाउसिंग बोर्ड के चेयरमेन सिंह देव को बताई समस्या**

भिलाई/नवप्रदेश। पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष ब्रजेश बिचपुरिया ने छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव से मलयाली समाज हाउसिंग बोर्ड के प्रतिनिधि मंडल के साथ उनकी समस्याओं के संबंध में चर्चा की। सिंह देव ने उनकी समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया है। बिचपुरिया द्वारा हाउसिंग बोर्ड के जर्जर हो चुके लगभग 700 मकानों में रहने वाले लोगों की परेशानी से भी सिंह देव को अवगत कराया। सिंह देव ने बताया कि एक अधिकारी को हाउसिंग बोर्ड एरिया का लेआउट बनाने के निर्देश दिये हैं। कई जर्जर हाल मकानों की हालत काफी खतरनाक है। कभी भी कोई घटना घट सकती है। वहां रहने वालों को नोटिस भी जारी किये गए हैं। ऐसे मकानों को तोड़कर नए मकान का निर्माण हाउसिंग बोर्ड करेगा। वहां पर रहने वाले लोगों को प्राथमिकता के साथ मकान दिए जाएंगे। बचे हुए मकानों को हाउसिंग बोर्ड सेल करेगा। बिचपुरिया ने हाउसिंग बोर्ड चेयरमेन से कहा कि मकान बनाने के पहले शिफ्ट करने की क्या व्यवस्था रहेगी। उन्होंने कहा कि इस संबंध में चर्चा चल रही है। पूरी व्यवस्था के बाद कार्यवाही शुरू की जाएगी। बिचपुरिया के साथ मलयाली समाज के अध्यक्ष संजीव और महामंत्री के लप्पन व अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

न्यूज गैलरी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर सेतगंगा में पथ संचलन कार्यक्रम संपन्न

मुंगेली/नवप्रदेश। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर सेतगंगा मंडल में पथ संचलन कार्यक्रम घोषदल के साथ संपन्न किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त टीआई केसली झग्गर राम कुर्रे व मुख्य वक्ता के रूप में महंत रामरूप दास महात्यागी हरिहर केदार क्षेत्र मदकूद्वीप उपस्थित रहे। जिला कार्यवाह हजारी साहू, सामाजिक सद्भाव जिला सह प्रमुख मनोहर यादव, मंडल कार्यवाहक चंद्रकुमार यादव, रोहित सागर, गोबिंद चौहान, मोती चौहान, कुमार गबेल, बीरसिंह गबेल, डिलेश्वर गबेल, लवसिंह, बिहार गबेल, सनत, ललित साहू व साथ ही गणमान्य नागरिक में पूर्व जिला पंचायत सदस्य मानिक लाल सोनवानी, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष शिवकुमार बंजारा, मंडल अध्यक्ष सुखचंद साहू, महामंत्री मनोहर मोहल्ले, नारायण शर्मा, जगमोहन मिरी, जितेंद्र भास्कर, राकेश साहू, सुरेश केसरवानी, महेंद्र आहिरे, मनोहर गबेल, सेवप्रकाश साहू, लाला साहू, शिवकुमार उपाध्याय, नरेश यादव, मोती यादव, पालू गबेल, फगूराम घृतलहरे, रज्जू श्रीवास आदि उपस्थित रहे।

सुदूर पहाड़ी क्षेत्र में शिक्षा गुणवत्ता में आ रहा सुधार

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन की युक्तियुक्तकरण नीति के तहत सरगुजा जिले के सुदूर पहाड़ी अंचलों में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए ठोस पहल किए गए है। इसी क्रम में लखनपुर विकासखंड के सुदूर पहाड़ी क्षेत्र में घटोन में शासकीय प्राथमिक शाला को विशेष लाभ मिला है। अब इस विद्यालय में एक के स्थान पर दो शिक्षक पदस्थ हो गए हैं, जिससे बच्चों की शिक्षा को नई गति मिल रही है। घटोन प्राथमिक शाला, पटकुरा ग्राम पंचायत से लगभग 9 किलोमीटर दूर पहाड़ की ऊँचाई पर स्थित है। दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों और सीमित संसाधनों के बावजूद यहां के बच्चों में शिक्षा के प्रति गहरी लगन है। पहले विद्यालय में केवल एक ही शिक्षक, देव कुमार पण्डो पदस्थ थे, जो कठिन परिस्थितियों में पूरे विद्यालय का संचालन कर रहे थे। अब शासन द्वारा शिक्षक युक्तियुक्तकरण नीति के अंतर्गत एक और शिक्षक, कंवर साय की पदस्थापना की गई है। नए शिक्षक के जुड़ने से अब विद्यालय में शिक्षण कार्य सुचारु रूप से संचालित हो सकेगा। इससे बच्चों को विषयवार शिक्षण का लाभ मिलेगा और विद्यालय की नियमितता भी बढ़ेगी। ग्रामीणों एवं अभिभावकों ने युक्तियुक्तकरण के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि पहाड़ के ऊपर बसे हमारे गांव में अब बच्चों को सही ढंग से पढ़ाई का अवसर मिलेगा। यह शासन की बहुत अच्छी पहल है।

राजनीतिक वादों और सरकारी उपेक्षा के बीच मुंगेली की रेल कनेक्टिविटी अधर में

78 साल बाद भी रेल सुविधा से वंचित मुंगेली, विकास का सपना अधूरा

मुंगेली/नवप्रदेश। आजादी को 78 साल बाद भी नगर में निवासियों को रेल नेटवर्क से न जुड़ पाने के कारण भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। जिले में रेल सुविधा न होने से न सिर्फलोगों की यात्रा कठिन हो गई है, बल्कि क्षेत्र के सामाजिक, व्यापारिक और आर्थिक विकास को भी गहरा झटका लगा है। बीजेपी शासन काल में डोंगरगढ तक के लिए रेल लाईन प्रस्ताव पास हो गया था तत्कालिन सांसद लखन साहू ने भूमि पूजन का भी कार्यक्रम आयोजित किया था किन्तु लगभग 8 वर्ष गुजर जानें के बाद भी प्रक्रिया आगे नहीं बढ पाई है, डबल इंजन सहित जिले के सांसद केन्द्रीय मंत्री एवं लोरमी विधायक के उपमुख्यमंत्री होने के बाद भी नगर में रेल लाईन एक सपना हो गया है।

लोगों को हो रही भारी परेशानी-जिले के लाखों लोगों को ट्रेन पकड़ने के लिए आज भी 52 किलोमीटर की दूरी तय करनी पडती है, बिलासपुर रेलवे स्टेशन तक बस या निजी वाहनों से जाना पड़ता है। विशेषकर, बुजुर्गों, मरीजों, छात्रों और व्यापारियों के लिए यह सफर बेहद थकाऊ और महंगा साबित होता है। परिवहन की यह कमी जिले से पलायन का भी एक प्रमुख कारण बन रही है।

व्यापार और उद्योग पर नकारात्मक प्रभाव- रेल कनेक्टिविटी की कमी के कारण, स्थानीय व्यापार और उद्योगों को भी भारी नुकसान हो रहा है। कृषि उत्पादों और निर्मित वस्तुओं को दूर-दराज के बाजारों तक पहुंचाने में अधिक समय और लागत लगती है, जिससे वे प्रतिस्पर्धा में पिछड़ जाते हैं। व्यापारियों का कहना है कि रेल मार्ग सस्ता और तेज परिवहन उपलब्ध कराता, जिससे नए उद्योगों को आकर्षित करने में मदद मिलती।

चुनावी वादे, पर नतीजा शून्य- स्थानीय निवासियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि हर चुनाव में रेल लाइन बिछाने का मुद्दा जोर-शोर से उठाया जाता है, और जनप्रतिनिधि जीतने के बाद इस वादे को भूल जाते हैं। स्थानीय निवासी भैरव तिवारी का कहना है की जिले मे रेल लाईन के लिए आंदोलन कर रहे हैं, किन्तु 58 वर्षो में भी रेल लाईन का निर्माण नहीं हो पाया है। गोपाल शुक्ला ने कहा, की हमने नेताओं के झूठे आश्वासनों पर भरोसा करना छोड़ दिया है। रेल हमारे लिए सिर्फ एक सपना बनकर रह गई है। मीनाक्षी सोनी ने कहा की जिले मे यातायात व्यवस्था सुगम नहीं हो पाने के कारण जिला पिछडता जा रहा है, रेल लाईन के अलावा सडको की भी बद से बदत्तर है।

प्रयासों में कमी, सांसद के उपेक्षा का शिकार जिला- हाल ही में रेलवे के कार्यो की सूची जारी की गई थी जिसमें डोंगरगढ रेल लाईन का कहीं उल्लेख नहीं था पूर्व में प्रस्तावित जिले के रेलल लाईन के संबंध मे पूर्व सांसदों के द्वारा बताया गया था

की राज्य शासन द्वारा सबसिडी नही दिये जाने के कारण यह योजना खटाई में है अब जबकी डबल इंजन की सरकार केन्द्र और राज्य में सत्ता में है, साथ ही स्थानीय सांसद जो केन्द्रय मंत्री भी है की उपेक्षा के कारण ही रेल लाईन से जिला वंचित है स्थानीय लोगों का कहना है की सांसद के ध्यान नहीं दे पाने के कारण ही जिले का उध्दार नहीं हो पा रहा है ज्ञात हो की 8 वर्ष पूर्व नगर में रेल लाईन के लिए जमीन का अधिग्रहण का कार्य भी तेजी से प्रारंभ था किन्तु आज के तारिख में उस जमीन अधिग्रहण का अता-पता नहीं है।

सरकार से अपील

जिले के नागरिकों ने केंद्र और राज्य सरकार से अपील की है कि वे जिले में रेल सुविधा उपलब्ध कराने के लिए युद्धस्तर पर कार्य करें। रेल कनेक्टिविटी इस पिछड़े क्षेत्र के लिए विकास की कुंजी साबित होगी, जिससे स्थानीय लोगों को बेहतर भविष्य की उम्मीद मिल सकेगी।

अधिकारियों को दिए गए समाधान के निर्देश, आमजन ने योजनाओं के लाभ की लगाई गुहार

मुंगेली कलेक्टोरेट में जनदर्शन, 150 से अधिक आवेदकों ने रखी अपनी समस्याएं

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला कलेक्टोरेट में साप्ताहिक जनदर्शन का आयोजन किया गया। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने आमजनों की मांगों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुनी और निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान 150 से अधिक आमजनों ने शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने सहित अपनी मांगों एवं समस्याओं के निराकरण की मांग की।

जनदर्शन में विकासखण्ड लोरमी के ग्राम चकला के नारायण दास टंडन ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का लाभ दिलाने, ग्राम अमलीडीह के अशवन कुमार ने आधारकार्ड में नाम सुधार कराने, ग्राम गैलूगॉव के दीपांकुर ने एग्रीस्टेक पोर्टल में खसरा नम्बर जुड़वाने, ग्राम करीलकुंडा की राजनंदिनी ने अंकसूची में माता का नाम सुधरवाने, मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम धपई निवासी मुकेश साहू ने विद्युत पोल को अन्य जगह स्थानांतरित कराने, ठक्कर बापा वार्ड मुंगेली के दिव्यांग रितेश कोशले ने बैटरी चलित ट्रायसायकल दिलाने, ग्राम छिरहुट्टी की जाना बाई पाटले ने महतारी वंदन योजना का लाभ दिलाने, ग्राम लछनपुर के मनोहर ने किसान कार्ड में खसरा, रकबा दर्ज कराने, ग्राम खम्हरिया के ग्रामीणों ने अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने, ग्राम मजगांव के राघवेन्द्र सिंह ठाकुर ने जमीन का पर्ची बनवाने, ग्राम लिलवाकापा के भागवत प्रसाद ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन दिलाने, ग्राम गुना के नेतराम साहू ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ दिलाने की मांग की। इसी तरह पथरिया विकासखण्ड के ग्राम रोहराकला की संतरा बाई ने खेत का नामांतरण कराने, ग्राम हथकेरा के मिलाप सिंह ने भूमि अधिग्रहण की राशि का भुगतान दिलाने, ग्राम बरेला-अमोरा-कुकुसदा के ग्रामीणों ने सड़क मरम्मत कराने, शकुन पटेल ने स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शौचालय योजना अंतर्गत स्वीकृति दिलाने, ग्राम चन्दखुरी के ज्वाला प्रसाद ने पक्की नाली निर्माण कराने सहित अन्य आवेदकों ने अपनी मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज, पथरिया एसडीएम रेखा चंद्रा, डिप्टी कलेक्टर सारिका मित्तल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

दीपावली त्यौहार, खाद्य प्रशासन की सघन कार्रवाई

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। दीपावली पर्व के मद्देनजर उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन, जिला सरगुजा द्वारा जिलेभर में मिलावटी खाद्य पदार्थों के विरुद्ध विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है।नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार एवं अभिहित अधिकारी के मार्गदर्शन में, सरगुजा जिले के अंतर्गत मिठाई दुकानों, डेयरी एवं खाद्य प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण किया जा रहा है। दीपावली के दौरान खोवा, दूध एवं अन्य दुग्ध उत्पादों की बिक्री बढ़ने के कारण मिलावट की संभावना को ध्यान में रखते हुए यह अभियान विशेष सतर्कता के साथ संचालित किया जा रहा है।

जिले में पदस्थ खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा अंबिकापुर शहर के विभिन्न चौराहों एवं प्रमुख बाजार क्षेत्रों में दूध विक्रेताओं एवं डेयरी उत्पादों की जांच की जा रही है। बाहर से लाए जा रहे दूध एवं खाद्य पदार्थों के नमूने संकलित कर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, रायपुर भेजे जा रहे हैं।

परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 तथा नियम-विनियम 2011 के अंतर्गत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।विगत दिनों मेसर्स औरा ए. फूड लॉन्ज, अंबिकापुर से संकलित पनीर एवं मेसर्स मोहन भोग स्वीट्स एंड बेकर्स, जनपद पंचायत के पास से संकलित खोवा के नमूने राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर से प्राप्त रिपोर्ट में अवमानक स्तर के पाए गए हैं। दोनों प्रतिष्ठानों के विरुद्ध संबंधित अधिनियम के अंतर्गत न्यायालयीन कार्यवाही प्रारंभ की जाएगी।

कन्या महाविद्यालय में पोषण जागरूकता व प्रशिक्षण कार्यक्रम

मुंगेली/नवप्रदेश। नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय पोषण माह 2025 के अंतर्गत किशोर बालक एवं बालिका के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए पोषक तत्वों की कमी जैसे विटामिन एवं मिनरल्स की कमी से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक समस्याओं के निदान के प्रचार-प्रसार हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

प्रशिक्षण देने हेतु आहार विशेषज्ञ शैलबाला सोनकर एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी अंजू बाला शुक्ला ने मुख्य वक्ता के रूप में अपना योगदान दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. प्राची सिंह ने किया। श्रीमती अंजू बाला शुक्ला ने अपने वक्तव्य में कहा कि बच्चों का पोषण उनके शारीरिक मानसिक और संवेगात्मक विकास हेतु अत्यधिक महत्वपूर्ण है। श्रीमती शैलबाला सोनकर ने अपने वक्तव्य में कहा कि पोषण हेतु संतुलित आहार, जिसमें कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, वसा, विटामिन, खनिज और पानी जैसे आवश्यक पोषण तत्व लेने की अधिक से अधिक आवश्यकता होती है। प्राचार्य ने कहा कि माता-पिता को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बच्चे नियमित रूप से सही समय पर भोजन करें। जंक फूड से दूर रहकर अनाज, फल और सब्जियों का सेवन अधिक से अधिक करें। तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित निबंध प्रतियोगिता में प्रथम नेहा अनंत, द्वितीय रिमझिम सोनी एवं तृतीय आकांक्षा कोसले स्थान प्राप्त करने वाले विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संचालन जितेंद्र कुमार शर्मा एवं आभार प्रदर्शन कार्यक्रम की संयोजिका श्रीमती प्रेमा केरकेट्टा ने किया। कार्यक्रम में प्राध्यापक मदन लाल कश्यप, सुरेंद्र कुमार तिग्गा, राजेश कुमार घोसले, अविनाश राठौर, डॉ. शशांक शर्मा, डॉ. डिंपल बंजारा, डॉ. डेजी रानी दिवाकर, डॉ. मधु यामिनी सोनी, मनोरमा भास्कर, नीतू राजपूत एवं कार्यालयीन कर्मचारीगण बलराम यादव, जगन्नाथ जांगड़े, अश्विनी चंद्राकर, इंदु बाला बंजारे, सुशीला अनंत, कलावती और बड़ी संख्या में छात्राओं ने उपस्थित होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया।

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज

लखनपुर/नवप्रदेश। शादी का झांसा देकर युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाने वाले युवक के विरुद्ध पीड़िता ने थाना लखनपुर में शिकायत दर्ज कराई है। दरअसल 20 वर्षीय युवती को बरगला कर आरोपी युवक 25 मई 2025 को दरिमा एयरपोर्ट घूमाने ले गया। वापसी के दौरान युवक लाल दास निवासी ग्राम बगदर्री रात में महिला के घर ग्राम कटकोना में ठहर गया। घर के सभी लोग सो गये तब बदमाश युवक ने महिला को शादी का झांसा देकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया। तब लेकर लगातार महिला को हवस का शिकार बनाता रहा।

जिले में 2,612 गर्भवती महिलाओं की जांच

हाई रिस्क मामलों में सफल प्रसव से मिला नया जीवन

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। एक मां की मुस्कान से सिर्फ उसका घर ही नहीं, बल्कि पूरा समाज खुशहाल बनता है। इस उद्देश्य को साकार करते हुए स्वास्थ्य विभाग ने जिले में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक नया अध्याय लिखा है। छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष 2025-26 के अवसर पर 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चले 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' ने नारी स्वास्थ्य और परिवार कल्याण को नई दिशा दी है। इस विशेष अभियान के दौरान जिलेभर में गर्भवती महिलाओं, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य पर कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां दर्ज की हैं।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत कुल 2,612 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई, जिनमें से 439 हाई रिस्क प्रेग्नेंसी के रूप में चिन्हित किया गया। सोनोग्राफी जांच में 425 महिलाओं की जांच की गई, जिनमें दूसरी और तीसरी तिमाही की 220 एवं 205 महिलाओं की स्क्रीनिंग हुई।विशेषज्ञ स्त्रीरोग चिकित्सकों की टीम ने सभी विकासखंडों में शिविर आयोजित कर गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण काउंसलिंग और उपचार उपलब्ध कराया। इस कार्य में डॉ. किरण भजगावली, डॉ. आर.एस. मरकाम, डॉ. सृष्टि पांडे, डॉ. रजनी किशोर एक्का और डॉ. प्रियंका सिंह सहित अन्य विशेषज्ञों का उल्लेखनीय योगदान रहा।सीएचसी सीतापुर में सोनोग्राफी के दौरान दो गंभीर हाई रिस्क मामलों में ग्राम रजोटी की 25 वर्षीय मनीषा और ग्राम ललितपुर की 35 वर्षीय संजयवती को तत्काल सिजेरियन ऑपरेशन की आवश्यकता बताई गई। एफआरयू सीतापुर में निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. रूपक और स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. संयोगिता पैंकरा की टीम ने दोनों का सफल ऑपरेशन कर मां और नवजात की जिंदगी सुरक्षित की।

राजपुरी व पुहपुटरा हाई स्कूल में 78 बालिकाओं को मिली साइकिल

लखनपुर/नवप्रदेश। शासन की महत्वाकांक्षी सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत विकासखंड लखनपुर के रजपुरी कला एवं पुहपुटरा शासकीय हाई स्कूल में पढ़ने वाले कक्षा नौवमी के बालिकाओं को निःशुल्क साइकिल वितरण किया गया। राजपुरी कला के हाइ स्कूल में 48 तथा पुहपुटरा में 30 बालिकाओं को साइकिल वितरित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंत्री प्रतिनिधि रवि अग्रवाल ने की। विशेष अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिनेश साहू, एवं सेवानिवृत्त बीईओ सुरेश जायसवाल उपस्थित रहे।मुख्य अतिथियों ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में शिक्षा की गुणवत्ता, संस्कार एवं अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला। मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी ने कहा कि बच्चों की अभिरुचि के अनुसार अलग से समय निकालकर सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाना चाहिए, जिससे उनका सर्वांगीण विकास संभव हो सके। कार्यक्रम में विद्यालय परिसर में पेयजल की समस्या एवं प्रार्थना शेड निर्माण की मांग भी रखी गई, जिस पर मंत्री प्रतिनिधि ने शीघ्र स्वीकृति दिलाने का आश्वासन दिया। पुहपुटरा विद्यालय में भी 30 छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि

मंत्री प्रतिनिधि रवि अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शशिकला सिंह रहीं। कार्यक्रम को मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिनेश साहू, राजेंद्र जायसवाल तथा सेवानिवृत्त बीईओ सुरेश जयसवाल ने संबोधित किया। उनके प्रेरणादायक उद्बोधन और काव्य प्रस्तुति ने छात्राओं एवं शिक्षकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंत्री प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शशिकला सिंह, मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिनेश साहू, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष विक्रम सिंह, राजेंद्र जायसवाल, सुरेश जायसवाल, कार्तिक प्रजापति, गजेंद्र सिंह, शिवराज सिंह, घरभरन राजवाड़े, उमेश्वर सिंह, अमोल राजवाड़े, चेतन राम महोदय, सोनवानी, सुदर्शन मानिकपुरी, रामेश्वर राम, सतनारायण दास, धनु राजवाड़े सहित संस्था प्रमुख मैथ्यूज, अभिभावकगण, ग्रामीणजन तथा शिक्षक-शिक्षिकाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

तैयारी

प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को मिलेगा अध्ययन हेतु बेहतर शैक्षणिक वातावरण

शासकीय जिला ग्रंथालय के नवीन भवन में अध्ययन प्रारंभ

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। जिले के विद्यार्थियों के लिए आज का दिन ऐतिहासिक रहा। शासकीय जिला ग्रंथालय, अम्बिकापुर के नवीन भवन का शुभारंभ आज पीएससी, व्यापंम सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के हाथों किया गया।

डीएमएफ मद से महज छह माह की अल्प अवधि में तैयार हुए इस आधुनिक भवन के प्रारंभ होने से विद्यार्थियों को अब बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध होगा।नवीन भवन में छात्रों के अध्ययन के लिए फ्री वाई-फाई सुविधा, नवीन पुस्तकों का संकलन, रोशनीदार अध्ययन कक्ष, स्वच्छ शौचालय, पेयजल एवं शांत अध्ययन वातावरण जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। कलेक्टर विलास भोसकर ने अपने संबोधन में कहा कि पढ़ाई के लिए केवल टेबल, रौशनी और पुस्तकों की आवश्यकता होती है। अब यह सब आपको इस नवीन भवन में उपलब्ध है। आगे बढ़ना है तो अपनी मेहनत और लगन को अपना सबसे बड़ा साथी बनाइए। आत्मविश्वास के साथ पढ़िए और लगे रहिए जब तक मुकाम न मिले।वहीं जिला पंचायत सीईओ श्री विनय कुमार अग्रवाल ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि जब हम प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते थे, तब इतने

संसाधन उपलब्ध नहीं थे। आज आपके पास वाई-फाई, पुस्तकें और आधुनिक ग्रंथालय जैसी सुविधाएं हैं। मोबाइल के अनावश्यक उपयोग से बचें और क्वालिटी मटेरियल के साथ स्मार्ट अध्ययन करें। आत्मविश्वास ही आपकी सबसे बड़ी ताकत है। जिससे अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।अपर कलेक्टर श्री सुनील नायक ने विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि आप अपनी परिस्थितियों की परवाह किए बिना केवल पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करें। सफलता अवश्य मिलेगी। हम जैसा सोचते हैं, वैसे ही बन जाते हैं, इसलिए सदैव सकारात्मक सोच के साथ अध्ययन करें, सफलता अवश्य मिलेगी।विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. दिनेश झा ने कहा कि आज भारत रत्न डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती के अवसर पर विद्यार्थियों को जिला ग्रंथालय का यह नवीन भवन एक प्रेरणादायी उपहार के रूप में मिला है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि पढ़ाई के लिए संसाधनों की नहीं, बल्कि लगन और मेहनत की आवश्यकता होती है। कार्यक्रम में नगर निगम कमिश्नर डी एन कश्यप, पीडब्ल्यूडी मुख्य कार्यपालन अभियंता विरेन्द्र चौधरी, डीएमसी सर्वजीत पाठक, एपीसी संजय सिंह, सहित ग्रंथालय के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

अलग-अलग घटनाओं में मारपीट का मामला दर्ज

लखनपुर/नवप्रदेश। ग्राम अमदला में मामूली बात को लेकर मारपीट किये जाने का मामला प्रकाश में आया है पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक संजय यादव को गांव के अनुज कुमार उमाशंकर भानू प्रताप तीनों निवासी अमदला उक्त चारों आरोपीयों ने मिल कर प्रार्थी और उसके पिता के साथ सिर्फ इसलिए मार पीट किया है कि पड़ोस में कुछ मेहमान सोमवार को शादी के सिलसिले में लड़का देखने आये थे संजय यादव एवं उसके परिवार वाले कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके। आरोपियों ने रौब जमाते हुए कहा बहुत बडे आदमी हो गये हो और मारपीट किया।

वहीं दूसरे मामले में जयशंकर दास वल्द स्व0 रत्न दास ग्राम रजपुरीकला ने 13 अक्टूबर को थाना उपस्थित आकर अपने साथ हुये मारपीट का शिकायत दर्ज कराया है पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक प्रार्थी के साथ आरोपी लल्लू राम राजवाड़े साकिन ग्राम सिरकोतगा ने नशे के हालात में बेवजह गाली गलौज करते हुए जयशंकर के साथ मारपीट किया।

सराफा एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कमल सोनी ने सीएम के समक्ष रखा स्वर्णकला बोर्ड गठन का प्रस्ताव

मुख्यमंत्री ने कहा-लोकहित से जुड़ा विषय, जल्द बनेगी नई नीति, दिया सकारात्मक आश्वासन

- विश्व मानक दिवस पर मुख्यमंत्री साय ने दिलाई गुणवत्ता शपथ
- हर क्षेत्र में पारदर्शिता उपभोक्ता अधिकार और नवाचार सर्वोपरि

बिलासपुर/नवप्रदेश। रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में विश्व मानक दिवस के अवसर पर आयोजित मानक महोत्सव में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि गुणवत्ता ही आत्मनिर्भर भारत की वास्तविक पहचान है। उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र में मानकों का पालन पारदर्शिता, उपभोक्ता अधिकारों की सुरक्षा और नवाचार के लिए आवश्यक है।

मुख्यमंत्री ने भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि बीआईएस का हॉलमार्क अब उपभोक्ता विश्वास का प्रतीक बन चुका है। उन्होंने जनता को गुणवत्ता शपथ दिलाई और कहा मानक केवल नियम नहीं, राष्ट्र निर्माण की रीढ़ हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न संस्थाओं और मानक क्लबों को सम्मानित किया तथा बीआईएस और अन्य संस्थानों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया। उन्होंने बीआईएस केयर ऐप को उपभोक्ता सशक्तिकरण की दिशा में बड़ी उपलब्धि बताया। कार्यक्रम में खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने कहा कि जागो ग्राहक जागो का संदेश समाज में गुणवत्ता और सजगता का प्रतीक है। विशेष रूप से छत्तीसगढ़ ज्वेलर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कमल सोनी ने मुख्यमंत्री के समक्ष सराफा उद्योग की प्रमुख मांग स्वर्णकला बोर्ड के गठन का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि जैसे मध्यप्रदेश और राजस्थान में स्वर्णकला बोर्ड हैं, वैसे ही छत्तीसगढ़ में भी सुनारी कला और कारीगरों के संरक्षण के लिए बोर्ड बनना चाहिए। कमल सोनी ने बताया कि बीएसआई सराफा लागू होने से प्रदेश के सराफा व्यापार में पारदर्शिता और उपभोक्ता विश्वास दोनों बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था व्यापारियों और ग्राहकों के बीच भरोसे की नई नींव रख रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस मांग को लोकहित से जुड़ा विषय बताते हुए सकारात्मक आश्वासन दिया कि सरकार इस पर शीघ्र निर्णय लेगी। उन्होंने यह भी कहा कि सराफा व्यवसाय से जुड़ी नीतियों को सरल और पारदर्शी बनाया जाएगा, ताकि व्यापार को नई गति मिले।

मुख्यमंत्री का सराफा व्यापारियों की ओर से जताया आभार

कमल सोनी ने मुख्यमंत्री को छत्तीसगढ़ के सराफा व्यवसायियों की ओर से आभार व्यक्त करते हुए कहा मुख्यमंत्री के नेतृत्व में गुणवत्ता, पारदर्शिता और विश्वास पर आधारित व्यापारिक वातावरण निर्मित होगा। कार्यक्रम में एनआईटी रायपुर के निदेशक एन. व्ही. रमन्ना राव, चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सतीश थोरानी, इस्पात प्राधिकरण के कार्यकारी निदेशक ए. के. चक्रवर्ती, कैट अध्यक्ष परमानंद जैन और स्टील रिरोलर्स संघ के अध्यक्ष संजय त्रिपाठी सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का संदेश स्पष्ट था। जब हर नागरिक गुणवत्ता को अपना धर्म मानेगा, तभी सच्चे अर्थों में विकसित भारत का स्वप्न साकार होगा।

न्यूज गैलरी

कांग्रेस का 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान शुरू

रतनपुर/नवप्रदेश। ब्लॉक कांग्रेस रतनपुर की ओर से सोमवार को 'वोट चोर गद्दी छोड़' हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम रतनपुर के महामाया चौक पर आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। अभियान का नेतृत्व कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के सह-प्रभारी विजय जांगिड़ के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस दौरान कांग्रेसजनों ने जनसमर्थन जुटाने और जनता को वर्तमान सरकार की नीतियों के खिलाफ जागरूक करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष बिलासपुर ग्रामीण विजय केशरवानी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि जनता के वोट की चोरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कांग्रेस सड़क से सदन तक लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करेगी। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस रतनपुर के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भारी संख्या में मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने डोर-टू-डोर जाकर लोगों से हस्ताक्षर करवाए और अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

आधारशिला विद्या मंदिर सैनिक स्कूल में डॉ. कलाम की स्मृतियों के साथ कलाम विदिन मी कार्यक्रम की उमंगभरी शुरुआत

लक्ष्य पाना ही सफलता नहीं बल्कि अच्छा इंसान होना वास्तविक सफलता है: कमांडर मुरारका

***बिलासपुर/नवप्रदेश।** शहर के प्रतिष्ठित आधारशिला विद्या मंदिर सैनिक स्कूल में 14 व 15 अक्टूबर को विद्यार्थियों में निहित आत्मविश्वास को जागृत करने एवं उसे संवर्धित करने हेतु मिसाइल मैन व भारत के ग्यारहवें राष्ट्रपति डा.ए.पी. जे. अब्दुल कलाम के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय सिग्नेचर कार्यक्रम कलाम विदिन मी का पहला दिन सम्पन्न हुआ।*

इस आयोजन के दौरान विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धीय भाव जागृत कर उन्हें सकारात्मक दिशा देने हेतु विभिन्न अन्तर्विद्यालयीय प्रतिस्पर्धीय कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें बिलासपुर के ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल, नरायना टेक्नो स्कूल, कृष्णा पब्लिक स्कूल, कर्नल अकेडमी ऑफ रेडिएन्ट एजुकेशन पब्लिक स्कूल, मॉडर्न एजुकेशन अकेडमी, प्रयास आवासीय स्कूल, एचिवर्स पब्लिक स्कूल, डी ए वी स्कूल, बिरला ओपेन माइंड इंटरनेशनल स्कूल के कुल दो सौ अड़तीस प्रतिभागियों ने भाग लेकर अपने प्रतिभा और कौशल को प्रदर्शित किये। विशिष्ट अतिथि कमांडर संदीप मुरारका ने छात्रों के साथ कलाम के जीवन दर्शन पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि जीवन का लक्ष्य उच्च होना चाहिए, लेकिन लक्ष्य प्राप्त कर लेना ही जीवन की सफलता नहीं है बल्कि एक अच्छा इंसान होना जीवन की वास्तविक सफलता है। गेस्ट ऑफ ऑनर भूतपूर्व आर्मी ऑफिसर कर्नल राकेश बिसेन सर ने बताया कि कलाम विदिन मी कार्यक्रम में सैनिक स्कूल के बच्चों का प्रदर्शन और उनकी दिनचर्या का विडियो उन्हे उनके कैडेट के जीवन की याद दिला गया। उन्होंने बताया कि जो भी कार्य करें उसे दिल से करें। इस अवसर पर अन्तर्विद्यालयीय प्रतियोगिताओं के अन्तर्गत इसरो क्विज (स्पेस साइन्स एण्ड इनोवेशन) ताल तरंग यानि नृत्य प्रतियोगिता जिसमें शास्त्रीय नृत्य ,लोक नृत्य देशभक्ति स्वर तरंग यानि गायन प्रतियोगिता जिसमें देशभक्ति, बॉलीवूड, भजन, शास्त्रीय संगीत, टैलेन्ट शो खेल प्रतियोगिता में बॉस्केटबॉल; डिबेट , पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं सम्मिलित थी।

अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया सम्मानित

विद्यालय के चेयरमैन डॉ. अजय श्रीवास्तव और प्रधानाचार्या जी आर मधुलिका ने स्मृति चिह्न देकर अतिथियों को सम्मानित किया । कार्यक्रम के प्रथम दिवस छात्रों ने मॉम एण्ड मी (नॉन फायर कुकिंग) में बच्चों ने अपनी माँ के साथ स्वादिष्ट व स्वास्थ्यवर्धक व्यंजन बनायें । टैलेंट शो प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने गायन वादन अभिनय आदि के द्वारा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया । पेंट योर ड्रिम्स में छात्रों ने अपने विचारों व भावों का जीवन्त चित्रण किया।

विद्यार्थियों में छिपी क्षमता को पहचानना और निखारना उद्देश्य: श्रीवास्तव

विद्यालय के चेयरमैन डा. अजय श्रीवस्तव ने बताया कि कलाम विदिन मी कार्यक्रम का उद्देश्य डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के आदर्शों और उनके जीवन से प्रेरणा लेकर प्रत्येक विद्यार्थी में छिपी क्षमता को पहचानना और उसे निखारना है। यह आयोजन हमें याद दिलाता है कि हर विद्यार्थी में एक साइंटिस्ट इनोव्टर और लीडर छिपा हुआ है। विद्यालय और शिक्षक उस बीज को पोषित करने का कार्य करते हैं जिससे भविष्य का भारत सशक्त और आत्मनिर्भर बने। विद्यालय के डायरेक्टर एस के जनास्वामी ने बताया कि कलाम विदिन मी कार्यक्रम का उद्देश्य केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि एक प्रेरणा यात्रा है - जो हमें हमारे भीतर छिपे वैज्ञानिक, स्वप्नद्रष्टा और कर्मयोगी को पहचानने का अवसर देती है। इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में रचनात्मकता, नवाचार और आत्मविश्वास की भावना का विकास होगा, जो उन्हें भविष्य में जिम्मेदार नागरिक और नेता बनने की दिशा में प्रेरित करेगा। विद्यालय की प्राचार्या जी आर मधुलिका ने बताया कि कलाम विदिन मी कार्यक्रम हमारे प्रत्येक विद्यार्थी में छिपी प्रतिभा, जिज्ञासा और सृजनात्मकता को जागृत करने का एक सशक्त माध्यम है।इस कार्यक्रम के माध्यम से हम सभी विद्यार्थियों को प्रेरित करना चाहते हैं कि वे अपने भीतर छिपे कलाम को पहचानें अपने विचारों को ऊँचाई दें, अपने लक्ष्यों के प्रति दृढ़ रहें और देश के विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएँ।

सतर्कता जागरुकता ही सच्ची देशभक्ति: डॉ. अंजू शुक्ला

- डीपी कॉलेज में सतर्कता जागरुकता कार्यक्रम

बिलासपुर/नवप्रदेश। डी.पी. विप्र कॉलेज में आज सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन एसईसीएल बिलासपुर के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और समाज में ईमानदारी, पारदर्शिता, निष्ठा, कर्तव्यपरायणता और उत्तरदायित्व की भावना को विकसित करना था ताकि युवा पीढ़ी एक भ्रष्टाचार-मुक्त और सशक्त भारत के निर्माण में योगदान दे सके। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आर.के. तिवारी (एसईसीएल बिलासपुर) रहे, जिन्होंने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा कि सच्ची प्रगति उसी समाज में संभव है, जहाँ नागरिक अपने आचरण में नैतिकता और सत्यनिष्ठा को सर्वोच्च स्थान देते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि भ्रष्टाचार के खिलाफ सबसे बड़ा हथियार जागरूकता है और प्रत्येक विद्यार्थी को अपने जीवन में ईमानदारी को आधार बनाना चाहिए। डॉ. आभा तिवारी ने कहा कि सतर्कता कोई एक सप्ताह का उत्सव नहीं, बल्कि यह हमारे चरित्र और जीवन का स्थायी हिस्सा होना चाहिए। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि यदि आज का युवा अपने कार्य में ईमानदारी और पारदर्शिता को अपनाता है, तो भविष्य का भारत निश्चय ही भ्रष्टाचार-मुक्त और गौरवशाली बनेगा। इस अवसर पर विशेष अतिथियों के रूप में डॉ. मनीष तिवारी, अविनाश शेट्टी, प्रो. निधिश चौबे, प्रो. ए. श्री राम, डॉ. आभा तिवारी, डॉ. किरण दुबे, डॉ. सुरुचि मिश्रा, प्रो. यूपेश कुमार, प्रो. रूपेन्द्र शर्मा, प्रो. कांची बाजपेयी, प्रो. अंजू कमलेश, प्रो. लोकेश वर्मा, प्रो. सुचित दुबे, प्रो. हेल्सियन कान्त तथा प्रो. आकांक्षा गौतम उपस्थित रहीं। सभी प्राध्यापकों ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में जागरूकता, नैतिकता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सशक्त बनाते हैं।

निबंध लेखन व वाद-विवाद प्रतियोगिता के विजेता

कु. पल्लवी गजेंद्र, एम.ए. हिंदी तृतीय सेमेस्टर - प्रथम स्थान, कुनाल कुर्रे, बी.ए. तृतीय वर्ष - द्वितीय स्थान, कु. अंजली बंजारे, एम.ए. इतिहास तृतीय सेमेस्टर - तृतीय स्थान, कु. गुंजन, बी.ए. प्रथम सेमेस्टर (एन.एस.एस.) - प्रथम स्थान, अवध किशोर यादव, बी.ए. तृतीय वर्ष - द्वितीय स्थान और वासु शंकर यादव, बी.एस.सी. (बायोकैमिस्ट्री) प्रथम सेमेस्टर - तृतीय स्थान रहे।

संदिग्ध आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। त्योहारी सीजन में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए बिलासपुर पुलिस ने क्षेत्र में लगातार चेकिंग अभियान चला रहा है। इसी क्रम में 14 अक्टूबर को पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि शनिचरी सब्जी बाजार के पास एक व्यक्ति संदिग्ध रूप से घूम रहा है। सूचना पर थाना सरकंडा की पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुँची और मौके पर से आरोपी विक्रम साहू पिता नारायण साहू निवासी अशोक विहार फेस-2, सरकंडा को पकड़ा, जिसके कब्जे से एक धारदार चाकू बरामद किया गया।

सोने का लॉकेट चुराने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। घर का ताला तोड़कर सोने का लॉकेट चुराने वाले दो आरोपियों को सरकंडा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। चोरी गए सोने का लॉकेट, एक नग मोबाइल कीमत 52 हजार रूपए बरामद किया गया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस के अनुसार विनोद कुमार जायसवाल पिता बिसौहा राम जायसवाल उम्र-33 वर्ष निवासी- खमतराई साउथ भवन के पास सरकंडा के द्वारा थाना सरकंडा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 13 अक्टूबर को सुबह करीब 09:30 बजे उनकी पत्नी घर मे ताला लगाकर गयी थी। लड़का निखिल स्कूल से दोपहर करीब 01:00 बजे घर आया तो देखा की घर के मेन दरवाजे का ताला को तोड़कर अंदर प्रवेश कर सोने का लाकेट एवं मोबाइल को कोई चोरी कर ले गये है। की रिपोर्ट पर धारा 331(3)305 बी एन एस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना मे लिया गया था दौरान विवेचना मे लिया गया चोरी संबंधि प्रकरण होने होने से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा प्रकरण के आरोपी को तत्काल गिरफ्तार करने निर्देशित किए जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र जायसवाल एवं नगर पुलिस अधीक्षक सरकण्डा निमितेश सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सरकण्डा निलेश पाण्डे द्वारा तत्परता से टीम गठित कर मुखबीर तैनात किये गये जो मुखबीर से सूचना मिली की राकेश गोड एवं उत्तम साहू चोरी के समाने बेचने हेतू ग्राहक तलाश रहे है कि सूचना पर दोनों को तलब कर कड़ाई से पूछताछ करने पर दोनो ने उक्त मकान मे चोरी करना स्वीकर किये जिन्हे जिनके मेमोरण्डम कथन के आधार पर चोरी गये सोने का लाकेट, एक नग मोबाइल, जुमला कीमत करीब 52,000 रूपयों का बरामद किया गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

पक्के घर की पहली दिवाली, दुलारी ने कहा- अब डर नहीं केवल रोशनी है

प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री साय का जताया आभार

बिलासपुर/नवप्रदेश। कभी बारिश की बूंदों से टपकती छत और मिट्टी की दीवारों के बीच जीवन गुज़ार रही धुरीपारा मंगला की दुलारी के जीवन में एक बड़ी खुशहाली आई है, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उनका पक्का आशियाना बना हैं। इस बार वे पहली बार अपने पक्के घर में दिवाली मनाएंगी इससे उनके त्यौहार का उत्साह दुगुना हो गया है। योजना के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार जताया है। धुरीपारा मंगला की दुलारी अपने परिवार के साथ वर्षों से एक कच्चे घर में रह रही थीं। बरसात के दिनों में घर में पानी भर जाता था और दीवारों पर नमी से रहना मुश्किल हो जाता था। आमदनी इतनी नहीं थी कि पक्का घर बनवा सकें ऐसे में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत उन्हें सरकारी सहायता मिली, पति स्वयं राज मिस्त्री हैं उन्होंने स्वयं अपना मजबूत घर बना लिया है। उनका नया घर न केवल सुरक्षा का प्रतीक है बल्कि आत्मनिर्भरता का भी, इस बार वे पहली बार अपने पक्के घर में दिवाली मनाएंगी ये उनके लिए बड़ी खुशी है। दुलारी खुश होकर बताते हैं कि अब बच्चों के लिए एक अलग कमरा है, रसोई साफ-सुथरी है और बरसात का डर खत्म हो गया है। घर में बिजली, पानी और शौचालय की सुविधा ने उनके जीवन को आसान बना दिया है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी से कई गरीब परिवारों को लाभ मिला है, जिससे उन्हें कच्चे घर की मुश्किलों से निजात मिली है।

राज्य स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन रायपुर में

बिलासपुर/नवप्रदेश। रायपुर में दिसंबर में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय रोजगार मेले में 15 हजार वैकेंसी में विभिन्न नियोजकों द्वारा भर्ती की जाएगी। मंथन सभाकक्ष में आज कलेक्टर संजय अग्रवाल ने रजिस्ट्रेशन की जानकारी ली और युवाओं से अधिक से अधिक भागीदारी की अपील की उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ रोजगार ऐप के माध्यम से भी रोजगार की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। रोजगार मेले में जाने के इच्छुक आवेदक ऑनलाईन के माध्यम से अपना पंजीयन करा सकते हैं, आवेदन की प्रक्रिया रिक्त स्थानों की जानकारी, नियोजकों की जानकारी, मेले की प्रस्तावित तिथि एवं स्थान की विस्तृत जानकारी रोजगार विभाग के डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूडाटईरोजगारडाटसीजीडाटजीओवीडाटइन में प्राप्त की जा सकती है। इसके अतिरिक्त जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, बिलासपुर से कार्यालयीन दिवस में दूरभाष नम्बर 07752-260130 पर भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

यातायात डायवर्सन, नो एंट्री, पार्किंग, एकांगी मार्ग, चौक-चौराहे पर लगाई जा रही है यातायात के अतिरिक्त बल

वाहन चालक यातायात नियमों का संवेदनशीलता और गंभीरता से करें पालन: एएसपी करियारे

***बिलासपुर/नवप्रदेश।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के दिशा निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे के मार्गदर्शन में आगामी दीपावली महापर्व को दृष्टिगत रखते हुए विशेष व्यवस्था बनाए जाने हेतु समस्त शहर का निरीक्षण एवं अवलोकन किया गया है।*

इसी क्रम में प्रकाश पर्व दीपावली के दौरान आम नागरिकों व वाहन चालकों को यातायात नियमो के प्रति संवेदनशील एवं सदैव नियम अनुसार सड़कों पर चलने हेतु अपील किया गया। सड़कों पर चलने वाले समस्त राहगीरों एवं वाहन चालकों को विशेष रूप से शराब सेवन कर वाहन चालन नही करने, अत्यधिक तेज गति से वाहन चालन नहीं करने, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, रांग साइड वाहन चालन वाहन चालन नहीं करने, मालवाहक यान में सवारी एवं दुपहिया वाहन में ट्रिपल सवारी एवं अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन नही करने हेतु अपील की गई। इस हेतु यातायात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने जिले के विभिन्न सड़कों, पहुंच मार्गों एवं नेशनल हाईवे मार्ग पर यातायात नियमों की तालिका बनाकर यातायात नियमों के पालन हेतु स्लोगन लिखे हुए फ्लेक्सी, बोर्ड, तख्तियाँ एवं यातायात नियमों के पालन हेतु विभिन्न स्लोगन वाक्य के माध्यम से लगातार जागरूक की गई है साथ ही राहगीरों को सचेत होकर वाहन चलाने हेतु अनुरोध किया गया है।

दुकान संचालक मुख्य मार्ग छोड़कर व्यवसाय करें

समस्त दुकान संचालकों, फुटकर व्यापारियों, फेरी लगाने वाले व्यापारियों, फल, ठेला, गुमटी एवं अन्य व्यवसायियों सभी से अपील किया गया है कि मुख्य मार्ग को छोड़कर ही अपने व्यवसाय का संचालन करें ताकि बाद में सजी हुई दुकान को किसी भी प्रकार यातायात व्यवधान के कारण व्यवस्थित करने की आवश्यकता न हो। प्राय: देखा जाता है कि त्यौहारी सीजन में शहर में बाजार में खरीदारों की संख्या बढ़ने के कारण सड़कों पर यातायात दबाव की स्थिति बनती है ऐसे में अति आवश्यक सेवाओं को किसी भी प्रकार की कोई भी मार्ग में बाधा का सामना न करना पड़े इसका विशेष ध्यान दें और ऐसे सेवाओं के लिए सरल, सुगम, सुव्यवस्थित मार्ग शीघ्र प्राप्त हो इसका सभी नागरिकगण ध्यान रखें।

न्यूज गैलरी

शेयर बाजार में बिकवाली हावी; सेंसेक्स 297 अंक गिरा, निफ्टी 25200 से नीचे फिसला

नई दिल्ली। 30 शेयरों वाले सेंसेक्स में बजाज फाइनेंस, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, टाटा स्टील, टीसीएस और एनटीपीसी के शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई। ये 1.4% से 1.8% के बीच गिरे। व्यापक बाजार भी दबाव में रहे। स्मॉल-कैप और मिड-कैप सूचकांक क्रमशः लगभग 0.9% और 0.8% गिरकर बंद हुए। घरेलू शेयर बाजार में मंगलवार को गिरावट के साथ क्लोजिंग हुई। इस दौरान सेंसेक्स 297.07 अंक या 0.36% गिरकर 82,029.98 पर बंद हुआ। दूसरी ओर, एनएसई निफ्टी 50 इंडेक्स 81.85 अंक या 0.32% गिरकर 25,145.50 पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाले सेंसेक्स में बजाज फाइनेंस, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, टाटा स्टील, टीसीएस और एनटीपीसी के शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई। ये 1.4% से 1.8% के बीच गिरे। व्यापक बाजार भी दबाव में रहे। स्मॉल-कैप और मिड-कैप सूचकांक क्रमशः लगभग 0.9% और 0.8% गिरकर बंद हुए। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया, जो बेंचमार्क सूचकांकों का हिस्सा नहीं है ने शानदार शुरुआत की। यह अपने इश्यू मूल्य से 50% प्रीमियम पर सूचीबद्ध हुआ और 48.2% की बढ़त के साथ बंद हुआ। यह 2021 में इटरनल के बाद किसी बिलियन डॉलर के आईपीओ का सबसे मजबूत प्रदर्शन था। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 13 पैसे गिरकर 88.81 (अनंतिम) के सर्वकालिक निम्नतम स्तर पर बंद हुआ।

भारती एयरटेल ने एयरटेल क्लाउड को सशक्त बनाने के लिए आईबीएम के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की

रायपुर। भारत की अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनियों में से एक, भारती एयरटेल ने आईबीएम के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की है ताकि हाल ही में लॉन्च किए गए एयरटेल क्लाउड को और सशक्त बनाया जा सके। यह साझेदारी एयरटेल क्लाउड की टेल्को-ग्रेड विश्वसनीयता, उच्च सुरक्षा और डेटा रेजिडेंसी को, आईबीएम की क्लाउड समाधानों में नेतृत्व क्षमता तथा एआई इंफरेंसिंग के लिए डिज़ाइन की गई उन्नत इन्फ्रास्ट्रक्चर और सॉफ्टवेयर तकनीकों के साथ एकीकृत करेगी। एयरटेल और आईबीएम मिलकर विनियमित उद्योगों में कार्यरत उद्यमों को एआई वर्कलोड को अधिक कुशलता से बढ़ाने में सक्षम बनाएंगे। यह सहयोग विभिन्न इंफ्रास्ट्रक्चर – जैसे ऑन-प्रिमाइज़, क्लाउड, मल्टी-क्लाउड और एज – के बीच सहज इंटरऑपरेबिलिटी सुनिश्चित करेगा। इस साझेदारी के माध्यम से, एयरटेल क्लाउड के ग्राहक आईबीएम के पावर सिस्टम पोर्टफोलियो को ÷एज़-ए-सर्विस÷ मॉडल में उपयोग कर सकेंगे। इसमें नवीनतम पीढ़ी के आईबीएम पावर11 सर्वर शामिल हैं, जो स्वायत्त और एआई-रेडी हैं तथा बैंकिंग, स्वास्थ्य सेवा, सरकारी संस्थानों एवं अन्य विनियमित उद्योगों जैसे मिशन-क्रिटिकल अनुप्रयोगों के लिए बनाए गए हैं।

100% तक निकासी और न्यूनतम सेवा अवधि में राहत, दस्तावेज़ों की अनिवार्यता खत्म, ब्याज और न्यूनतम बैलेंस का लाभ जारी

ईपीएफ आंशिक निकासी के नियम हुए सरल और पारदर्शी

नई दिल्ली। ईपीएफओ ने आंशिक निकासी के नियमों को सरल और उदार बनाया है। अब सदस्य आवश्यकताओं, आवास और विशेष परिस्थितियों के तहत 100% तक निकासी कर सकते हैं। न्यूनतम सेवा अवधि 12 माह कर दी गई है और दस्तावेजों की आवश्यकता नहीं होगी। पांच प्वाइंट्स में समझें ईपीएफओ के फैसले का पूरा सार।कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) ने अपने सदस्यों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आंशिक निकासी के नियमों को सरल और लचीला बना दिया है। अब ईपीएफ खाताधारक अपनी आवश्यकताओं के अनुसार अधिक आसानी से और पारदर्शिता के साथ पैसा निकाल सकते हैं। इन बदलावों से न केवल प्रक्रिया तेज़ होगी, बल्कि सदस्यों को वित्तीय संकट के समय त्वरित सहायता भी मिल सकेगी। नीचे दिए गए पांच प्रमुख बिंदुओं से यह स्पष्ट होता है कि ईपीएफओ से पैसा निकालना अब पहले से कितना आसान हो गया है। अब ईपीएफ योजना के तहत आंशिक निकासी के लिए 13 जटिल प्रावधानों को मिलाकर केवल तीन श्रेणियों में बांटा गया है। ये हैं आवश्यक जरूरतें (बीमारी, शिक्षा, शादी), आवास संबंधी जरूरतें और विशेष परिस्थितियां। इससे प्रक्रिया सरल और समझने में आसान हो गई है। अब इपीएफ के सदस्य कर्मचारी और नियोक्ता दोनों के अंशदान सहित अपने खाते से 100% तक की राशि आंशिक रूप में निकाल सकते हैं। पहले यह सीमा सीमित थी, लेकिन अब इसे पूरी तरह से उदार बना दिया गया है। पहले आंशिक निकासी के लिए अलग-

अलग मामलों में अलग-अलग सेवा अवधि की आवश्यकता होती थी। अब इसे सभी प्रकार की निकासी के लिए केवल 12 महीने कर दिया गया है, जिससे नए कर्मचारियों को भी जल्दी लाभ मिल सकेगा। विशेष परिस्थितियों जैसे प्राकृतिक आपदा, बेरोजगारी आदि में अब ईपीएफ खाते से पैसा निकालने के लिए कारण बताने की जरूरत नहीं है। सदस्य बिना किसी कारण बताए इस श्रेणी में निकासी के लिए आवेदन कर सकते हैं। इससे दावों के अस्वीकृत होने की संभावना कम हो गई है। ईपीएफओ ने सदस्य के खाते में 25% राशि को न्यूनतम बैलेंस के रूप में बनाए रखना अनिवार्य किया गया है। इससे सदस्य को ईपीएफओ की ओर से दिए जाने वाले उच्च ब्याज दर (वर्तमान में 8.25% प्रतिवर्ष) का लाभ मिलता रहेगा और उनका रिटायरमेंट फंड सुरक्षित रहेगा। इसके साथ ही ग्राहक को चक्रवृद्धि ब्याज भी मिलती रहेगी।

30 नवंबर तक चलेगा अभियान

पेंशनभोगियों के लिए डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान अगले महीने से होगा शुरू

नई दिल्ली। केंद्र सरकार अगले महीने से पेंशनभोगियों के लिए देशव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र (डीएलसी) अभियान चलाएगी। इसमें देशभर के 2,000 जिलों और उपमंडल मुख्यालयों को शामिल किया जाएगा। केंद्र सरकार 1 से 30 नवंबर तक पेंशनभोगियों के लिए देशव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र (डीएलसी) अभियान चलाएगी। इसमें देशभर के 2,000 जिलों और उपमंडल मुख्यालयों को शामिल किया जाएगा। पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग (डीओपीपीडब्ल्यू) का यह चौथा अभियान होगा। पेंशनभोगियों को पेंशन जारी रखने के लिए हर साल नवंबर महीने में जीवन प्रमाणपत्र जमा करना होता है। यह अभियान 19 पेंशन वितरण बैंकों, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी), पेंशनभोगी कल्याण संघों (पीडब्ल्यूए), रक्षा लेखा महानियंत्रक (सीजीडीए), दूरसंचार विभाग (डीओटी), रेलवे,

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) और इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) के सहयोग से चलाया जाएगा। इसका उद्देश्य देश के दूरदराज के हिस्सों में प्रत्येक पेंशनभोगी तक पहुंच सुनिश्चित करना है। कार्मिक मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इस वर्ष भी इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक अपने 1.8 लाख डाकियों और ग्रामीण डाक सेवकों (जीडीएस) के विशाल नेटवर्क के जरिये सभी जिलों में डीएलसी शिविरों का आयोजन करेगा। इससे सभी श्रेणी के पेंशनभोगियों को उनके बैंक की परवाह किए बिना उनके घर तक डीएलसी सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। पेंशनभोगी इस सुविधा के बारे में जानकारी ippbonline.com से हासिल कर सकते हैं। आईपीपीबी के कर्मचारी मोबाइल उपकरणों से लैस हैं जो फिंगरप्रिंट और चेहरे के आधार पर डीएलसी करने में सक्षम हैं। बयान में कहा गया कि 19 पेंशन वितरण बैंक 300 शहरों में कई स्थानों पर शिविर लगाएंगे। इनमें वृद्ध, दिव्यांग या बीमार पेंशनभोगियों के घरों और अस्पतालों का दौरा भी शामिल है। 57 पंजीकृत पेंशनभोगी कल्याण संघ बैंकों और आईपीपीबी के समन्वय से पेंशनभोगियों को संगठित करने और शिविर आयोजित करने में सहायता करेंगे। बैंक और आईपीपीबी संयुक्त रूप से एसएमएस, व्हाट्सएप, सोशल मीडिया, बैनर और स्थानीय मीडिया कवरेज के जरिये पेंशनभोगियों को डीएलसी जमा करने के विकल्पों के बारे में बताने के लिए एक व्यापक जागरूकता अभियान शुरू करेंगे। डीडी, एआईआर और पीआईबी टीमें ऑडियो-विजुअल और प्रिंट मीडिया के माध्यम से प्रचार करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। चौथा डीएलसी अभियान पेंशनभोगियों के लिए अब तक की सबसे बड़ी पहुंच पहल है। इसका लक्ष्य 2 करोड़ डीएलसी तक पहुंचना है।

एचडीएफसी बैंक ने नागरिकों को डिजिटल धोखाधड़ी की घटना के बाद उठाए जाने वाले कदमों के बारे में सलाह दी

मुंबई। भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक, एचडीएफसी बैंक ने नागरिकों से डिजिटल धोखाधड़ी का शिकार होने की स्थिति में तीन सरल चरणों का पालन करने का आग्रह किया है। प्रस्तावित 'एलबीडब्ल्यू' जो क्रिकेट की शब्दावली से प्रेरित है, ग्राहकों को अपने नुकसान को कम करने के लिए त्वरित और निर्णायक कार्रवाई करने में मदद करने के लिए महत्वपूर्ण है।

'एलबीडब्ल्यू' एक आसान-सा याद रखने योग्य संक्षिप्त नाम है, जो डिजिटल धोखाधड़ी की घटना के मामले में उठाए जाने वाले कदमों की याद दिलाता है।

लॉ इन्फोर्समेंट एजेंसी – ग्राहकों को गृह मंत्रालय (एमएचए) द्वारा शुरू किए गए 1930 हेल्पलाइन नंबर पर तुरंत कॉल करके शिकायत दर्ज करनी चाहिए और साथ ही राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल https://www.cybercrime.gov.in पर भी शिकायत दर्ज करनी चाहिए। नागरिकों को www.sancharsaathi.gov.in पर चक्षु पोर्टल पर संदिग्ध कॉल/संदेश की सूचना भी देनी चाहिए। अधिकारियों को तुरंत सूचना देने से खोए हुए पैसे की वसूली की संभावना बढ़ जाती है और धोखाधड़ी की आगे की घटनाओं को रोकने में मदद मिलती है।

बैंक – व्यक्तियों को अनधिकृत लेनदेन की तुरंत अपने संबंधित बैंक को सूचना देनी चाहिए और भविष्य में होने वाले नुकसान से बचने के लिए भुगतान माध्यम, यानी कार्ड/यूपीआई/नेट बैंकिंग, को ब्लॉक करवाना चाहिए।

वाइप – नागरिकों को अपने उपकरणों (मोबाइल/टैब/लैपटॉप) को पूरी तरह से वाइप कर देना चाहिए, सभी कुकीज़ हटा देनी चाहिए और सभी नेट बैंकिंग/डिवाइस पासवर्ड रीसेट कर देने चाहिए। इससे यह सुनिश्चित होता है कि आपका उपकरण साफ़और सुरक्षित है।

एचडीएफसी बैंक के वरिष्ठ कार्यकारी उपाध्यक्ष (क्रेडिट इंटेलिजेंस एंड कंट्रोल) श्री मनीष अग्रवाल ने इस पर टिप्पणी करते हुए कहा, ÷हम सभी ग्राहकों से डिजिटल लेनदेन करते समय सतर्क रहने का आग्रह करते हैं।

कार्यालय उप संचालक, पशु चिकित्सा सेवायें, जिला जशपुर (छ.ग.)

Email: ddvsjash.cg@gov.in Phone: 07763-223495

गौधाम संचालन के लिये रूचि की अभिव्यक्ति (EOI) का आमंत्रण

- EOI जारी करने की तिथि.... 06.10.2025
- निर्धारित प्रपत्र-7 मे आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि-31.10.2025 समय 3:00 बजे तक
- जमा करने का स्थान- कार्यालय उप संचालक, पशु चिकित्सा सेवायें, जिला-जशपुर (छ.ग.)

गौधाम संचालन के लिये उपरोक्त तिथि अनुसार रूचि की अभिव्यक्ति (EOI) का आमंत्रण किया जा रहा है। गौधाम में निराश्रित, घुमन्तू गौवंशीय पशुओं तथा गृह विभाग द्वारा कृषिक पशु परिक्षण अधिनियम 2004 (यथा संशोधित 2011), छ.ग. कृषिक पशु परिरक्षण नियम 2014 अंतर्गत जप्त गौवंशीय पशुओं को ही विस्थापित किया जायेगा।

गौधाम स्थापना हेतु भूमि, गौधाम का उद्देश्य, क्रियान्वयन नियंत्रण, अनुश्रवण एवं अनुशीलन, गौधाम संचालन हेतु पात्र संस्थायें, गौधाम के संचालन हेतु पात्रता एवं कार्यकाल, गौधाम संचालन हेतु चयनित संस्था का दायित्व, गौधाम हेतु मानव संसाधन, योजना का वित्त पोषण एवं भास्ति की जानकारी EOI जमा करने का स्थान (उप संचालक, पशु चिकित्सा सेवायें, जिला-जशपुर (छ.ग.)) में कार्यालयीन दिवस एवं समय सुबह 10 बजे से 5:30 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है।

उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें,
जिला जशपुर छ.ग.

जी- 252604186/3

खेल, मनोरंजन

2026 फीफा विश्व कप के लिए अब तक 22 टीमों ने किया क्वालिफाई

लंदन। छह टीमें इंटरकॉन्टिनेंटल प्लेऑफ में भिड़ेंगी, जिनमें से दो टीमें विश्व कप के लिए क्वालिफाई करेंगी। यह प्लेऑफ मार्च 2026 में आयोजित होने की संभावना है। फीफा विश्व कप 2026 एक ऐतिहासिक टूर्नामेंट बनने जा रहा है क्योंकि इसमें रिकॉर्ड 48 टीमें हिस्सा लेंगी। यह विश्व कप संयुक्त रूप से अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा द्वारा आयोजित किया जाएगा। तीनों मेजबान देशों को अपने-आप टूर्नामेंट में जगह मिल गई है। अफ्रीकी महाद्वीप से अब तक छह देशों ने क्वालिफाई किया है। सोमवार को केप वर्डे ने इतिहास रचते हुए पहली बार विश्व कप के लिए जगह बनाई। इसके साथ अफ्रीका जो टीमें अब तक क्वालिफाई कर चुकी हैं, उनमें अल्जीरिया, मिस्र, घाना, मोरक्को, ट्यूनीशिया और केप वर्डे शामिल हैं। यह पहली बार है जब केप वर्डे

विश्व कप में दिखाई देगा, जो अफ्रीकी फुटबॉल के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। एशियाई महाद्वीप से अब तक छह टीमों ने 2026 विश्व कप के लिए क्वालिफाई किया है। इनमें ऑस्ट्रेलिया, ईरान, जापान, जॉर्डन, दक्षिण कोरिया और उज्बेकिस्तान शामिल हैं। एशिया को कुल आठ सीधे स्थान मिले हैं, जबकि एक टीम इंटरकॉन्टिनेंटल प्लेऑफ के जरिए अपनी जगह बनाएगी। फुटबॉल की सबसे मजबूत महाद्वीप यूरोप (श्वस्र) को इस बार 16 टीमों का सीधा कोटा मिला है। हालांकि अभी यूरोप की क्वालिफाइंग प्रक्रिया जारी है, लेकिन यह निश्चित है कि 16 यूरोपीय टीमें 2026 विश्व कप में हिस्सा लेंगी। दक्षिण अमेरिकी क्षेत्र से अब तक की छह बड़ी टीमें विश्व कप में अपनी जगह पक्की कर चुकी हैं। इनमें अर्जेंटीना, ब्राज़ील, कोलंबिया, इक्वाडोर, पैराग्वे और उरुग्वे शामिल हैं। इस महाद्वीप को छह सीधे स्थान मिले हैं। जबकि एक टीम इंटरकॉन्टिनेंटल प्लेऑफ में जाएगी। उत्तरी और मध्य अमेरिकी क्षेत्र को तीन सीधे स्थान मिले हैं। इसके अलावा तीन मेजबान देश-अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा पहले से ही क्वालिफाई कर चुके हैं। इस क्षेत्र की दो और टीमें इंटरकॉन्टिनेंटल प्लेऑफ के जरिए विश्व कप में जगह बनाने की कोशिश करेंगी। ओशिनिया फुटबॉल कॉन्फेडरेशन को पहली बार विश्व कप में गारंटीड स्थान मिला है। मार्च में न्यूजीलैंड ने यह स्लॉट पक्का कर लिया था।

पर्वतारोही भरत ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

कोलकाता। भरत मंगलवार को छठे सबसे ऊंचे पर्वत माउंट चो ओयू (8,188 मीटर) पर चढ़ाई करने के साथ दुनिया की 14 सबसे ऊंची चोटियों में से नौ पर फतह करने वाले पहले भारतीय बन गए। आंध्र प्रदेश के कुरनूल के पर्वतारोही भरत थम्मिनेनी ने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। भरत मंगलवार को छठे सबसे ऊंचे पर्वत माउंट चो ओयू (8,188 मीटर) पर चढ़ाई करने के साथ दुनिया की 14 सबसे ऊंची चोटियों में से नौ पर फतह करने वाले पहले भारतीय बन गए। इस 36 वर्षीय पर्वतारोही के करीबी सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि इस उपलब्धि से पहले थम्मिनेनी ने मई 2017 में माउंट एवरेस्ट, सितंबर 2018 में माउंट मनास्लू, मई 2019 में माउंट ल्होत्से, मार्च 2022 में माउंट अन्नपूर्णा, अप्रैल 2022 में माउंट कंचनजंगा, मई 2023 में माउंट मकालू, अक्तूबर 2024 में माउंट शीशपंगमा और अप्रैल 2025 में माउंट धौलागिरी पर चढ़ाई की थी।

ओलंपिक पदक विजेता पहलवान सहरावत ने गलती स्वीकारी

नई दिल्ली। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) द्वारा आयोजित एक सम्मान समारोह में सहरावत ने स्वीकार किया कि उन्होंने पिछले महीने वजन कम न कर पाने की गलती की थी। इस पहलवान ने कहा कि वह डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह से मुलाकात करेंगे और उनसे महासंघ के फैसले पर पुनर्विचार करने का अनुरोध करेंगे।

पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले भारतीय पहलवान अमन सहरावत ने अपनी गलती स्वीकार कर ली है। उन्होंने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) से अनुरोध किया है कि उन पर लगा एक साल का प्रतिबंध हटाने पर पुनर्विचार किया जाए। सहरावत को जगरेब में विश्व चैंपियनशिप में मुकाबले से पहले वजन कम करने में विफल रहने पर प्रतिबंध लगाया है। शुरुआती मुकाबले से पहले उनका वजन निर्धारित सीमा से 1.7 किलोग्राम अधिक था। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) द्वारा आयोजित एक सम्मान समारोह में सहरावत ने स्वीकार किया कि उन्होंने पिछले महीने वजन कम न कर पाने की गलती की थी। इस पहलवान ने कहा कि वह डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह से मुलाकात करेंगे और उनसे महासंघ के फैसले पर पुनर्विचार करने का अनुरोध करेंगे। सहरावत ने 2024 पेरिस खेलों में 57 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता था। पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने के लिए 50 लाख रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित होने के बाद सहरावत ने कहा, मैं डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष से मुलाकात कर अनुरोध करूंगा कि मेरा निलंबन हटाया जाए। यह मेरी पहली गलती है, मैं इसे दोहराऊंगा नहीं।डब्ल्यूएफआई ने 23 सितंबर को सहरावत से चूक के लिए स्पष्टीकरण मांगते हुए कारण बताओ नोटिस दिया था। महासंघ ने कहा था कि 29 सितंबर को जमा किए गए उनके जवाब को अनुशासनात्मक समिति ने असंतोषजनक पाया।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना

क्रम सं. (1) ई निविदा संख्या डीआरएम-इंजी-बीएसपी-टी-132-25-26, दिनांक 08/10/2025

कार्य : बिलासपुर संभाग के वरिष्ठ मंडल अभियंता उत्तर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत ट्रैक नवीनीकरण कार्य जैसे टीआरआर(पी), टीटीआर, सीटीआर(एस), टीएफ आर, स्लूइड जॉइंट, एसईजे, टीबीआर, पॉइंट और क्रॉसिंग की डीप स्क्रीनिंग और विभिन्न ट्रैक कार्यों का निष्पादन।

निविदा मूल्य:(रु) 7,06,62,872.42/- अमानत राशि : (रु) 5,03,300/- कार्य पूर्णता की अवधि: 12 माह

क्रम सं. (2) ई-निविदा संख्या डीआरएम इंजी.-बीएसपी-टी-133-25-26, दिनांक - 08/10/2025

कार्य :बिलासपुर संभाग के वरिष्ठ मंडल अभियंता उत्तर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत अतिरिक्त फिटिंग की आपूर्ति सहित एवं बीम स्लीपरों के साथ मौजूदा चैनल स्लीपरों का नवीनीकरण।

निविदा मूल्य : (रु) 1,61,12,898.86/- अमानत राशि :(रु) 2,30,600/- कार्य पूर्णता की अवधि: 12 माह निविदा जमा करने की आरंभ तिथि: दिनांक 20-10-2025 से निविदा जमा करने की अंतिम तिथि : दिनांक 03-11-2025 के 11-00 बजे तक :

उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेलवे प्रबंधक (अभि.)
सीपीआर/10/AM/371 द.पू.म.रेलवे बिलासपुर

South East Central Railway @secrail

कार्यालय नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

क्र. निर्माण/2025 दिनांक 08.10.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रु. लाख में)	निविदा डालने की अंतिम तिथि
1	वार्ड क्र. 36 अंतर्गत 100 बेड हास्पिटल के केम्पस में वेटिंग हाल का निर्माण कार्य (जि.ख.न्या.मद)(प्रथम निविदा)	39.60	29.10.2025 (T.No.177262)
2	वार्ड क्र. 35 न्यू हाउसिंग बोर्ड कालोनी खरमोरा गेट से मेन गेट रोड तक सी.सी. रोड का निर्माण कार्य। (जि.ख.न्या मद) (प्रथम निविदा)	15.00	29.10.2025 (T.No.177263)
3	नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत कोसाबाड़ी जोन अंतर्गत 12 शासकीय स्कूलों में बालक-बालिका शौचालय का निर्माण कार्य (जि.ख.न्या मद) (प्रथम निविदा)	60.00	29.10.2025 (T.No.177264)
4	नगर पालिक निगम, कोरबा क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्र. 36 अंतर्गत जिला चिकित्सालय के समीप ब्लड बैंक एवं रेड क्रास सोसायटी भवन का निर्माण कार्य (जि.ख.न्या मद) (प्रथम निविदा)	79.49	29.10.2025 (T.No.177265)

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेबसाईट www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।

।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें ।।

अधीक्षण अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा (छत्तीसगढ़)

कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग संभाग क्र. 1 बिलासपुर (छ.ग.)

निविदा आमंत्रण सूचना

ज्ञाप.क्र.-10101/एन.आई.टी. नं. 04/2025-26/व.ले.लि. दिनांक 14.10.2025

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 23.10.2025 अपरान्ह 5.30 बजे
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि 30.10.2025 अपरान्ह 5.30 बजे
निविदा खोलने की तिथि 31.10.2025 अपरान्ह 11.30 बजे
प्रत्येक निविदा प्रपत्र की क्रय राशि रु. 750/-
निविदाकारों की श्रेणी : ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी ''द'' से ''अ'' तक

एन.आई.टी.क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम No.of Calls एवं कार्य की अवधि	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु.में) बैंक साल्वेंसी (रु.में)
1	2	3
04 T0018	वर्ष 2025-26 के वार्षिक संधारण मद अंतर्गत उपसंभाग क्र.-2,बिलासपुर के जजेस कालोनी में रंगाई पोताई एवं डिस्टेम्परिंग कार्य। (प्रथम आमंत्रण) 04 माह वर्षा ऋतु सहित।	10.00 7500.00 150000.00
04 T0021	वर्ष 2025-26 के वार्षिक संधारण मद अंतर्गत उपसंभाग कोनी, बिलासपुर के उपखण्ड रमतला के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में रंगाई पोताई एवं डिस्टेम्परिंग कार्य। (प्रथम आमंत्रण) 04 माह वर्षा ऋतु सहित।	10.00 7500.00 150000.00
04 T0052	शासकीय मदनलाल शुक्ला स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीपत में कन्या शौचालय निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण) 03 माह वर्षा ऋतु सहित।	3.54 3540.00 53100.00
04 T0053	शासकीय महामाया महाविद्यालय रतनपुर जिला-बिलासपुर में शौचालय निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण) 03 माह वर्षा ऋतु सहित।	3.54 3540.00 53100.00

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. संभाग क्र.-1
बिलासपुर (छ.ग.)

जी-252604207/2

दीये और पूजा सामग्री की बिक्री से समूह की महिलाएं हो रही समृद्ध

▸ **1.11 लाख रूपये की कर चुकी हैं दीये और पूजा सामग्री की बिक्री**

रायपुर/ नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करने की दिशा में स्व-सहायता समूह की महिलाएं अपनी योगदान दे रहीं हैं। दीपावली पर्व के अवसर पर कलात्मक दीये और पूजा सामग्री का निर्माण करके स्थानीय हाट बाजारों में बिक्री करके समृद्ध हो रहीं हैं। ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से पेंड्रा जनपद की पांच महिला स्वसहायता समूहों की 12 महिलाएं मिलकर अब तक 70 हजार मिट्टी के दीये तैयार कर लिए हैं।

जिला प्रशासन एवं ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के पेंड्रा जनपद की महिला स्व-सहायता समूहों की 12 महिलाएं मिलकर अब तक 70 हजार मिट्टी के दीये तैयार कर चुकी हैं। इसके साथ ही अगरबत्ती, बाती एवं तोरण तैयार कर स्थानीय बाजारों-कोटमी, नवागांव और कोड़गार हाट बाजार में बेच रही हैं। समूह द्वारा निर्मित दीये रायपुर में आयोजित सरस मेला में भी प्रदर्शित किये गये और बेचे भी जा रहे हैं।

महिलाएं परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने में सक्षम

समूह की सदस्य ग्राम झाबर निवासी क्रांति पुरी ने बताया कि इस वर्ष की दीवाली उनके लिए बहुत खास बन गई है और वे इस आय से काफी खुश हैं। ब्लॉक मिशन प्रबंधक ने जानकारी दी कि इस कार्य से सीधे तौर पर पांच महिला स्व-सहायता समूह के परिवारों को आर्थिक लाभ मिल रहा है, इससे महिलाएं न सिर्फ आत्मनिर्भर बन रही हैं, बल्कि अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने में भी सक्षम हो रही हैं। यह पहल न केवल स्थानीय स्तर पर स्व-रोजगार सृजन कर रही है, बल्कि परंपरागत दीये के उपयोग को भी बढ़ावा दे रही है। मिट्टी के दीये की बिक्री से जहां महिलाओं की आमदनी बढ़ी है, वहीं पर्यावरण के लिए भी अनुकूल विकल्प है।

न्यूज गैलरी

निर्वाचन आयोग के निर्देश पर रायपुर जिले में 561 नए मतदान केन्द्रों की मंजूरी

रायपुर/ नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार 1200 से अधिक मतदाताओं वाले मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण किया गया। इस प्रक्रिया के तहत नए मतदान केन्द्रों के प्रस्ताव आमंत्रित किए गए थे। आयोग द्वारा रायपुर जिले में कुल 561 नए मतदान केन्द्रों को अनुमोदित किया गया। बढ़े हुए मतदान केन्द्रों की सूची का अंतिम प्रकाशन 9 अक्टूबर 2025 को किया गया। इसके अंतर्गत विधानसभावार स्वीकृत केन्द्रों की संख्या इस प्रकार है। 45-बलौदाबाजार (तिल्दा तहसील) 07 केन्द्र, 47-धरसीवा 48 केन्द्र, 48-रायपुर ग्रामीण 164 केन्द्र, 49-रायपुर नगर पश्चिम 102 केन्द्र, 50-रायपुर नगर उत्तर 55 केन्द्र, 51-रायपुर नगर दक्षिण 91 केन्द्र, 52-आरंग 54 केन्द्र, 53-अभनपुर 40 केन्द्र शामिल हैं। इन नए केन्द्रों के जुडने से जिले में कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 2484 हो गई है। संशोधित सूची को जिले की अधिकृत वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है, जिससे नागरिक विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

ट्रेड फेयर में बीएससी थर्ड सेमेस्टर की छात्राएं रही प्रथम

रायपुर/ नवप्रदेश। गुरुकुल महिला महाविद्यालय के वाणिज्य परिषद द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में ट्रेड फेयर का आयोजन किया गया जिसमें बीएससी थर्ड सेमेस्टर से प्रशिका लककेवरे, मानसी ठाकुर, महिमा ठाकुर और नम्रता पटेल प्रथम रही। वहीं बीएससी थर्ड सेमेस्टर की ही सेजल देवांगन, ममता देवांगन, नीलिमा देवांगन व सुप्रिया कश्यप ने दूसरा स्थान हासिल किया। इसका मुख्य उद्देश्य स्वालंबन एवं आत्मनिर्भरता की भावना छात्राओं में विकसित करना रहा। इस अवसर पर शासी निकाय के अध्यक्ष अजय तिवारी, महाविद्यालय की प्राचार्य शोभा खंडेलवाल एवं डॉ. संध्या गुप्ता उपस्थित थे।

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से महिला उपभोक्ता बन रही 'ऊर्जा दाता'

रायपुर/ नवप्रदेश। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना ने आम नागरिकों के जीवन में बड़ा परिवर्तन लाया है।

यह योजना अब महिलाओं को भी ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त बना रही है। बेमेतरा शहर के बस स्टैंड क्षेत्र की निवासी वीणा त्रिपाठी ने अपने घर की छत पर 3 किलोवाट क्षमता का सोलर रूफ्टॉप प्लांट स्थापित कर न केवल बिजली बिल में राहत पाई, बल्कि अब वे स्वयं 'ऊर्जा दाता' बन गई हैं। सिर्फएक माह में उनके सोलर प्लांट ने 300 यूनिट से अधिक बिजली का उत्पादन किया है। उन्होंने बताया कि अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में भेजने से उन्हें आय का भी लाभ मिलेगा। अब हर माह बिजली बिल की चिंता खत्म हो गई है। बल्कि सौर ऊर्जा से होने वाली आमदनी परिवार की बचत में सहायक है।

छत्तीसगढ़ की एक और उपलब्धि

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के क्रियान्वयन में प्रदेश अव्वल

रायपुर/ नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के क्रियान्वयन में उत्कृष्ट कार्य हुआ है। पिछले जनवरी 2025 तक छत्तीसगढ़ इस योजना के क्रियान्वयन में देश में सबसे पिछले पायदान पर था, लेकिन मुख्यमंत्री श्री साय की सतत मॉनीटरिंग के बाद पिछले नौ माह में छत्तीसगढ़ आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के क्रियान्वयन में देश में पहले पायदान पर आ गया है। भोपाल में आयोजित राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण कॉन्क्लेव में छत्तीसगढ़ को श्रेष्ठ प्रदर्शन राज्य का सम्मान प्रदान किया गया है।

गहन फील्ड ऑडिट से मिले बेहतर परिणाम

यह सम्मान राज्य के अथक प्रयासों और स्वास्थ्य क्षेत्र में अनुकरणीय कार्यशैली का प्रमाण है। सम्मान देने के मुख्य कारण पहचान किए गए सभी मुद्दों पर गहन फील्ड ऑडिट का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

आयुष्मान योजना के दावा प्रक्रिया में टर्नअराउंड टाइम को उल्लेखनीय रूप से घटाया गया, जिससे लाभार्थियों को त्वरित सेवाएं मिलीं। सभी संबंधित हितधारकों की विस्तृत संवेदनशीलता और जागरूकता कार्यक्रमों का संचालन कर उन्हें जागरूक बनाया गया।

बेहतर समन्वय से आए नतीजे

एनएचए की पैनल्ड स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के साथ प्रभावी संचार तंत्र स्थापित कर समन्वय को बेहतर किया गया। छत्तीसगढ़ सरकार का यह प्रयास राज्य के नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में मील का पत्थर साबित हुआ है। मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ की इस उपलब्धि के लिए स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारियों एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को बधाई दी है।

स्वास्थ्य बीमा योजना है, पीएम जन आरोग्य योजना

उल्लेखनीय है कि, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना भारत सरकार की एक स्वास्थ्य बीमा योजना है, जो आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को प्रति वर्ष ?5 लाख तक का कैशलेस स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान करती है। यह योजना सार्वजनिक और निजी अस्पतालों में द्वितीयक और तृतीयक देखभाल के लिए है और इसका उद्देश्य परिवारों पर स्वास्थ्य खर्च के बोझ को कम करना है।

744 गांवों में डिजिटल फसल सर्वेक्षण कार्य पूर्ण

▸ **4 लाख से अधिक खसरों में लगी फसल की जानकारी को किया गया ऑनलाइन अपलोड**

रायपुर/ नवप्रदेश। कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में जशपुर जिले के सभी तहसीलों में एग्रीस्टैक परियोजना अंतर्गत डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इसके तहत जिले के कुल 744 गांवों के 4 लाख 3 हजार से अधिक खसरों में डीसीएस के माध्यम से तथा शेष खसरों में मैन्युअल गिरदावरी कर फसलों की ऑनलाइन प्रविष्टि की गई है। इसका उद्देश्य भूमि पर लगी फसल एवं उसके क्षेत्रफल का सटीक आंकलन कर पारदर्शिता एवं उत्पादकता का अनुमान सुनिश्चित करना है। डीसीएस एवं मैन्युअल गिरदावरी से प्राप्त डाटा का उपयोग राज्य शासन द्वारा धान खरीदी सहित अन्य कृषि योजनाओं में किया जाएगा। विशेष अभियान के तहत चलाए गए सर्वे कार्य में सर्वेक्षण कर्ताओं द्वारा किसानों के खेतों में पहुंचकर मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से किस रकबे में कौन सी फसल लगाई गई है, इसकी जानकारी ऑनलाइन अपलोड की गई।

खिलाडी बेहतर प्रदर्शन से राज्य का नाम रौशन करें

खेल शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक विकास में सहायक : टंक राम वर्मा

रायपुर/ नवप्रदेश। क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता के समापन अवसर पर राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने प्रतिभागी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं, जो न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक विकास में भी अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि जो खेलना जानता है, वही जीवन को भी सुंदर ढंग से जीना जानता है।

विद्यालय में भारतीय संस्कृति व राष्ट्रप्रेम सिखाई जाती है

क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का 13 से 15 अक्टूबर तक रायपुर के रोहणीपुरम में आयोजित हुआ। मंत्री श्री वर्मा ने राष्ट्रीय स्तर पर चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि खिलाडी बेहतर प्रदर्शन विद्यालय, शहर, राज्य का नाम रौशन करें। साथ ही उन्होंने चयनित न हो पाने वाले विद्यार्थियों को निराश न होकर और बेहतर प्रदर्शन के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी। मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि मैं स्वयं सरस्वती शिशु मंदिर में नहीं पढ़ पाया, क्योंकि मेरा गांव बहुत छोटा था और वहां प्राथमिक शाला ही थी, लेकिन मेरे बच्चे इस विद्यालय से पढ़े हैं। इस विद्यालय में भारतीय संस्कृति के साथ ही साथ राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीयता की भावना सिखाई जाती है।

हारकर बैठ जाना सबसे बुरा होता है

मंत्री वर्मा ने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास बनाए रखने का संदेश देते हुए कहा कि हम जैसा सोचते हैं, वैसा बनते हैं। मान लें तो हार है, ठान लें तो जीत है। हारने से बुरा नहीं, लेकिन हारकर बैठ जाना सबसे बुरा है। एक जीत से कोई सिकंदर नहीं होता और एक हार से कोई भिखारी नहीं बनता। अंत में उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए पंक्तियाँ सुनाईं फ्लक्ष्य न ओझल होने पाए, कदम मिलाकर चल, मंज़िल तेरी पग चूमेगी, आज नहीं तो कल। इस अवसर पर विद्यालय परिवार, शिक्षकगण, अभिभावक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

बस्तर के आसना में खुलेगा राज्य का पहला वन विज्ञान केन्द्र

संचालन के लिए सलाहकार समिति बनी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में बस्तर वन मंडल के आसना में राज्य के पहले वन विज्ञान केन्द्र की स्थापना की जायेगी। राष्ट्रीय कैम्पा मिशन भारत सरकार द्वारा इसकी स्वीकृति दे दी गई है। राष्ट्रीय कैम्पा की 23वीं क्रियान्वयन समिति की बैठक में पायलट बेसेस पर झारखंड, छत्तीसगढ़, उड़िसा, महाराष्ट्र, उत्तराखंड और मध्यप्रदेश में एक-एक वन विज्ञान केन्द्र शुरू करने का निर्णय लिया गया है। छत्तीसगढ़ में बस्तर के आसना में वन विज्ञान केन्द्र शुरू होगा। इसके संचालन, प्रशिक्षण और पाठ्यक्रमों के निर्धारण के लिए मुख्य वन संरक्षक जगदलपुर वृत्त की अध्यक्षता में प्रदेश स्तरीय सलाहकार समिति का गठन किया गया है। इस समिति में 8 विषय विशेषज्ञों को भी शामिल किया गया है।

वन विज्ञान केन्द्र की सलाहकार समिति में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति डॉ. गिरिश चंदेल सहित जशपुर के राजेश गुप्ता, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर के सह-प्राध्यापक डॉ. संजीवन कुमार, रायपुर के गिरीश कुबेर,राजीव शर्मा, डॉ. एम.एल. नायक, सुबोध मनोहर पांडे और पूणे महाराष्ट्र के डॉ. राहुल मुंगीकर को शामिल किया गया है। सरगुजा वृत्त के मुख्य वनसंरक्षक भी समिति के सदस्य होंगे। बस्तर के वन मंडलाधिकारी को समिति का सदस्य सचिव मनोनित किया गया है। समिति में नामांकित विषय विशेषज्ञों को वन विज्ञान केन्द्र के संचालन, प्रशिक्षण और पाठ्यक्रम निर्धारण में सहयोग के लिए किसी प्रकार का मानदेय या वेतन नहीं दिया जायेगा।

नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन की ऑनलाईन तिथि तीन दिन बढ़ी

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य के नर्सिंग महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवनेदन करने की तिथि तीन दिन बढ़ा दी गई है। विद्यार्थी अब 17 अक्टूबर शाम पांच बजे तक नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन भर सकेंगे। नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए काउंसलिंग समिति के अध्यक्ष ने इस बारे में सूचना भी जारी कर दी है। इस वर्ष 2025 में काउंसलिंग के जरिए बी.एस.सी. नर्सिंग, एम.एस.सी. नर्सिंग, पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग, और पोस्ट बेसिक डिप्लोमा इन साईकियाट्रिक नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया जाएगा। पहले इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 14 अक्टूबर थी।

प्रदेश में अब तक 1213.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में अब तक 1213.8 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा स्थापित राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त प्रदेश में अब तक बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1659.7 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। बेमेतरा जिले में सबसे कम 554.0 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है। रायपुर संभाग में रायपुर जिले में 1159.6 मि.मी., बलौदाबाजार में 1004.8 मि.मी., गरियाबंद में 1234.9 मि.मी, महासमुंद में 1065.1 मि.मी. और धमतरी में 1149.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। बिलासपुर संभाग में बिलासपुर जिले में 1205.1 मि.मी., मुंगेली में 1183.0 मि.मी., रायगढ़ में 1396.7 मि.मी., सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 1116.1 मि.मी., जांजगीर-चांपा में 1413.5 मि.मी., सक्ती में 1274.2 मि.मी., कोरबा में 1179.3 मि.मी. और गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही 1112.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। दुर्ग संभाग में दुर्ग जिले में 948.2 मि.मी., कबीरधाम में 892.0 मि.मी., राजनांदगांव में 1012.5 मि.मी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 1462.0 मि.मी., खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 919.1 मि.मी. और बालोद में 1317.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है।

वन अपराधों के अभियोजन पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ

रायपुर/नवप्रदेश। बलौदाबाजार वनमंडल कार्यालय में आज से वन अपराध और वन्यजीव संरक्षण से जुड़ी दो दिवसीय कार्यशाला की शुरुआत हुई। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम वनमंडलाधिकारी धम्मशील गणवीर के निर्देशानुसार और बारनवापारा अभ्यारण्य के अधीक्षक कृषानू चन्द्राकार के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन वनमंडलाधिकारी धम्मशील गणवीर ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि वन अपराधों की जांच और अभियोजन प्रक्रिया को कानूनी रूप से मजबूत बनाना वन सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है। प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी को इसकी पूरी जानकारी होनी चाहिए।

प्रशिक्षण के पहले दिन चार सत्र आयोजित किए गए। पहले सत्र में श्री कृषानू चन्द्राकार ने 'वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972' के इतिहास, उद्देश्य और प्रमुख बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी। दूसरे सत्र में श्री आर. पी. साहू, सेवानिवृत्त उपवनमंडलाधिकारी ने अधिनियम की महत्वपूर्ण धाराओं को व्यावहारिक उदाहरणों के साथ समझाया। तीसरे सत्र में श्री किशोर वासनिक, एसडीओ पुलिस, कसडोल ने बताया कि वन्यजीव अपराधों की जांच में कौन-कौन सी सामान्य गलतियाँ हो जाती हैं। उन्होंने साक्ष्य एकत्र करने और दस्तावेजों की शुद्धता पर विशेष बल दिया। अंतिम सत्र में श्री यशवंत साहू, अधिवक्ता (हाईकोर्ट, बिलासपुर) ने 'भारतीय न्याय संहिता' और 'भारतीय न्याय प्रक्रिया संहिता' की महत्वपूर्ण धाराओं की जानकारी दी।

इस प्रशिक्षण में वनमंडल के सभी परिक्षेत्रों के अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। सभी प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण के दौरान सक्रिय रूप से भाग लिया।

बस्तर ओलंपिक-2025 की तैयारियां जोरों पर, 3.09 लाख खिलाड़ियों ने कराया पंजीयन

बस्तर ओलंपिक की ख्याति पूरे देश में, यह मात्र क्षेत्रीय आयोजन नहीं: अरुण साव

रायपुर/नवप्रदेश। बस्तर संभाग के सभी विकासखंडों में आयोजित होने वाले बस्तर ओलंपिक-2025 की तैयारियाँ जोरों पर हैं। उप मुख्यमंत्री तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री अरुण साव ने वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों तथा बस्तर संभाग के सभी जिला खेल अधिकारियों की बैठक लेकर इसकी तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने बस्तर ओलंपिक के व्यापक और सुव्यवस्थित आयोजन के लिए विकासखंड स्तरीय आयोजनों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने खेल मैदानों की उपलब्धता, उनकी मैपिंग, भोजन, यातायात, आवास, प्राथमिक चिकित्सा, निर्णायकों एवं रेफरियों की व्यवस्था के साथ ही सभी मूलभूत जरूरतों की अग्रिम तैयारी सुनिश्चित करने को कहा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिवयशवंत कुमार और संचालक तनूजा सलाम भी समीक्षा बैठक में उपस्थित थीं। बस्तर संभाग के सभी जिला खेल अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

नवा रायपुर स्थित विश्राम भवन में आयोजित बैठक में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बस्तर ओलंपिक में भागीदारी के लिए अब तक तीन लाख नौ हजार से अधिक खिलाड़ियों ने अपना पंजीयन कराया है। इनमें कांकेर जिले के 42 हजार 228, कोंडागांव के 43 हजार 333, दंतेवाड़ा के 44 हजार 395, नारायणपुर के 46 हजार 074, बस्तर के 52 हजार 312, बीजापुर के 40 हजार 437 तथा सुकमा जिले के 40 हजार 830 प्रतिभागी शामिल हैं। विगत 22 सितम्बर से बस्तर ओलंपिक के लिए पंजीयन की शुरूआत की गई थी। खिलाड़ियों के पंजीयन का काम आगामी 20 अक्टूबूर तक जारी रहेगा। बस्तर ओलंपिक का विकासखंड स्तर पर आयोजन 25 अक्टूबर से 5 नवम्बर तक, जिला स्तरीय आयोजन 5 नवम्बर से 15 नवम्बर तक तथा संभाग स्तरीय आयोजन 24 नवम्बर से 30 नवम्बर तक किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बैठक में बस्तर ओलंपिक की पंजीयन प्रक्रिया एवं व्यापक प्रचार-प्रसार की समीक्षा की।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित,
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com